


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 हर्षल पटेल देश के सर्वश्रेष्ठ डेथ...

मस्क ने 44 अरब डॉलर से कम... 12



वर्ष : 13 | अंक : 01 | नई दिल्ली, बुधवार, 18 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, द्वितीय, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल छाए रहेंगे साथ ही लू चलने के भी असार हैं।

**पोल**

**क्या ज्ञानवापी मस्जिद में मिली शिवलिंग वाली जगह सील करने का फैसला सही हैं ?**

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,230 |
| चांदी | 61,550 |
| सेंसेक्स | 54,318 |
| निफ्टी | 16,259 |

# 5 जी सेवा की शुरूआत जल्द, दशक के अंत तक 6जी सेवा : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इस दशक के अंत तक देश में 6जी सेवा आरंभ हो पाए, इसके लिए सरकार की ओर से कोशिशें आरंभ हो गई हैं और एक कार्य बल देश में 3जी और 4जी सेवा उपलब्ध है और अगले कुछ महीनों में 5जी सेवा की शुरूआत किए जाने की तैयारी है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के रजत जयंती समारोह को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अगले डेढ़ दशकों में 5जी से देश की अर्थव्यवस्था में 450 अरब डॉलर का

- अर्थव्यवस्था में 450 अरब डॉलर का योगदान होने वाला है और इससे देश की प्रगति और रोजगार निर्माण को मिलेगी गति

योगदान होने वाला है और इससे देश की प्रगति और रोजगार निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में संपर्क यानी कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी।



**5जी से तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था**

- मोदी ने यह भी कहा कि अगले डेढ़ दशकों में 5जी से देश की अर्थव्यवस्था में 450 अरब डॉलर का योगदान होने वाला है। इससे देश की प्रगति और रोजगार निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में संपर्क यानी कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर एक डाक टिकट भी जारी किया और आईआईटी मद्रास के नेतृत्व में कुल आठ संस्थानों द्वारा बहु-संस्थान सहयोगी परियोजना के रूप में विकसित 5जी टेस्ट बेड की भी शुरूआत की।

# ज्ञानवापी पर 'सुप्रीम' आदेश

## शिवलिंग वाली जगह रहेगी सील, सिर्फ 20 लोगों को होगी नमाज की इजाजत

**फैसला**

- परिसर में जिस जगह शिवलिंग मिला है, उस जगह को सुरक्षित रखा जाए
- अदालत ने यह भी कहा कि लोगों को नमाज अदा करने से रोका न जाए
- वजू खाना में प्रवेश प्रतिबंधित है और इसका उपयोग नहीं किया जाएगा
- 19 मई को अगली सुनवाई होगी, हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष दोनों शामिल रहे



नई दिल्ली/ वाराणसी, एजेंसी

ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे को चुनौती देते हुए सर्वोच्च अदालत में अंजुमन मस्जिद कमेटी द्वारा दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि परिसर में जिस जगह शिवलिंग मिला है, उस जगह को सुरक्षित रखा जाए। लेकिन, अदालत ने यह भी कहा कि लोगों को नमाज अदा करने से रोका न जाए। अदालत ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने वाराणसी के जिलाधिकारी को उस परिसर को सील करने का निर्देश दिया जहां शिवलिंग पाया गया है। वजू खाना में प्रवेश प्रतिबंधित है और इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। केवल 20 लोगों को नमाज की अनुमति दी जाएगी। साथ ही शीर्ष अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने से सर्वोच्च अदालत ने इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस केस में निचली कोर्ट में सुनवाई चल रही है, ऐसे में जिला अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि 19 मई को अगली सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष दोनों शामिल रहे।

**कोर्ट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र हटे**



- ज्ञानवापी मामले में अजय कुमार मिश्र को कोर्ट कमिश्नर के पद से से हटा दिया गया है। एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाया था। कमिशन के काम में रुचि नहीं लेने और मीडिया में सूचनाएं लीक करने के आरोप लगने के बाद उनपर यह कार्रवाई की गई है। अब विशाल सिंह और अजय प्रताप सिंह सर्वे रिपोर्ट दाखिल करेंगे। इसके लिए दो दिन का समय दिया गया है। तालाब से मछली हटाने और दीवार गिराने वाली अर्जी पर बुधवार को फैसला होगा।

**यथास्थिति का आदेश दिया जाए : अहमदी**



- कमेटी की ओर से पेश वकील अहमदी ने इस दौरान शीर्ष अदालत से मांग की कि वह इस मामले में सर्वे और कोर्ट कमिशन की नियुक्ति पर रोक लगाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्लेसेज ऑफ वर्शिप ऐक्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसके सेक्शन 3 में यथास्थिति की बात कही गई थी।

**रिपोर्ट पेश करने के लिए दो दिन वक्त,**

**कुछ मुद्दों पर सहायता की जरूरत : मेहता**

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूपी सरकार को कुछ मुद्दों पर उनसे सहायता की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट में अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने वाराणसी कोर्ट की ओर से सर्वे कराए जाने के आदेश को चुनौती दी, जिसके तहत परिसर की वीडियोग्राफी की जा रही है।

इससे पहले कोर्ट की ओर से नियुक्त स्पेशल कमिशन ने मंगलवार को ज्ञानवापी मस्जिद सर्वे रिपोर्ट को पेश करने के लिए दो दिन की मोहलत मांगी थी। असिस्टेंट कोर्ट कमिश्नर अजय प्रताप सिंह ने कहा, 'रिपोर्ट पेश करने के लिए दो दिन के समय की मांग की गई है। इसके पीछे की वजह 15 घंटे की वीडियोग्राफी और करीब 1500 फोटो बताई जा रही है। यह डेटा इतना ज्यादा है कि इसकी फाइल अभी नहीं बनाई जा सकी है।

**फिर सर्वे की मांग**

हिंदू पक्ष की तरफ से एक बार फिर ज्ञानवापी में सर्वे की मांग की गई है। इसके लिए मंगलवार को कोर्ट में नई एप्लिकेशन दी गई है। ज्ञानवापी परिसर की कुछ दीवारों को गिराकर सर्वे कराने की मांग की गई है। यह आवेदन रेखा पाठक, मंजू व्यास और सीता साहू की ओर से दी गई है। इसके साथ ही मलबे की सफाई की भी मांग की गई है।

## गेहूं निर्यात प्रतिबंध के आदेश में दी ढील

**नई दिल्ली** केंद्र सरकार ने गेहूं के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध के आदेश में कुछ ढील देने का मन बनाया है। सरकार के ओर से यह घोषणा की गई है कि 13 मई से पहले जो भी गेहूं की खेप कस्टम विभाग को सौंप दी गई थी। या फिर उसका विवरण उनके सिस्टम में दर्ज कर लिया गया है। ऐसी गेहूं की खेपों को निर्यात करने की अनुमति दी जाएगी। गेहूं निर्यात के प्रतिबंध में ढील देते हुए सरकार ने मिस्त्र को दी जाने वाली गेहूं शिपमेंट को भी अनुमति दे दी है। गेहूं की यह खेप कांडला पोर्ट पर लोड हो रही थी, जिसे प्रतिबंध के बाद रोक दिया गया था। मिस्त्र सरकार की सरकार ने भी भारतीय सरकार से कांडला पोर्ट पर लोड हो रही गेंहू की खेप को अनुमति देने का आग्रह किया था। सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक यह प्रतिबंध उन मामलों में भी लागू नहीं होगा जहां निजी व्यापार द्वारा क्रेडिट पत्र के जरिए पूर्व में प्रतिबद्धताएं की गई हैं। साथ ही ऐसी स्थिति जहां सरकार ने स्वयं अन्य देशों की सरकारों के अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने की अनुमति दी है।

# 'भूमाफिया, आदतन अपराधी हैं आजम खान'

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खां को भूमाफिया बताते हुए सर्वोच्च न्यायालय में जमानत का विरोध किया है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे एएसजी ने आजम खां को आदतन अपराधी बताया है। सरकार की ओर से अदालत में पेश अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आजम खान पहले ही भूमि कब्जाने के मामले में जांच अधिकारी को धमकी दे चुके हैं। जस्टिस एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष उन्होंने कहा, 'आजम खान भूमाफिया हैं। उनके खिलाफ लोगों ने निजी तौर पर शिकायतें दर्ज कराई हैं। वह आदतन अपराधी हैं। हर चीज में उन्होंने धोखाधड़ी की है।'

**जमानत पर फैसला सुरक्षित**

उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि आजम खान अदालत से अंतरिम बेल की मांग कर रहे हैं, लेकिन इसकी परमिशन नहीं मिलनी चाहिए। अधिवक्ता ने कहा, 'उनके ऊपर कई ऐसे मुकदमे भी दर्ज हैं, जिनमें उम्रकैद तक की सजा का प्रावधन है। उन पर पहले से दर्ज मामलों पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि वह आदतन अपराधी और भूमाफिया हैं।' यूपी सरकार की ओर से कहा गया कि भले ही आजम खान नेता हैं, लेकिन इसके आधार पर उन पर दर्ज मामलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केस की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार के अधिवक्ता से कहा कि राज्य सरकार एक मामले में आजम खान को बेल और दूसरी में जेल नहीं दे सकती।


विस्तृत समाचार पृष्ठ 8 पर


# सीबीआई के फेर में 'चिदंबरम' परिवार

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता

**आरोप**

- कार्ति पर 50 लाख रुपये में 250 चीनियों को भारत का वीजा दिलाने का आरोप, मामला दर्ज

पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री एवं वित्त मंत्री रहे, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम के ठिकानों पर मंगलवार सुबह सीबीआई ने छापामारी के बाद मामला दर्ज कर लिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जहां पर छापा मारा है, उनमें पी. चिदंबरम का दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास और चेन्नई का निवास स्थान भी शामिल है। कार्ति चिदंबरम के कई दूसरे ठिकानों पर जांच एजेंसी ने दस्तक दी है। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि उन्होंने 2008 से 2012 के बीच 250 चीनियों को पंजाब के 'तलवंडी साबो पावर लिमिटेड प्रोजेक्ट' पर काम करने के लिए वीजा दिलाने में मदद की थी। इसके लिए कथित तौर से पचास लाख रुपये की घूस ली गई थी। तब कार्ति चिदंबरम के पिता पी. चिदंबरम देश के गृह मंत्री थे।


विस्तृत समाचार पृष्ठ 12 पर


## संक्षिप्त खबर

**अब लखनऊ का बदलेगा नाम ?**

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ का नाम बदलने के अटकलें लगनी शुरु हो गई हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में सीएम योगी के एक ट्वीट से लखनऊ का नाम बदले जाने की अटकलें लगने लगीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट में लिखा, 'शेषावतार भगवान श्री लक्ष्मण जी की पावन नगरी लखनऊ में आपका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन।' बता दें कि सीएम योगी ने यह ट्वीट अमौसी एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए खींची गई फोटो को टैग करते हुए किया है। इस ट्वीट के बाद यह सवाल उठने लगा है कि लखनऊ का नाम लक्ष्मण जी के नाम पर किया जा सकता है। यह अटकलें इसलिए भी लगाई जा रही हैं, क्योंकि इससे पहले लखनऊ का नाम बदलकर लखनपुरी, लक्ष्मणपुरी और लखनपुर करने की मांग उठाई जा चुकी है।

**गोरखपुर, नोएडा, कानपुर व आगरा बनेंगे रेडीमेड गारमेंट के हब**

लखनऊ। अगले पांच सालों में उत्तर प्रदेश को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही योगी सरकार ने कभी पूरब का मैनचेस्टर कहे जाने वाले कानपुर,ताजनगरी आगरा,नोएडा और गोरखपुर में रेडीमेड गारमेंट उद्योग को प्रोत्साहन देने की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। अपर मुख्य सचिव निर्यात प्रोत्साहन, खादी एवं ग्रामोद्योग नवनीत सहगल ने मंगलवार को बताया कि राज्य में बनने वाले हथकरघा और रेडीमेड वस्त्र देश के कोने कोने में लोकप्रिय रहे हैं। योगी सरकार ने इस गौरवशाली परंपरा को और समृद्ध करते हुए प्रदेश के कई जिलों में रेडीमेड गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है जिसके तहत न सिर्फ नई इकाइयां लगेगी बल्कि इन इकाइयों में निर्मित उत्पादों का निर्यात भी किया जायेगा।

## मुंडका अग्निकांड : उ.दिल्ली नगर निगम के 3 अधिकारियों पर गाज गिरनी तय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी दिल्ली के मुंडका की एक इमारत में शुक्रवार को लगी आग में 27 लोगों को जिंदा लील लेने वाले अग्निकांड में दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की तैयारी है। मिली ताजा जानकारी के मुताबिक, मुंडका अग्निकांड में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के 3 अधिकारियों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। वहीं, पहली बार 2011 में अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार जूनियर इंजीनियर पर कार्रवाई होगी। मिली जानकारी के अनुसार फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी। जाहिर है कि यह सब स्थानीय निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से ही हुआ होगा। ऐसे में वे लोग अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। आरोपितों को कार्रवाई के दायरे में भी लाया जाएगा।

**कार्रवाई**

- जूनियर इंजीनियर, लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर व जोनल प्रशासनिक अधिकारी तथा अतिरिक्त उपायुक्त पर भी लटक रही कार्रवाई की तलवार

निगमायुक्त संजय गोयल के शनिवार को 48 घंटे में जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा था। क्षेत्रीय उपायुक्त ने रिपोर्ट अतिरिक्त आयुक्त को भेज दी है। चूंकि सोमवार को सरकारी छुट्टी थी। ऐसे में निगम का मुख्यालय न खुलने की वजह से निगमायुक्त तक रिपोर्ट नहीं पहुंच पाई है। मंगलवार को दफ्तर खुलते ही निगमायुक्त के हस्ताक्षर के साथ कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इलाके के लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर और जोनल प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

**आपदा** उत्तर भारत में गर्मी से कोहराम

# पूर्वोत्तर में बारिश, बाढ़ का कहर



नई दिल्ली/ डिब्रूगढ़, एजेंसी

उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। राजधानी दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में भयंकर लू चल रही है। दूसरी तरफ देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नॉर्थईस्ट में हो रही भारी बारिश की वजह से कम से कम आठ लोगों की जान चली गई। अधिकारियों के मुताबिक असम के डीमा हसाओ जिले में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से कई रेलवे स्टेशन बंद रहे। उन्होंने कहा कि विपरीत हालात में सुदूर इलाकों में रहने वाले करीब दो लाख लोगों का संपर्क बाकी राज्य से कट गया। पानी के तेज बहाव की वजह से पुल और सड़कें या तो टूट गए या बह गए। लोगों की मदद के लिए सेना ने हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं। बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में भी भारी बारिश और कटाव की वजह से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। राज्य की राजधानी ईटानगर में एक घर ढहने की वजह से दो की मौत हो गई। इसके अलावा भूस्खलन की वजह से दो मजदूरों की मौत हो गई।

**24 जिले बाढ़ की चपेट में**

असम के कछार, चराईदेव, दरांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़ और दीमा हसाओ सहित 24 जिलों में अब तक 2 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने केरल के 4 जिलों में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश के कारण कई जिलों में सड़कें, पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फसलों तबाह हो गई हैं। कछार जिले में बाढ़ से दो मौतें हो गई हैं, जबकि दीमा हसाओ में लैंडस्लाइड के कारण तीन मौतें हुई हैं।




देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### गुरुआ में 24 घंटे के बाद भी BSNL नेटवर्क खराब रहने से उपभोगता के बीच बढ़ी परेशानी

गुरुआ। सोमवार के तकरीबन 4 बजे से BSNL नेटवर्क में तकनीकी दिकत आने से दूसरे दिन मंगलवार 4 बजे तक खबर लिखे जाने तक नेटवर्क प्रॉब्लम में सुधार नहीं होने से बीएसएनएल उपभोक्ताओं के बीच काफी परेशानी आखडी होचूकी है। नेटवर्क नही रहने से लोग अपने से दूर के परिचितों से संपर्क नही साध पा रहे हैं। जिसको लेकर इंलोगो के बीच काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही मेल एवम व्हाट्सएप को चलाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इतनी सारी दिकत आने के बाद भी बीएसएनएल नेटवर्क के अधिकारियों के द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बारात जा रहे बाइक सवार युवक को गड्ढे में गिरने से हुई मौत

पालीगंज। सोमवर की देर रात थाना क्षेत्र के मूराखाड के पास बाइक से बारात जा रहे युवक की मौत सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से हो गयी। जानकारी के अनुसार कोरिया पाली निवासी बजरंगी यादव का 22 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार कुछ दिन पूर्व अपने ननिहाल दुल्हीन बाजार थाना क्षेत्र के सोनियामा गांव में आया हुआ था। वह सोमवार की देर शाम अपने संबंधी के शादी में शामिल होने के लिए बाइक बाइक पर सवार होकर अपने ननिहाल से दुल्हिन बाजार जा रहा था। इसी बीच वह पालीगंज थाना क्षेत्र के मुराखाड के पास पहुंचा ही था कि उसका बाइक अचानक अनियंत्रण हो कर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में चला गया। इस हादसे में रंजन कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही ग्रामीणों के सहयोग से मृतक की शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया।

### सड़क हादसे में बाईक सवार पति पत्नी घायल

आमस। आमस थाना क्षेत्र के नारायणपुर मोड़ के पास जीटी रोड पर मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में शिवबालक बालिका प्रोजेक्ट स्कूल की शिक्षिका झांती कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। साथ में रहे शिक्षक पति अनूप कुमार व उनका पुत्र भी साधारण रूप से घायल हो गये। इन्हें स्थानीय लोगों ने मदनपुर के सीएचसी में भर्ती कराया। इलाज के बाद इनकी स्थिति में सुधार बतायी जाती है। नारायणपुर मिडिल स्कूल के हेडमास्टर प्रभात सिंह ने बताया कि तीनों बाइक से मनदपुर से स्कूल जा रहे थे।

## स्काउट-गाइड के पांच दिवसीय स्वच्छता अभियान का राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन

**जहानाबाद।** स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में पांच दिवसीय स्वच्छता अभियान का राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्काउट और गाइड के छात्र-छात्रा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचा कर लोगों को स्वच्छ रहें स्वस्थ रहें का संदेश कुशलतापूर्वक दिए हैं। स्काउट और गाइड देश सेवा, समाज सेवा निस्वार्थ भाव से करते है। स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण बृहद रूप से चलाने में सहयोग का योजना बनाकर हमारे पास दीजिए। हम अपने स्तर से इसके विकास के लिए निश्चित रूप से सहयोग करूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विद्यासागर ने कहा कि प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं में नैतिक, चारित्रिक और सामाजिक गुणों का विकास होता है। जिला स्तर पर एक प्रशिक्षण केंद्र बनाने की आवश्यकता है, ताकि छात्र- छात्रा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने की। वहीं स्काउट-गाइड के कार्य में सहयोग देने वाले राजीव कुमार, शुभम कुमार, अमर कुमार, सनी कुमार, वैष्णवी केसरी, स्वीटी कुमारी पूजा कुमारी को सम्मानित किया गया।

# डीएम ने जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक में दिए कई निर्देश

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मौसम एवं फसल स्थिति, उर्वरक, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, हर खेत को पानी, खेत में जल संचयन आदि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने उर्वरक की अद्यतन भण्डार स्थिति के बारे में पृच्छा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक यूरिया उर्वरक प्राप्ति के कुल लक्ष्य 14000 मे0 टन के विरूद्ध 720.00 मे0 टन की प्राप्ति हुई है। जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने जीरो टॉलरेंस नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित करने को लेकर जिले के लिए अधिसूचित उर्वरक निरीक्षकों से लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया तथा पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की हिदायत दी गई। जिलाधिकारी ने मौसम एवं फसल स्थिति के बारे में पृच्छा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मौसम एवं फसल स्थिति सामान्य है। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि केसीसी कार्डधारियों का डाटा अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान निधि सम्मान योजना पर विशेष ध्यान

**बैठक**

● बैठक में मौसम एवं फसल स्थिति उर्वरक, उद्यान, विद्युत, आदि योजनाओं की समीक्षा की गई

रखते हुए सभी लंबित आवेदनों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही बाढ़ के पूर्व तैयारियों के अंतर्गत फसल क्षति होने पर मुआवजा राशि देने तथा कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आच्छादित करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, उदेरास्थान, परियोजना, सहायक निदेशक, उद्यान, उप परियोजना निदेशक, आत्मा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम ने आपूर्ति, सीएमआर एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आपूर्ति, सीएमआर, सहकारिता एवं राज्य खाद्य निगम की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपर्युक्त विभागों में कार्यरत मानव बल की अद्यतन स्थिति, निर्धारित लक्ष्य, लक्ष्यों की आपूर्ति तथा कार्यक्षमता को प्रभावित करने वाले बिंदुओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आपूर्ति विभाग से संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स को जोड़कर सक्रिय रुप से ससमय समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे ताकि निरंतर अनुश्रवण किया जा सके। इसके साथ ही बताया गया कि लोकसेवा अधिकारों के अंतर्गत लगभग 3502 मामलें लंबित है जिसके आलोक में जिलाधिकारी ने निदेश दिया गया कि त्वरित रूप से सत्यापन करते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर दो सप्ताह के अंदर निष्पादित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निदेश दिया गया कि पीडीएस दुकानों के रद्दीकरण के लिए लंबित मामलों को नियमानुसार उपस्थापित करें तथा जप्ती एवं नीलामी के लिए लंबित मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निर्देश दिया कि छापेमारी और निरीक्षण को जारी रखेंगे तथा पीडीएस दुकानदारों की अद्यतन सूची तैयार करेंगे एवं वेइंग मशीन का सत्यापन भी सुनिश्चित करें।

## भीषण गर्मी में भी चौबीस घंटे में चार से छह घंटे बिजली कटने से गयावासी बेहाल: संघर्ष समिति

**गया।** प्रत्येक घंटा में दस से पंद्रह मिनट यानी चौबीस घंटे में चार से छह घंटे बिजली कटौती से गयावासी इस भीषण गर्मी में बेहाल है, त्राहि त्राहि कर रहे हैं। गया महानगर विकास संघर्ष समिति के संयोजक प्रो विजय कुमार मिठू, संरक्षक पूर्व सांसद रंजीत सिंह उर्फ रंग बाबू, पूर्व विधायक मो खान अली, राम प्रमोद सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रो अमरेंद्र कुमार सिंह मंटू, राम नरेश सिंह पयोद, प्रो विश्वनाथ कुमार, शिव चरण डालमिया, उदय शंकर पालित, सैयद असरफ इमाम, डा अहमद हुसैन मक्की, श्रवण पासवान, सुरेंद्र मांझी आदि ने कहा की 46ट डिग्री की भीषण गर्मी में भी घंटा में दस से बीस मिनट तक कभी, कभी तो आधा घंटा तक बिजली कटने से आमजन त्राहि, त्राहि कर रहे है, रात्रि में घंटे, घंटे बिजली कटने से लोग ठीक से सो भी नहीं पा रहे है। नेताओ ने कहा कुछ दिनों पहले ये बात सामने आई थी की विद्युत उत्पादन केंद्रों में कोयले की कमी के कारण उत्पादन ठप है, जिसकी भरपाई हेतु सैकड़ों पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर मालगाड़ी चला कर कोयला भेजने की बाते मीडिया में प्रमुखता से आई थी जो केंद्र सरकार के सामने बड़ा प्रश्न है की ऐसा क्यों हो रहा है, आखिर प्रचुर मात्रा में देश में कोयला रहने के बाद भी विद्युत उत्पादन केंद्रों तक समय पर कोयला नहीं पहुंचना बेहद निगलेजेंसी कही जाएगी।

## पूमरे महिला कल्याण संगठन ने 145 रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत




हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती शर्मा ने आज वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में आयोजित 'श्रमिक दिवस पुरस्कार समारोह-2022' में पांचों मंडलों, निर्माण संगठन एवं मुख्यालय के 145 रेलकर्मियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पुरस्कृत रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए संगठन की अध्यक्षा भारती शर्मा ने कहा कि रेल संचालन में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन सम्मानित करती है। ऐसे ही निष्ठावान कर्मचारियों के सराहनीय योगदान से भारतीय रेल यात्रियों को सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से गंतव्य तक पहुंचाती है।

शर्मा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी रेल कर्मचारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्षन किया है। सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को उपहार एवं प्रषस्ति पत्र दिया गया। पुरस्कृत रेलकर्मियों में 20 महिला रेलकर्मी भी शामिल थीं। इस अवसर पर संगठन की सचिव श्रीमती सीमा गोयल, पांचों मंडलों के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा एवं अन्य सदस्यायें भी उपस्थित थीं।

## मसान नदी के कटाव से बचाव को लेकर चैनल गाइड बांध बनकर तैयार

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता



बगहा अनुमंडल अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के सलहा बरिअरवा पंचायत के झारमहुई व रायबारी महुअवा पंचायत के लोगों ने बरसात पूर्व मसान नदी के कटाव से बचाव को लेकर श्रमदान से पायलट चैन गाईड बांध का निर्माण कार्य कराया है। ताकि मसान नदी के कटाव से झारमहुई गाँव समेत तटीय गाँवों को बचाई जा सके।

मसान नदी बाढ बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष खलीक कुरैशी, सफिउरहमान, मुखिया मो आजाद, उप सरपंच अताउर्रहमान, समाजसेवी नसीम अख्तर, आरीफ रज्जा, पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव, शंभु यादव समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने बताया कि श्रमदान से बनवाया गया पायलट चैन बांध मसान नदी के कटाव से कभी भी ध्वस्त हो सकता है। मजबूत व टिकाऊ नहीं है। जिससे मसान नदी की कटाव से पंचायत के लोग काफी चिन्तित है। उन्होंने बताया कि बांध की मरम्मत एवं पायलट चैनल बांध को और अधिक मजबूती व चौड़ा करने के साथ ही कटाव स्थल बम्बू पायलिग लगाने की मांग अनुमंडल पदाधिकारी बगहा से की है। स्थानीय समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व बाढ पीड़ितों ने कहा कि मसान नदी के पूरब दिशा स्थित शेरवा गाँव के समीप सरकारी स्तर से बांध निर्माण कराया जा रहा है। मसान नदी झारमहुई गाँव को पूर्ण रूप से प्रभावित करेगा।

मसान नदी के कटाव से बचाव को लेकर एसडीएम ने दिया सहायक अभियंता को निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी बगहा दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि मसान नदी के कटाव से

● श्रमदान से पायलट चैन गाईड बांध का निर्माण कार्य कराया

बचाव को लेकर जल निस्त्रण विभाग के सहायक अभियंता को कटाव स्थल पर 25 हजार जीओ बैग देने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि बंम्बू पायलिग भी शीघ्र लगाने का आदेश दी गई है। ताकि कटाव स्थल को मजबुती के साथ ही और अधिक टिकाऊ बनाई जा सके।

बगहा विधायक राम सिंह सलहा बरिअरवा पंचायत के झारमहुई व रायबारी महुअवा गाँव का दौरा कर मसान नदी के कटाव से बचाव को लेकर लोगों को आश्वासन दिया! कहा कि पदाधिकारियों की टीम लगातार मसान नदी के कटाव स्थल का दौरा कर बचाव को लेकर प्रयास कर रही है। झारमहुई, अजमल नगर, तमकुही, सलहा बरिअरवा, मुडिला समेत मसान नदी के तटीय इलाकों को मसान नदी के कटाव व कहर से बचाई जा सके।

## कैमूर: डीडीसी ने बायोमेट्रिक मशीन लगाने का दिया निर्देश



भभुआ (कैमूर), प्रात: किरण संवाददाता

उप विकास आयुक्त कैमूर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में बायोमैट्रिक अधिष्ठापन से संबंधित बैठक हुई। जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा हुआ। बैठक में बताया गया कि कार्यालयों में अनुशासन बनाए रखने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निमित्त कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी एवं पदाधिकारी के दैनिक उपस्थिति दर्ज करने हेतु बायोमैट्रिक व्यवस्था किया जाना है, जो आगामी 1 जून 2022 से अनिवार्य रूप से सभी कार्यालयों में प्रारंभ हो जाएगा।

इस बैठक में बायोमैट्रिक व्यवस्था अंतर्गत सभी सीएफएमएस एडमिन को अति शीघ्र बायोमैट्रिक अधिष्ठापन हेतु निर्देश दिया गया है। यह बायोमैट्रिक व्यवस्था प्रत्येक 40 कर्मी पर 1 या उससे अधिक होने पर दो लगाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्लोबल वार्मिंग, कार्बन एमिशन को लेकर पूरा देश सजग: एपी पाठक

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता

भारत सरकार के पूर्व नौकरशाह नेक्सजेंन एनर्जिया के एमडी और दिग्गज समाजसेवी अजय प्रकाश पाठक ने अपने भविष्य की योजनाओं को साझा किया। पत्रकारों से बात चीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेरा उद्देश्य एनवायरनमेंट बचाने का है। ग्लोबल वार्मिंग, कार्बन एमिशन को ले कर पूरा देश सजग हो रहा है। ऐसे में बिहार को भी सजग होना होगा। हम जल्द ही पूरे बिहार में सेव एनवायरनमेंट मूवमेंट चलाने वाले है। जिसमे हम बिहार के युवाओं से अपील करेंगे कि वो भी इस मूवमेंट का हिस्सा बनें। नेक्सजेंन एनर्जिया एक माध्यम है एनवायरनमेंट बचाने का और इकॉनमी को मजबूत करने का। ग्रीन एनर्जी प्रोड्यूस कर हम बिहार में एनवायरनमेंट को सेव करने का काम करेंगे और युवाओ को रोजगार से जोड़कर इकॉनमी को मजबूत करने का काम करेंगे। नेक्सजेन एनर्जिया का कांसेप्ट ही यही है। मुझे इसे बिहार के संदर्भ में नया आयाम देना है। एजुकेशन के संधर्भ में बात करते हुए पाठक ने कहा कि शिक्षा पर सबका हक है।ये हर इंसान की मौलिक जरूरत है। इसको सुगम बनाने का प्रयास कर रहा हूँ। भविस्य में बाबू धाम ट्रस्ट और भी शिक्षण संस्थान खोलेगी जिसमे जरूरतमन्दों के लिए शिक्षा को सुगम बनाने का काम होगा। रोजगार परक ट्रेनिंग दिलाने का काम भी बाबू धाम ट्रस्ट के माध्यम किया जाएगा। आपको बता दे अजय प्रकाश पाठक वाहिद एक ऐसे समाजसेवी हैं जो पूरे बिहार में एनवायरनमेंट को ले कर अकसर बात करते रहते है। स्वच्छता को ले कर भी इनकी संस्था बाबू धाम ट्रस्ट ने काम किया है। गौर तलब बात ये होगी कि बिहार में नेक्सजेंन एनर्जिया को लोग कैसे लेते है।

## भगवान भागीरथ पाठात्मक होमात्मक महायज्ञ को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा

पालीगंज, प्रात: किरण संवाददाता

पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के समदा गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्री भगवान भागीरथ पाठात्मक होमात्मक महायज्ञ को लेकर मंगलवार को बाजे गाजे व घोड़े के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के पुनपुन नदी के किनारे स्थित समदा गांव में ग्रामीणों की ओर से धार्मिक गर्न्थो के अनुसार मां गंगे को धरती पर लानेवाले महान आत्मा श्री भगवान भागीरथ की मंदिर निर्माण कराई जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों की ओर से समदा गांव में नौ दिवसीय श्री भगवान भागीरथ पाठात्मक होमात्मक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसके दौरान मंगलवार को बाजे गाजे व घोड़ो के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसके दौरान 12 सौ श्रद्धालुओ ने अपने माथे पर कलश धारण कर कतारबद्ध चल रहे थे। यह यात्रा यज्ञस्थल से चलकर



● बाजे गाजे व घोड़ो के साथ शोभा यात्रा निकाली गई

समदा गांव स्थित पुनपुन नदी घाट पहुंची। जहां पंडित अयोध्यावासी आचार्य बसंत शास्त्री ने पूरे बिधि विधान के साथ श्रद्धालुओ को जलभरी कराया। जहां से श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश धारण कर बसंत बिगहा गांव स्थित सूर्य मंदिर पहुंचकर परिक्रमा किया व मदारीपुर, पतौना व जरखा गांव होते हुए समदा गांव स्थित यज्ञस्थल पर पहुंचे। जहां यज्ञाधीश अयोध्यावासी श्रीधर स्वामी ने पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ की शुरूआत कराया। पूरे कार्यक्रम के आयोजन में ग्रामीण वरुण चौहान, विजय कुमार, सुधीर कुमार, कॉंग्रेस बिंद, अवधेश भगत तथा अखिलेश कुमार सहित अन्य सैकड़ो लोगो ने सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभाते दिखाई दिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यकर्ता विजय कुमार ने बताया कि इस यज्ञ कार्यक्रम की अवधि 17 मई से 25 मई तक निर्धारित किया गया है। जिसके दौरान प्रत्येक दिन संध्या 7 बजे से संध्या 9 बजे तक आचार्य बसंत शास्त्री की प्रवचन तथा रात्रि 9 बजे से 12 बजे रात तक अयोध्या के कलाकारों द्वारा रामलीला प्रस्तुत किया जाएगी। वही यज्ञ के समापन के दिन श्री भगवान भागीरथ मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जाएगा।

## पं चम्पारण में 20-21 मई को जॉब कैंप का आयोजन

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता

जिला नियोजनालय, पश्चिम चम्पारण के प्रांगण में दिनांक-20.05.2022 एवं 21.05.2022 को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। 20-21 मई को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकरी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा समर्पित कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी, मो0 तौसीफ क्याम द्वारा बताया गया है कि श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है कि जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इस निमित जिला नियोजनालय के तत्वाधान में कई बार जॉब कैम्प लगाते हुए कई बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

● 700 एनएपीएस एप्रेंटिस पद पर होनी है बहाली

इसी क्रम में दिनांक-20.05.2022 एवं 21.05.2022 को पुनः जिला नियोजनालय, पश्चिम चम्पारण के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि जॉब कैम्प में लारस मेडिकेयर प्रा0 लि0, शिरोकी टेक्निको इंडिया प्रा0 लि0 तथा याजाकी इंडिया प्रा0 लि0 कंपनियां भाग लेंगी। उक्त कंपनियों द्वारा एनएपीएस एप्रेंटिस के कुल-700 पदों पर बहाली की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को सोनीपत, हरियाणा, राजस्थान में कार्य करना होगा तथा उचित मानदेय देय होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की गयी है कि उक्त कंपनियों में एनएपीएस एप्रेंटिस पद पर कार्य करने हेतु अधिक से अधिक की संख्या में जॉब कैम्प में भाग लें।

## नगर निगम को टैक्स देने के बावजूद मूलभूत सुविधा से लोग वंचित

**गया।** शहर के वार्ड नंबर 5 स्थित रामशिला महावीर बुद्धा कॉलोनी के लोग गया नगर निगम को टैक्स देने के बावजूद मूलभूत सुविधा से वंचित है कॉलोनी के लोगों का शिकायत है कि विगत 10 वर्षों से महावीर बुद्धा कॉलोनी में घर बनाकर रह रहे हैं निगम को मकान टैक्स सफाई टैक्स समय पर जमा करते हैं फिर भी कॉलोनी में सड़क तो दूर नाली गली तक नहीं बनाया गया है लोग घर के बाहर सोखता बनाकर काम चला रहे हैं और तो और कभी भी इस क्षेत्र में साफ-सफाई भी नहीं कराया गया है कॉलोनी वासी ने थक हार कर इस समस्या से निजात पाने के लिए समाजसेवी गुड्डू उर्फ रवि वर्णवाल के पास पहल करने की अपील की है गुड्डू वर्णवाल को मोहल्ले वासियों ने हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन नगर आयुक्त व जिलाधिकारी के नाम अग्रसर कार्रवाई करने के लिए सौंपा है गुड्डु उर्फ रवि बरनवाल ने कॉलोनी के निवासियों को आश्वस्त किया है कि नगर आयुक्त व जिलाधिकारी से मिलकर इन समस्याओं से अवगत कराते हुए कॉलोनी वासियों को जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है।

## जीवनशैली में बदलाव लाकर उच्च रक्तचाप को रखें नियंत्रित

बांका, प्रात: किरण संवाददाता

हर साल 17 मई को उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। अंग्रेजी में इसे हाईपरटेंशन भी कहते हैं। उच्च रक्तचाप दिवस मनाने का उद्देश्य इसके प्रति लोगों को जागरूक करना है। अघिक से अधिक लोगों को इस बीमारी के बारे में जानकारी मिल सके, ताकि वह इसकी चपेट में आने से बच सकें। समय रहते इस पर नियंत्रण पा लें। इसी को मद्देनजर रखते हुए इस बार का थीम रखा गया है अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें और लंबे समय तक जीवित रहें।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार चौधरी कहते हैं कि इस बार का थीम बिल्कुल ही सटीक है। उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए इसे नियमित तौर मापना बहुत ही जरूरी है। साथ ही उसके अनुकूल व्यवहार भी करना चाहिए। तभी आप इसे नियंत्रित कर लंबे समय तक जी पाएंगे।



जीवनशैली में बदलाव लाकर ही आप उच्च रक्तचाप को नियंत्रित कर सकते हैं। खाने-पीने से लेकर टहलने और सोने तक में अनुशासन बहुत जरूरी है। रात में पहले सोना और सुबह जल्दी उठना, इन सब बातों को ध्यान में रखने की जरूरत है, तभी इस पर नियंत्रण कर पाएंगे।

बेलगाम जीवनशैली पर लगाएं लगाम: डॉ. चौधरी कहते हैं कि उच्च रक्तचाप का सबसे प्रमुख कारण बेलगाम जीवनशैली है। खाने से लेकर सोने और उठने तक का समय निर्धारित नहीं रहना और फास्ट फूड का अधिक सेवन करना प्रमुख कारण है। लोगों को घर का खाना खाने पर जोर देना चाहिए। बाहर के खाने से परहेज करना चाहिए। साथ ही रूटीन बनाकर एक निर्धारित समय पर सोने का प्रयास करें और उठने का भी समय निश्चित कर लें। खाने में तेल-मसाले का अधिक इस्तेमाल नहीं करें। साथ ही हरी और पत्तेदार सब्जियों और फलों का अधिक से अधिक सेवन करें। ऐसा न सिर्फ जो उच्च रक्तचाप की चपेट में हैं उन्हें करना चाहिए, बल्कि सभी लोगों को अपनी जीवनशैली में इसे अपनाना चाहिए। जो चपेट में आ गए हैं, उन्हें तो बचाएगा ही। साथ में जो लोग अभी तक बचे हुए हैं, वह भी इस बीमारी की चपेट में आने से बचे रहेंगे।

प्रतिदिन 45 मिनट तक टहलें जरूर: डॉ. चौधरी कहते हैं कि आधुनिक जीवनशैली में सबसे बड़ी कमी यही है कि लोगों पर काम का अत्यधिक दबाव है। इस वजह से लोग स्वास्थ्य पर जरूरी समय नहीं दे पाते हैं। उच्च रक्तचाप होने की यह भी एक वजह है। आधुनिक जीवनशैली में एक तो समय का अभाव और ऊपर से भोजन भी अधिकतर बाहरी ही हो पाता है।

## मेधावी छात्र सम्मान समारोह में छात्रों ने मचाया धमाल

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान सचदेवा कोचिंग संस्थान द्वारा मेधावी छात्र सम्मान का आयोजन नगर भवन औरंगाबाद में किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि तेजस जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही सचदेवा के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दें धमाल मचाते चले गए। जैसे जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया रोमांच अपने चरम पर होती चली गई।

दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावक के साथ-साथ छात्र भी ताली बजा प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते दिखे। सम्मान समारोह के अंत में सचदेवा को मेधावी छात्रों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र दे उन्हें सम्मानित किया गया तथा आगे भविष्य में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। नगर भवन आज अभिभावकों एवं



● वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद श्री तेजस जयसवाल ने दीप जला किया समारोह का उद्धाटन

छात्र छात्राओं से खचाखच भरा पड़ा दिखाई पड़ा।

इस कार्यक्रम में औरंगाबाद के महानतम शिक्षाविद के साथ-साथ प्रमुख राजनीतिक हस्तियां ने भी आयोजन में शिरकत की। शिरकत करने वाले में चुलबुल सिंह प्रत्याशी उपाध्यक्ष नगर परिषद औरंगाबाद, शिव नारायण सिंह, दीपक कुमार, इत्यादि सम्मिलित रहे।

## नाला उड़ाही एवं अवैध कब्जा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधिकारी, कुंदन कुमार के निर्देश के आलोक में नगर निगम, बेतिया समेत जिले के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में मिशन मोड में नाला उड़ाही एवं नालों से अवैध कब्जा हटाने का कार्य अनवरत किया जा रहा है ताकि शहरवासियों को आसन्न बरसात के मौसम में जललमाव की समस्या से जूझना नहीं पड़े और सुगमतापूर्वक बरसात का पानी गंतव्य तक पहुंचाया जा सके।

नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया द्वारा बताया गया कि आसन्न बरसात के मद्देनजर जिला प्रशासन के सतत निगरानी में नगर प्रशासन के द्वारा दिन-रात जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन, ट्रेक्टर, ट्रक एवं आफिस स्टॉफ के साथ एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए मैन्युअल मजदूर की सहायता से नगर के मुख्य नाला के साथ सहायक नालों की सफाई करायी



● जेसीबी, पोकलेन, ट्रक, ट्रैक्टर सहित मानव बल की सहायता से जारी है कार्य

जा रही है। इस क्रम में नालों पर बने स्थाई/अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नालों का अतिक्रमण किये 40 लोगों को अतिक्रमण हटाने की नोटिस निर्गत की गई है। जबकि 25 लोगों को नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटाने के क्रम में आलोक भारती स्कूल से डोमटोली वाले रास्ते मे अतिक्रमित लगभग एक दर्जन स्थाई स्लैब एवं सीढ़ियों को हटाया गया। पुनः सन्त कबीर चौक से आगे आम्रपाली होटल के द्वारा मुख्य नाला पर 65 फीट लंबा एवं 15 फीट चौड़ा स्लैब को तोड़कर मलबे की सफाई की गई है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जारी किये गये निदेश के आलोक में नाला उड़ाही एवं नालों से अवैध कब्जा हटाने का विशेष अभियान जारी रहेगा और चिन्हित अतिक्रमण को हर हाल हटाया जाएगा। जिलाधिकारी के निदेश के आलोक में जिले के सभी नगर निकायों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में नाला उड़ाही एवं नालों से अवैध कब्जा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। साथ ही नालों पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुउ उन्हें नोटिस निर्गत किया जा रहा है और अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद सुखदेव की जयंती मनाई

नई दिल्ली। निर्माण विहार मे राष्ट्रीय सैनिक संस्था के एनसीआर के संयोजक राजीव खोसला ने अमर शहीद सुखदेव जी का 115 वे जन्मदिन पर राष्ट्रभक्तो द्वारा कवि सम्मेलन व अन्य कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में अनुज थापर, अनिता गोयल, राजन छिब्बर मौहम्मद मुफ्ती शम्मू काजमी डॉक्टर राजेश ओझा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी व महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुज शर्मा केके गोयल, अरुण कुमार धवन, दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉक्टर सपना बंसल, सी एस एल मीणा, रिटायर्ट एसीपी दिल्ली पुलिस वेद भूषण, अनिल शर्मा, पूर्व चुनाव अधिकारी गाजियाबाद रामदयाल मीणा आदि गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

### बेदी को बनाया गया निर्वाचन अधिकारी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता न्यू सीमा पुरी ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष वेद प्रकाश बेदी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी चुनाव प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के तहत सन्गठन चुनाव कराने के लिए जिला चुनाव अधिकारी (डीआरओ) नियुक्त किया गया है। वेद प्रकाश बेदी नें इसके लिए प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसुदन मिस्त्री, अरविन्द्र सिंह लवली, प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, कांग्रेस महासचिव अजय माकन, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित तथा जे.पी .अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। श्री बेदी ने कहा पार्टी नेताओं नें उन पर जो भरोषा व्यक्त किया है वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष अजित चौधरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष जुबेर अहमद जय श्री अग्रवाल, बी.एल.जीन्वाल, फिरोज खान, सुभाष लोहिया, मंजू शर्मा, राज ब्लप्रीत सिंह मौ.कामिल सहित कई लोगो ने पार्टी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए श्री बेदी को शुभकामनाएं दी हैं। वेद प्रकाश बेदी कई वर्षो से ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष हैं वे जिला कांग्रेस में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं इसके अलावा अपने क्षेत्र से शीला दीक्षित, जे.पी.अग्रवाल सहित कई बड़े नेताओं के चुनाव प्रभारी रह चुके है। श्री बेदी खुद भी निगम का चुनाव लड़ चुके हैं।

### पूर्वी निगम के सर्वे में बिना लाइसेंस चलती मिलीं नौ फैक्टरियां

नई दिल्ली। इमारतों में आग लगने की घटनाओं को रोकने और सुरक्षा उपायों को लेकर पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने फैक्टरियों के सर्वे का काम शुरू कर दिया है। 138 फैक्टरियों का सर्वे किया गया जिसमें से नौ फैक्टरी बिना लाइसेंस के चलती मिलीं। पूर्वी निगम के अपर उपायुक्त डॉक्टर ब्रजेश का कहना है कि बगैर लाइसेंस के चल रही नौ फैक्टरियों का चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि फैक्टरियों के लाइसेंस व सुरक्षा नियमों के अनुपालन की जांच के लिए निगम अधिकारियों की सात टीमों को सर्वे में लगाया गया है। बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्रों तथा गैर औद्योगिक क्षेत्र में चल रही फैक्टरियों के लाइसेंस का सर्वे किया गया। अबतक 138 फैक्टरियों को सर्वे सूची में शामिल किया गया। इनमें से नौ फैक्टरियों को बिना लाइसेंस के चलता पाया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि फैक्टरी मालिकों को नोटिस जारी करने के साथ ही वैध लाइसेंस समेत अन्य जरूरी मंजूरी लेने और अग्निशमन मानकों का पालन करने के लिए भी कहा जा रहा है।

# इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने की सीएम केजरीवाल से मुलाकात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से आज दिल्ली सचिवालय में भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली और इजराइल, दोनों में मानवता के लिए शांति और कल्याण करने की दिशा में मिलकर काम करने की क्षमता है। वहीं, भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने दिल्ली और इजराइल के संबंधों को लेकर बात की और कहा कि मैं दिल्ली में रहता हूं।

इसलिए अरविंद केजरीवाल हमारे भी मुख्यमंत्री हैं और मुझे उनसे मिलकर बहुत खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन के बीच आज दिल्ली सचिवालय में मुलाकात हुई। इस बैठक में चर्चा की गई कि समय के साथ दिल्ली और इजराइल के बीच संबंधों को कैसे बढ़ाया जा सकता है? दोनों नेताओं ने मजबूत संबंधों के बारे में बात की। साथ ही चर्चा की कि इसे कैसे और मजबूत बनाया जा सकता है। दोनों नेताओं ने इस बात पर भी विचार-विमर्श किया कि कैसे दिल्ली और इजराइल एक-दूसरे को अधिक कुशल बनने में मदद कर सकते हैं और प्रगति व विकास की दिशा में मिलकर काम कर सकते हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली और इजराइल दोनों में मानवता के लिए शांति और कल्याण करने की दिशा में मिलकर काम करने की क्षमता है। इस दौरान, भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं दिल्ली में रहता हूं। इसलिए अरविंद केजरीवाल हमारे भी मुख्यमंत्री हैं और आपसे मिलकर बहुत खुशी हो रही है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने राजदूत नाओर गिलोन को धन्यवाद दिया और उन्हें दिल्ली सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बताया कि हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों की मदद से दिल्ली में रहने वाले लोगों की जिंदगी थोड़ी आसान हो गई। दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी मिलता है। इसके अलावा, दिल्ली में महिलाओं और कंस्ट्रक्शन वर्कर्स का बसों में सफर मुफ्त है। यह सब उन्हें शांतिपूर्ण और सम्मान जनक जीवन जीने में मदद करता है। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर कहा, भारत में इजरायल के राजदूत माननीय नाओर गिलोन ने आज दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। दिल्ली और इजराइल दोनों ही, मानवता के लिए शांति और कल्याण सुनिश्चित करने की दिशा में मिलकर काम करेंगे।

**जानकारी**

- दिल्ली और इजराइल में मानवता के लिए शांति और कल्याण की दिशा में मिलकर काम करने की क्षमता है: सीएम
- मैं दिल्ली में रहता हूं, इसलिए अरविंद केजरीवाल हमारे भी सीएम हैं और मुझे उनसे मिलकर बहुत खुशी हो रही है: नाओर गिलोन

# अकबर रोड का नाम बदलकर महाराणा प्रताप करने की मांग



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत महासंघ-दिल्ली के पदाधिकारियों ने आज सतीश उपाध्याय, उपाध्यक्ष नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् से अकबर रोड का नाम बदलकर महाराणा प्रताप रोड करने के विषय में आज उनसे उनके कार्यालय में मुलाकात की और एक प्रार्थना पत्र दिया।

पदाधिकारियों ने अपने पत्र में आग्रह करते हुए कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में अलग-अलग तरीकों से मनाया जा रहा है और यदि एनडीएमसी अकबर रोड का नाम वीर योद्धा महाराणा प्रताप रोड के रूप में बदलने का नेक कार्य करेगी तो यह स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री उपाध्याय ने कहा कि महाराणा प्रताप एक क्षत्रिय और वीर योद्धा थे, जिन्होंने राजपूताना की धरती पर जीवन भर संघर्ष किया और मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने अपने इतिहास में कई युद्धों में अपना गौरव लहराया। हमारे राजपूताना के इतिहास के पन्नों में महाराणा प्रताप का नाम सर्वोपरि है। वे राजसी और कुशल योद्धा थे और वे बचपन से ही वीर बहादुर थे।

उन्होंने कहा कि यह न केवल हमारे युवाओं को बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी लंबे समय तक प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के पीछे हमारा उद्देश्य न केवल उनकी वर्षगांठ पर याद करना है बल्कि हर समय जब भी वहां से लोग गुजरे उन्हें याद करना है। श्री उपाध्याय ने कहा कि एनडीएमसी हमारे संविधान में सड़कों के नामकरण में परिवर्तन के लिए उचित प्रक्रिया और दिशा-निर्देशों के अनुसार इस पर विचार करेगी।

# पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित बच्चे की दुर्लभ सर्जरी कर बचाई जान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सात साल के एक बच्चे का क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस बीमारी की दुर्लभ सर्जरी कर सीके बिरला हॉस्पिटल ने जान बचाकर चिकित्सीय उत्कृष्टता का उदाहरण पेश किया है। उस बच्चे के पेट में हमेशा दर्द रहता था। उसे पीलिया हो गया था।

उसका वजन काफी कम था और दूसरे अस्पतालों ने उसकी सर्जरी करने से मना कर दिया था क्योंकि वह केवल 17 किलो का था। ऐसे में सीके बिरला हॉस्पिटल ने एडवांस सर्जिकल साइंसेज एंड आंकोलॉजी सर्जरी विभाग के डा.अमित जावेद ने जांच के बाद इस बच्चे का न्यूनतम चीर–फाड़ वाली विधि से आपरेशन किया और वह बिल्कुल ठीक हो गया। डा.अमित जावेद ने बताया कि यह मामला बेहद उलझा हुआ था क्योंकि हम न केवल एक बहुत छोटे से मरीज का इलाज कर रहे थे बल्कि वह अपनी उम्र के हिसाब से काफी कम वजन वाला भी था। पूरी जांच के बाद उसकी न्यूनतम चीर–फाड़ वाली लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई जो सफल रही। प्रैंक्रियाज में कई स्टोन्स और बाइल डक्ट आब्स्ट्रक्शन से पीड़ित होने के बावजूद वह बच्चा अब एक सामान्य और स्वस्थ जीवन जी रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों में क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस का सर्जरी से इलाज करना चुनौतीपूर्ण होता है और खासकर इसके लिए लैप्रोस्कोपिक सर्जरी तो दुनियाभर में बहुत कम हुई है। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षत सेठ ने कहा कि हम वैश्विक मानदंडों की स्वास्थ्य देख-भाल सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस उद्देश्य से हम अपने मरीजों के लिए न्यूनतम चीरा वाली लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसी उन्नत चिकित्सीय नवाचारों और तकनीकों का प्रयोग करते हैं। वहीं हॉस्पिटल के चीफ बिजनेस ऑफिसर विपुल जैन ने कहा कि दिल्ली में हमारा नया सेंटर हमारे विश्वस्तरीय, मल्टी-स्पेशिलिटी केन्द्रों की श्रृंखला में सबसे नया है और हम दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के समकक्ष मानदंडों के अनुरूप असाधारण चिकित्सीय देखभाल और सेवाएं दे रहे हैं।

# हरियाणा सरकार दिल्लीवालों को उनके हिस्से का पर्याप्त पानी नहीं दे रही है: मंत्री सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



यमुना में लगातार घटते जलस्तर को देखते हुए दिल्ली जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को वजीराबाद बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही यमुना नदी में हरियाणा सरकार द्वारा कम पानी छोड़ने की वजह से वजीराबाद और चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी का उत्पादन प्रभावित होने पर चिंता जाहिर की।

हरियाणा सरकार द्वारा कम पानी छोड़े जाने के कारण वजीराबाद बैराज में जलस्तर सामान्य 674.5 फुट से घटकर इस साल के न्यूनतम स्तर 669 फुट (समुद्र तल से 5.5 फीट नीचे) पर पहुंच गया है। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि वजीराबाद तालाब दिल्ली का सबसे महत्वपूर्ण जलाशय है। यह उत्तरी और पश्चिमी दिल्ली के लिए पानी के प्रमुख स्रोतों में से एक है। वर्तमान में हरियाणा से पानी की कम निकासी के कारण दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स अपनी कैपेसिटी से कम क्षमता पर काम कर रहे हैं। नतीजतन वजीराबाद डब्ल्यूटीपी में पानी का उत्पादन 60-70 एमजीडी कम हो गया है। हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों के हिस्से का पानी रोके जाने के चलते यमुना सूख गई है। इस वजह से महत्वपूर्ण है वजीराबाद बैराज दिल्ली एक लैंडलॉक शहर है। यहां ज्यादातर पानी की आपूर्ति पड़ोसी राज्यों से आने वाली नदी से होती है। यूपी गंगा के पानी की आपूर्ति करता है और हरियाणा से यमुना के पानी की आपूर्ति होती है। वहीं, पंजाब के भाखड़ा नंगल से भी कुछ पानी मिलता हैं। इनमें सबसे ज्यादा पानी की आपूर्ति हरियाणा से होती है। यमुना दिल्ली में वजीराबाद बैराज से 15 किमी ऊपर पल्ला में प्रवेश करती है, जो दिल्ली का एक मुख्य जलाशय है। बता दें, वजीराबाद बैराज को साल 1959 में उत्तरी दिल्ली में यमुना नदी पर बनाया गया था। बैराज एक विशेष प्रकार का बांध होता है, जिसमें बड़े-बड़े द्वारों की श्रृंखला होती है। बैराज द्वारा नदियों के प्रवाह तथा उनके जलस्तर को नियंत्रित किया जाता है। इस साल वजीराबाद तालाब का जलस्तर गिरकर इस साल के न्यूनतम 669 फुट के स्तर पर आ गया है। इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड की ओर से लगातार हरियाणा सिंचाई विभाग से स्थिति में सुधार की मांग की जा रही है, लेकिन हरियाणा सराकर की तरफ से कोई सुध नहीं ली जा रही है। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पर्याप्त पानी की आपूर्ति न किए जाने के कारण वजीराबाद बैराज में पानी का स्तर बेहद कम हो गया है। बता दें कि यमुना का जलस्तर यदि 1 फीट भी नीचे चला जाता है तो दिल्ली में पानी की भारी किल्लत हो जाती है क्योंकि दिल्ली अपने पीने कि पानी कि पूर्ति का बड़ा हिस्सा यमुना से ही लेती है। दिल्ली की बढ़ती आबादी के साथ ही पानी की मांग भी बढ़ गई है। पानी का एक बढ़ा हिस्सा वजीराबाद और चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से आता है।

**निरीक्षण**

- जल मंत्री ने वजीराबाद बैराज का किया निरीक्षण, हरियाणा से कम पानी छोड़ने की वजह से वजीराबाद और चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी का उत्पादन प्रभावित होने पर जाहिर

# जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें: भोमा

नई दिल्ली, प्रात :किरण संवाददाता



शिरोमणि अकाली दल संयुक्त के महासचिव तथा प्रवक्ता डॉ. मनजीत सिंह भोमा ने कहा है कि 3 मई 2022 को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार द्वारा पंथ के संप्रदायों, टकसालों तथा विद्वानों की एकत्रता श्री अकालत तख्त साहिब पर आमंत्रित की गई थी जिसमें साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूपों में मात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले अमेरिकी निवासी थमिंदर सिंह आनंद और कैनेडा के निवासी ओंकार सिंह के मामले पर विचार किया गया था इसी प्रकार 11 मई को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मौजूदा अध्यक्ष स. हरमीत सिंह कालका की अगुवाई में जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब से मुलाकात की और थमिंदर सिंह आनंद जैसी गलती जो कि 2005 में दिल्ली कमेटी के उस समय के अध्यक्ष स. अवतार सिंह हित द्वारा की गई थी वह जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब के संज्ञान में लाई गई।

उन्होंने कहा कि उस समय के अध्यक्ष अवतार सिंह हित की अध्यक्षता में कमेटी ने एक गैर सिख वेमराज भानू मूर्ति को 17 भाषाओं में श्री जपुजी साहिब तथा अन्य गुरबाणी की (सहज रीति और उचारण रीति) के नाम पर छपाई करने का अधिकर दिया गया था व वेमराज भानू मूर्ति को सिख विद्वान डॉ. साहिब सिंह खिताब देकर नवाजा गया था भानू मूर्ति द्वारा 17 भाषाओं में अनुवाद की 17 हजार किताबें छपवा कर बांटी गई जिसमें वेमराज भानू मूर्ति ने गुरबाणी की मात्राओं के साथ बहुत छेड़छाड़ की थी क्योंकि भानू मूर्ति केवल अंग्रेजी और तेलुगु भाषा ही जानते थे उन्हें गुरमुखी बिल्कुल नहीं आती थी जिसकी शिकायत श्री अकाल तख्त साहिब के उस समय के जत्थेदार को संस्था नौजवान सिख फुलवाड़ी द्वारा की गई थी। पर उस समय के जत्थेदार अकाल तख्त साहिब ने दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की अब दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मौजूदा अध्यक्ष स. हरमीत सिंह कालका की अगुवाई में सिख प्रतिनिधिमंडल ने पुनः उस मुद्दे की शिकायत श्री अकाल तख्त साहिब में की है जिस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने जत्थेदार अकाल तख्त साहिब को अपील करते हुए कहा कि इस शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों को श्री अकाल तख्त साहिब पर तलब कर पूछा जाये कि उन्होंने किस लालच या किस पंथ विरोधी के ईशारे पर गुरबाणी से छेड़छाड़ करने और करवाने की कोशिश की थी तथा दोषी व्यक्तियों को सख्त सजा दी जाये ताकि दोबारा किसी की गुरबाणी से छेड़छाड़ करने की हिम्मत न पड़े।

**कार्रवाई**

- किस लालच या किस पंथ विरोधी के ईशारे पर गुरबाणी से छेड़छाड़ करने और करवाने की कोशिश की थी

# पत्नी से मिलने नहीं दिया तो जालसाज सुकेश ने जेल में की भूख हड़ताल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




तिहाड़ जेल में बंद 200 करोड़ का महाठग सुकेश चंद्रशेखर अपनी पत्नी लीना पॉल से मिलने के लिए भूख हड़ताल पर बैठ गया। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। जेल प्रशासन ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, जेल प्रशासन का कहना है कि महीने में केवल दो बार कैदी को अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत होती है। वह इससे ज्यादा बार पत्नी से मिलने की मांग कर रहा है जिसे माना नहीं जा सकता।


तिहाड़ जेल के डीजी संदीप गोयल ने मंगलवार को बताया कि कैदी सुकेश चंद्रशेखर ने 23.4.22 से 2.5.22 तक भूख हड़ताल की। उसके बाद फिर 4.5.22 से 12.5.22 तक खाना नहीं खाया। इस अवधि के दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। उसकी मांग थी कि तिहाड़ की जेल संख्या 6 में बंद उसकी पत्नी से उसे मिलने दिया जाये। इस सिलसिले में उसे भी अन्य कैदियों की तरह अपनी पत्नी से महीने में दो बार मिलने की मुलाकात की अनुमति दी गई थी। जेल में महीने के हर पहले और तीसरे शनिवार को कैदियों को परिवार से मिलने की अनुमति दी जाती है। वहीं कैदी सुकेश को इनके अलावा और मुलाकात चाहिए थी, जिसकी इजाजत नहीं गई थी। इसी कारण उसने भूख हड़ताल की। फिलहाल उसके ऊपर जेल प्रशासन नजर रख रहा है। जानकारी के अनुसार फोर्टिस के पूर्व प्रमोटर्स शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से सुकेश चंद्रशेखर ने लगभग 200 करोड़ रुपये की ठगी की थी। इसके चलते उसे आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के बाद से उसे तिहाड़ जेल में रखा गया है। उस पर पुलिस ने मकोका के तहत मामला दर्ज किया हुआ है।

फिलहाल वह तिहाड़ जेल संख्या एक में बंद है। वहीं, इस जालसाजी में उसका साथ देने वाली उसकी पत्नी लीना पॉल जेल संख्या 6 में बंद है। जेल सूत्रों की मानें तो जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर महीने में कई बार अपनी पत्नी से मुलाकात करना चाहता है। वह बार-बार लीना से मिलवाने की जिद कर रहा है। वहीं, जेल नियमों के अनुसार जेल में बंद पति-पत्नी को महीने में केवल दो बार ही मिलने की इजाजत है। कैदी सुकेश ने शुरू में लगभग 10 दिनों तक कुछ भी नहीं खाया। दो मई तक भूख हड़ताल करने के बाद तीन मई को उसने खाना खाया था। इसके बाद चार मई से वह फिर खाना नहीं खा रहा है। इस बीच उसे लिक्विड दिया जा रहा है।

# कभी थे बाल मजदूर, अब बने भारत की आवाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





दुनियाभर में बालश्रम के समूल उन्मूलन के मकसद से यहां डरबन में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के 5वें सम्मेलन का आगाज किया गया। 2025 तक बालश्रम के खात्मे का लक्ष्य रखा गया है। इसमें कभी बाल मजदूरी करने वाले भारत के बच्चों ने भी अपनी आवाज बुलंद की और उपस्थित प्रतिनिधियों को बालश्रम के खात्मे के लिए कदम उठाने की प्रतिज्ञा दिलवाई। इन बच्चों में से तीन राजस्थान से और एक झारखंड से हैं। आज इन बच्चों में से कोई वकील है, कोई एमबीए कर रहा है तो कोई पुलिस में भर्ती होने के लिए प्रयासरत है।

राजस्थान के अति पिछड़े बंजारा समुदाय से आने वाली तारा और अमर लाल ने अपने समुदाय के लोगों को एक नई राह दिखाई है। आठ साल की उम्र में तारा सड़कों पर सफाई व निर्माण का काम करती थी। वह अपने समाज से स्कूली शिक्षा के बाद कॉलेज में जाने वाली पहली लड़की है। यही नहीं, तारा ने अपनी छोटी बहन के बाल विवाह को भी रुकवाया। बाल मित्र ग्राम की उपज तारा अब बालश्रम, बाल विवाह और ट्रैफिकिंग रोकने के लिए काम कर रही हैं। साथ ही वह अब तक अपने समुदाय के 22 बच्चों को मजदूरी से छुड़वाकर स्कूल में दाखिला भी करवा चुकी हैं। पढ़ाई पूरी करके तारा पुलिस में भर्ती होना चाहती है। तारा ने डरबन में सम्मेलन में उपस्थित वैश्विक समुदाय से कहा कि यदि हम गरीब बच्चों को वोट देने का अधिकार नहीं है तो क्या हमसे मजदूरी करवाओगे? सब बच्चों को पढ़ने का अधिकार है, किसी भी बच्चे को बाल मजदूरी नहीं करनी चाहिए। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने तारा की प्रशंसा करते हुए कहा कि आईएलओ में हमारी एक और बेटी तारा बंजारा ने आज हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। राजस्थान के एक पिछड़े गांव में झोपड़ी में रहने वाली पूर्व बाल मजदूर तारा ने अपने प्रभावशाली भाषण के बाद विश्व भर के प्रतिनिधियों को खड़ाकर बाल मजदूरी के खिलाफ प्रण करवाया।

इसी समुदाय के अमर लाल ने कभी नहीं सोचा था कि वह स्कूल भी जा सकेंगे। छह साल की उम्र में वह पत्थर खदान में मजदूरी करने लगे थे ताकि परिवार की मदद कर सके। यह सिलसिला लंबा चलता अगर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के सहयोगी संगठन ह्यबचपन बचाओ आंदोलनह्ल ने एक रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान उन्हें मुक्त न करवाया होता। इसके बाद अमर लाल को बाल आश्रम लाया गया। बड़ा होने पर अमरलाल का रुझान बच्चों के अधिकारों के प्रति काम करने की ओर हो गया। कानून की पढ़ाई के बाद अमर लाल बाल अधिकार के वकील एवं कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में सरकारें युद्ध पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं जबकि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा जैसे प्रासंगिक मुद्दों को पीछे कर दिया है। वहीं, राजेश जाटव को राजस्थान के जयुपर जिले में एक ईंट-भट्टे से ह्यबचपन बचाओ आंदोलनह्ल ने मुक्त करवाया गया था, उस समय वह आठ साल के थे। राजेश को 18-18 घंटे काम करना पड़ता था। मुक्ति के बाद राजेश को बाल आश्रम पुनर्वास केंद्र में रखा गया, जहां उन्होंने पढ़ाई पूरी की। साल 2020 में बीएससी करने के बाद राजेश अभी उदयपुर में एमबीए इन फाइनेंस कर रहे हैं। झारखंड राज्य के बड़कू मरांडी की कहानी भी कुछ ऐसी ही है।

**सम्मेलन**

- डरबन में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का 5वां सम्मेलन

### कंटेनर में छिपाकर करते थे शराब की तस्करी

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मंडावली थाना पुलिस ने कंटेनर से शराब की तस्करी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब व बीयर के 350 कार्टन बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपी डैनी, रूपेश, कंटेनर चालक राम करण सिंह और हेल्पर सतपाल से पूछताछ कर रही है। डीसीपी प्रियंका कश्यप ने बताया कि सोमवार रात मंडावली थाना पुलिस को तस्करों के बारे में सूचना मिली थी। टीम तुरंत अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास पहुंची। तभी कॉमन वेल्थ गेम गांव की तरफ से कंटेनर आता दिखाई दिया। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने जांच की तो उसमें गद्दे व कच्चा माल मिला। थोड़ी जांच और करने पर चालक की सीट के पीछे एक दरवाजा मिला। पुलिस ने उसे खोला तो उसमें शराब व बीयर के 350 कार्टन रखे हुए थे। कंटेनर का नंबर भी फर्जी निकला। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह कंटेनर के जरिए दूसरे राज्यों में शराब की तस्करी करते थे।

### कुतुबमीनार परिसर में हो हिंदू-देवताओं की पनुर्स्थापना याचिका पर क्यों नहीं हुई सुनवाई?

नई दिल्ली। दिल्ली के कुतुब मीनार परिसर में मौजूद कुव्वुतुल इस्लाम मस्जिद में हिंदू देवताओं की पुनर्स्थापना और पूजा-अर्चना का अधिकार मांगने वाली याचिका पर मंगलवार को साकेत कोर्ट में सुनवाई होनी थी। लेकिन यह सुनवाई टल गई है। केस से जुड़े वकील विष्णु शंकर जैन के दिल्ली में नहीं होने के कारण सुनवाई को टाला गया है। अब यह सुनवाई 24 मई को होगी। एएसआई से कोर्ट ने मांगा था जवाब इस मामले में पहले हुई सुनवाई के दौरान साकेत अदालत ने केंद्र तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से जवाब मांगा था।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना सं. 468–एसीएस–सी.पी.वे.एस.जेड.एम.–टीकेजे दिनांक 21.04.2022 का प्रथम शुद्धि पत्र।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | अतिरिक्त ट्रेन संचालन सुविधाएं और दिल्ली सब्जीमंडी–दिल्ली मुख्य अतिरिक्त लाइन के संदर्भ में सब्जी मण्डी दिल्ली पर बी.जी. पी. वे. ट्रैक को जोड़ना और अन्य संबद्ध कार्य जैसे बी.जी. रेलवे ट्रैक, प्वाइंट व क्रोस्सिंग, ट्रेप को लगाना, बिछाना, जोड़ना व उखाड़ना, एटी वेल्डिंग कार्य, गलूड जॉइंट्स, बलासट की आपूर्ति, पी.वे. सामग्री और पीआरसी स्लीपरों की लीडीग, लोडिंग व अनलोडिंग और अन्य सिविल इंजीनियरिंग कार्य। |

उपरोक्त कार्य के लिए निविदा जो दिनांक 23.05.2022 को खुलना है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

सं. 468–एसीएस–सी.–पी.वे.–एस.जेड.एम–टीकेजे दिनांक 13.05.2022

1144/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 18 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### गृह मंत्री शाह दिल्ली विवि की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 19 मई को मुख्य अतिथि होंगे

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी (सेमिनार) के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। संगोष्ठी का उद्घाटन 19 मई को होगा। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। विश्वविद्यालय ने बयान जारी कर बताया, विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के मद्देनजर इस सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शीर्षक स्वराज से नये भारत में भारत के विचारों का पुनरावलोकन रखा गया है। इसका उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में इस महीने की 19 तारीख को होगा। इसमें कहा गया है कि उद्घाटन समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशेष अतिथि होंगे, जबकि कुलपति योगेश सिंह इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसमें कहा गया है कि उद्घाटन सत्र के बाद भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन सचिव मुकुल कानितकर का विशेष व्यख्यान होगा।

### फर्जी आधार-पैन कार्ड पर बैंक खाते खोल लेता था लोन, गिरफ्तार

नई दिल्ली। लाहौरी गेट पुलिस ने फर्जी आधार-पैन कार्ड पर बैंक खाते खोल कर लोन लेने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 48 वर्षीय रमन नागपाल के तौर पर हुई है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, व्यवसायी जितेंद्र धवन ने लाहौरी गेट थाने में शिकायत दी थी, जिस पर 12 मई को एफआईआर दर्ज की गई। पीड़ित ने बताया कि किसी ने उनके फर्जी पैन एवं आधार कार्ड पर बैंक खाता खुलवा लिया है। फिर किस्तों पर दो महंगे फोन भी खरीद लिए हैं। एसीपी कोतवाली सतेंद्र यादव की देखरेख में चर्च मिशन चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार शर्मा की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर जांच शुरू की। जांच में मालूम हुआ कि आरोपी ने मॉडल टाउन स्थित शोरूम से दोनों फोन खरीदे हैं। इसके बाद पुलिस ने शोरूम से मिली जानकारी के आधार पर फरीदाबाद में 13 मई को छापा मारा और आरोपी रमन को गिरफ्तार कर लिया। रमन ने बताया कि वह पहले फार्मा और फिर बैंक में खाते खुलवाने का काम करता था, लेकिन गलत आदतों की वजह से नौकरी चली गई। छह सात माह पहले अंकित नाम के युवक से मुलाकात हुई।

# अवैध निर्माण व अवैध लाइसेंस ने दिल्ली की जान-माल को खतरे में डाला: आतिशी

## पूरी दिल्ली में भाजपा के पार्षद करवा रहे अवैध निर्माण और दे रहे अवैध लाइसेंस: विधायक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि मुंडका अग्निकांड की जिम्मेदार भाजपा है। भाजपा की नार्थ एमसीडी गैर कानूनी तौर पर लाइसेंस देकर लालडोरा क्षेत्र में भाजपा नेता से फैक्ट्री चलवा रही थी। भारतीय जनता पार्टी बताए कि कानून के मुताबिक लाल डोरा एक्सटेंशन में कमर्शियल गतिविधि संचालित नहीं हो सकती तो भाजपा नेता मनीष लाकड़ा को लाइसेंस कैसे मिला? उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली में भाजपा के पार्षद अवैध निर्माण करवा रहे हैं और अवैध लाइसेंस दे रहे हैं।



भाजपा के भ्रष्टाचार से हो रहे अवैध निर्माण और अवैध लाइसेंस ने दिल्ली की जान-माल को खतरे में डाला है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि लालडोरा एक्सटेंशन में भारतीय जनता पार्टी की नगर निगम ने व्यावसायिक गतिविधि करने का लाइसेंस कैसे दिया, इसकी जांच कराई जाए। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। विधायक आतिशी ने कहा कि दिल्ली में 13 मई को एक बहुत बड़ी त्रासदी हुई। मुंडका की एक बिल्डिंग में आग लगी और 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। 27 लोगों में से सिर्फ 8 लोगों की पहचान हो पाई है। पूरी दिल्ली और पूरा देश जानना चाहता है कि इतनी बड़ी त्रासदी के लिए कौन जिम्मेदार है। ऐसा कैसे हो जाता है कि इतना अवैध निर्माण हो जाता है और व्यावसायिक गतिविधि संचालित होती है। इसके बावजूद कोई सवाल पूछने और कार्रवाई करने नहीं आता है।

उन्होंने कहा कि मुंडका की जिस इमारत में आग लगी वह लाल डोरा की एक्सटेंशन में जमीन थी। लाल डोरा की एक्सटेंशन में कोई भी व्यावसायिक गतिविधि संचालित करने की कानून के अनुसार अनुमति नहीं मिलती है। मुंडका की इस इमारत में कमर्शियल

**प्रेस वार्ता**

- भाजपा की नार्थ एमसीडी गैर कानूनी तौर पर लाइसेंस देकर लालडोरा क्षेत्र में भाजपा नेता से चलवा रही थी फैक्ट्री:आतिशी

गतिविधि कैसे चल चल रही थी और किसने अनुमति दी थी। जिसकी वजह से 27 लोगों की जान चली गई। इस सवाल का जवाब हर दिल्ली वाले के पास है कि वहां पर अवैध निर्माण किसने करवाया? वहां पर अवैध निर्माण और व्यावसायिक गतिविधि संचालित करने की अनुमति किसने दी? क्योंकि पूरी दिल्ली में अवैध काम करवाने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता और भाजपा के पार्षद हैं। पूरी दिल्ली में आज अवैध निर्माण होता है तो भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के आशीर्वाद के साथ होता है। अवैध निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता और भाजपा के पार्षद पैसे लेने आते हैं। अगर पूरी दिल्ली में कहीं पर अवैध व्यावसायिक गतिविधि होती है तो भारतीय जनता पार्टी के पार्षद और भाजपा का नगर निगम पैसे लेकर अनुमति देते हैं। मुंडका की इस इमारत के निर्माण में भी बिल्कुल वैसा ही हुआ है।

दस्तावेज पेश करते हुए विधायक आतिशी ने कहा कि मुंडका की इस इमारत को उत्तर दिल्ली नगर निगम ने व्यावसायिक गतिविधि करने की अनुमति दी। इस इमारत के मालिक मनीष लाकड़ा को व्यावसायिक गतिविधि चलाने के लिए लाइसेंस दिया गया। भारतीय जनता पार्टी से पूछना चाहती हूं जब कानून कहता है कि लाल डोरा एक्सटेंशन में कमर्शियल गतिविधि संचालित नहीं हो सकती तो यह लाइसेंस मनीष लाकड़ा को कैसे मिला? क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के पास दो ही काम हैं पहला दिल्ली के लोगों से अवैध वसूली करना और दूसरा अपनी पार्टी के गुंडों-लफंगों को हर तरह से बचाना और समर्थन करना। उन्होंने कहा कि इस इमारत के मालिक मनीष लाकड़ा भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। भाजपा नेता साहिब सिंह वर्मा के चाचा के साथ वह कैंपेन में दिख रहे हैं। मनीष लाकड़ा ने भारतीय जनता पार्टी का पटका पहना हुआ है। यह स्पष्ट है कि गैरकानूनी तरीके से मुंडका की इस इमारत में कमर्शियल गतिविधि चलाने का लाइसेंस भारतीय जनता पार्टी ने अपने नेता को दिया। अगर आज पूरी दिल्ली में देखने जाएंगे तो इस प्रकार के अवैध लाइसेंस अपने नेताओं, गुंडों और भाजपा के पार्षदों ने अवैध वसूली करके पूरी दिल्ली में बांटे हुए हैं। अगर दिल्ली में किसी भी इमारत में आग लग जाती है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? अगर आज दिल्ली में कोई भी इमारत गिर जाती है, क्योंकि वहां पर अवैध निर्माण हुआ तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? उसके लिए सिर्फ भाजपा जिम्मेदार होगी।

### कर्नाटक में स्कूली किताब से भगत सिंह से जुड़ा पाठ हटाना शहीद का अपमान : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कर्नाटक में स्कूल की एक किताब से भगत सिंह पर आधारित एक पाठ को हटाने को लेकर दक्षिणी राज्य की भाजपा नीत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह कदम महान स्वतंत्रता सेनानी की शहादत का अपमान है और कर्नाटक सरकार को यह निर्णय वापस लेना चाहिए। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ट्वीट किया कि देश अपने शहीदों का इस तरह से अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि उसके लोग भगत सिंह से इतनी नफरत क्यों करते हैं। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) और ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमेटी (एआईएसईसी) समेत कुछ संगठनों ने दावा किया है कि कर्नाटक सरकार ने भगत सिंह पर आधारित एक पाठ को स्कूली किताब से हटा दिया है तथा दसवीं कक्षा की संशोधित कन्नड़ पाठ्यपुस्तक में आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का भाषण शामिल किया है। केजरीवाल ने कहा, भाजपा के लोग अमर शहीद सरदार भगत सिंह जी से इतनी नफरत क्यों करते हैं? स्कूल की किताबों से सरदार भगत सिंह जी का नाम हटाना अमर शहीद की कुबार्नी का अपमान है।

# केजरीवाल की झूठी और बेबुनियादी बातों को घर-घर तक पहुंचाना जरुरी: आदेश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में आज लगातार तीसरे दिन अरविंद केजरीवाल के झूठे वायदों के खिलाफ पोल खोल अभियान जारी रहा। श्री आदेश गुप्ता ने आज केशवपुरम के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह पोल खोल अभियान उन सभी राष्ट्रभक्त कार्यकताओं का है जिनके सीने में एक दर्द है।

दिल्ली की जनता भी चाहती है कि भाजपा कार्यकर्ता आगे आकर केजरीवाल के झूठे दावों की पोल खोलें। जिस पंपलेट को आप सभी के बीच बांटा जा रहा है वह महज एक दिन में तैयार नहीं हुआ है। बल्कि यह आरटीआई का जवाब है कि किस तरह से केजरीवाल ने हर पल, मंच पर, चाहे वह टीवी हो, अखबार हो या सोशल प्लेटफॉर्म पर झूठ बोलने का काम किया



- केजरीवाल ने हर मंच पर झूठ बोलने का ही काम किया:गुप्ता

है। आदेश गुप्ता ने कहा कि रानीबाग का हर एक भाजपा कार्यकर्ता लगभग 10 हजार घरों में जाकर इस पोल खोल अभियान के तहत केजरीवाल की कमियों को बताएंगे। क्योंकि दिल्ली को अगर बचाना है तो केजरीवाल की झूठी और बेबुनियादी बातों को घर-घर तक पहुंचाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि 31 मई तक चलने वाले इस पोल खोल अभियान के तहत दिल्ली के 25 लाख घरों तक हम खुद जाकर लोगों से सीधा संवाद करेंगे और इस फजीर्वाल के झूठे वायदों की पोल खोलेंगे। जिस पंपलेट को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है उसमें लिखी हर बात आरटीआई के जवाब पर आधारित है। जो सवाल भाजपा विधायकों ने विधानसभा में पूछा है, उसी का जवाब उस पंपलेट में लिखा गया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि पंपलेट में केजरीवाल के 10 बड़े झूठ की सच्चाई लिखी गई है। सात सालों में एक भी नया स्कूल नहीं बनाया और ना ही एक भी अस्पताल बनाया। केजरीवाल भू-माफियाओं और रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बचाने में जी जान लगाए हुए हैं। यह वही लोग हैं जो सरकारी जमीनों पर कब्जा कर दिल्ली में दंगा करवाते हैं और मजहबी दंगे के कारण आज दिल्ली को दंगों की राजधानी बना डाला है। लेकिन भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता केजरीवाल के इस मंसूबे को कभी सफल नहीं होने देगा।

### सड़कों के किनारे हरियाली बढ़ाने की हो रही तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सड़कों को ज्यादा हरा भरा बनाने के लिए कार्यबल का गठन किया है। जिला स्तर पर गठित ये कार्यबल सड़कों के अधिकार क्षेत्र और रखरखाव से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर उनके किनारे हरियाली में इजाफा करेगा, ताकि वाहनों के चलते होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सके। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली की सड़कों को हरा भरा बनाने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की। बैठक में वन विभाग, पीडब्ल्यूडी, डीएसआईआईडीसी, दिल्ली के निगम व सड़कों के रख रखाव से जुड़ी अन्य एजेंसियों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान दिल्ली की सड़कों के किनारे हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए जिला स्तरीय कार्यबल का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी एजेंसियों को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है कि कैसे सड़कों के किनारे की हरियाली बढ़ाई जा सकती है। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि प्रदूषण पर बने समर एक्शन प्लान के 14 बिंदुओं में सड़कों के किनारे हरित क्षेत्र में इजाफा भी एक प्रमुख बिन्दु के तौर पर शामिल है।

# मुंडका अग्निकांड की हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में हो जांच: चौ. अनिल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि मुंडका में बनी अवैध बिल्डिंग में 13 मई को आग लगने के कारण 30 निर्दोष गरीब लोगों की मौत हो गई, जिसके लिए पूरी तरह अरविन्द केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है क्योंकि बिल्डिंग को दमकल विभाग से एन.ओ.सी. नही मिलने के बावजूद बिल्डिंग चल में औद्योगिक गतिविधियां भ्रष्टाचार के तहत चलाई जा रही थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस की ओर से मांग की कि मुंडका में हुई दर्दनाक घटना की हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में जांच की जानी चाहिए।

चौ अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने मुंडका के अग्निकांड के घटना स्थल का दौरा सिर्फ औपचारिकता निभाने के लिए किया और वहां जाकर पश्चिम विभाग जिले के जिला अधिकारी को



जांच के लिए नियुक्ति की घोषणा करने के निर्देश दे डाले। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की दिल्ली सरकार ने इस अवैध बिल्डिंग में शराब के ठेके खोलने की अनुमति कैसे दे दी जबकि भाजपा शासित उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने अवैध शराब के ठेके को निगरानी समिति से डी-सील करवाया। अवैध बिल्डिंग को बिजली पानी कनैक्शन कैसे मिला, यह जांच के लिए गंभीर विषय है।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस केजरीवाल सरकार के अंतर्गत जिलाधिकारी स्तर पर जांच का विरोधी करती है। हमारा मानना है कि जिला अधिकारी प्रोफेशनल तरीके से पूरे मामले की जांच करने में केजरीवाल सरकार की कठपुतली के रुप में काम करेगा। दिल्ली कांग्रेस हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज द्वारा जांच की मांग कर रही है।

उन्होंने कहा कि घटना स्थल पर फायर टेंडर आखिर डेढ़ घंटे लेट क्यों पहुॅचा, जिसके प्रत्यक्षदर्शी गवाह है। केन्द्र सरकार द्वारा एनडीआरएफ की टीम को भेजने में 7 घंटे की देरी की जांच भी होनी चाहिए। मुंडका अग्निकांड के मृतकों की अस्पताल में मौत कैसे हुई इसकी भी जांच की जानी चाहिए। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल तथा भाजपा के मेयर सहित दिल्ली सरकार के मंत्री दोनो पार्टियों के बड़े-बड़े नेताओं को बचाने के लिए जिलाधिकारी स्तरीय जांच में टर्म एवं कंडीशन डालकर जांच का दायरा जानबूझ कर संकुचित किया गया है।

# सीओए में आंबेडकर विवि के तहत प्रवेश को लेकर शिक्षकों ने कुलपति को लिखा पत्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के 11 शिक्षकों ने मंगलवार को कुलपति योगेश सिंह को पत्र लिखकर कॉलेज ऑफ आर्ट्स (सीओए) द्वारा प्रवेश प्रक्रिया आंबेडकर विश्वविद्यालय के तहत शुरू किये जाने के मामले में आवश्यक हस्तक्षेप का आग्रह किया है। सीओए में ललित कला में स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम कराये जाते हैं।

इन 11 शिक्षकों में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (ईसी) और अकादमिक परिषद (एसी) के सदस्य भी हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अधिनियमों और विधान के विरोधाभासी है।

दिल्ली विश्वविद्यालय और दिल्ली सरकार में इस कला संस्थान की संबद्धता को लेकर पहले से जारी गतिरोध के बीच नया घटनाक्रम सामने आया है। दिल्ली सरकार ने पिछले साल मार्च में घोषणा की थी कि सीओए को आंबेडकर विश्वविद्यालय से संबद्ध किया जाएगा। आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित संस्थान है। सीओए में पिछले शिक्षण सत्र में संबद्धता के विषय के कारण प्रवेश नहीं हो सके थे। डीयू की अकादमिक परिषद के सदस्य आलोक पांडेय ने कहा कि आंबेडकर विश्वविद्यालय ने हाल ही में एक बैठक की जिसमें घोषणा की गयी कि सीओए में आंबेडकर विश्वविद्यालय के तहत प्रवेश शुरू होंगे।

पत्र में कहा गया है कि आंबेडकर विश्वविद्यालय की कार्रवाई कार्यकारी परिषद के फैसले की अवज्ञा है। इस बारे में आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति अनु सिंह से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सीओए से दिल्ली विश्वविद्यालय के तहत प्रवेश संचालित करने को कहा है।

### डेंगू के मामलों में लगातार वृद्धि अब तक 96 मरीज मिले

**नई दिल्ली।** राजधानी में डेंगू के मामलों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। जनवरी से लेकर 14 मई तक डेंगू के 96 मामले सामने आए हैं। इस संबंध में दक्षिण दिल्ली नगर निगम की तरफ से मंगलवार को रिपोर्ट जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डेंगू की रिपोर्ट सोमवार को जारी की जानी थी, लेकिन अवकाश के कारण एक दिन की देरी से जारी की गई। उन्होंने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए मदर फोकी अभियान चलाया कर मच्छरों को नष्ट किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी से लेकर 14 मई तक डेंगू के 96, मलेरिया के 16 और चिकनगुनिया के आठ मामले सामने आए हैं। बताया गया कि वर्ष 2021 में जनवरी से 14 मई तक डेंगू के 21, मलेरिया के आठ और चिकनगुनिया के तीन मामले आए थे।

# दिल्ली सरकार ने खाद्य ट्रक केंद्रों को स्थापित करने के लिए भूमि पहचान का काम शुरू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार ने खाद्य ट्रक केंद्रों को स्थापित करने के लिए जमीन की पहचान करना शुरू कर दी है। सरकार ने अपने रोजगार बजट 2022-23 के बजट में इसका ऐलान किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) और भूमि की मिल्कियत रखने वाली एजेंसियों के दल समूचे शहर में सर्वेक्षण कर रहे हैं।

डीटीटीडीसी के एक अधिकारी के मुताबिक, सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित स्थानों की रिपोर्ट इसी हफ्ते सरकार को सौंपे जाने की उम्मीद है।

- डीटीटीडीसी को खाद्य ट्रक नीति को तैयार करने का काम सौंपा गया

डीटीटीडीसी को खाद्य ट्रक नीति को तैयार करने का काम सौंपा गया है। इसी के साथ वह दिल्ली सरकार के विभिन्न पहलों पर भी काम कर रहा है जिसमें शहर के पांच प्रतिष्ठित खुदरा बाजारों का पुनर्विकास शामिल है।

अधिकारी ने कहा कि सरकार की ओर से बनाए जाने वाली नीति के तहत खाद्य ट्रक केंद्रों को स्थापित करने के लिए विभिन्न कारकों पर विचार किया जाएगा, जिनमें भूमि और अवसंचरना की उपलब्धता समेत अन्य शामिल है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पहले कहा था कि खाद्य ट्रक बाजार शहर के लोगों के लिए जीवंत नाइटलाइफ अनुभव सृजित करेगा और दिल्ली की रात्रिकालीन अर्थव्यवस्था के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल नीत सरकार देश की पहली सरकार है जो शहर में खाद्य ट्रक व्यवसाय को सुव्यवस्थित करने के लिए अमेरिका और यूरोप की तर्ज पर फूड ट्रक पॉलिसी लाई है। दिल्ली सरकार ने अनुमान लगाया है कि शहर में खाद्य ट्रक व्यवसाय को बढ़ावा देने से रोजगार के कम से कम 15,000 मौके पैदा होंगे।

### जेएनयू में हॉस्टल मुद्दे पर एबीवीपी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में हॉस्टल के आवंटन में हो रही देरी और अन्य मुद्दों को लेकर जेएनयू अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि डीन ने पिछले सप्ताह आश्वासन दिया था कि छात्रों को तुरंत हॉस्टल दिया जायेगा, लेकिन अब तक नहीं मिला है। एबीवीपी जेएनयू इकाई के अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया असंवेदनशील है। पूर्व में दस्तावेज सत्यापन के बाद ही हॉस्टल मिल जाता था। अब बिना बताए नियम में परिवर्तन किया गया। विश्वविद्यालय में केरल,पूर्वोत्तर एवं अन्य सुदूर राज्यों से छात्र पढ़ने आते हैं। अब वो कहां रुकेंगे। प्रदर्शन के बाद आवंटन के लिए 23 मई की तिथि निर्धारित की गई है।

**मुलाकात** हम दिल्ली की जनता के साथ खड़े हैं, हम बुलडोजर और सीलिंग की कार्रवाई नहीं होने देंगे : सीएम

# मुण्डका के फरिश्तों से मिले सीएम केजरीवाल, बोले- इसी तरह एक-दूसरे का सुख-दुख में साथ देती है दिल्ली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुण्डका हादसे में इमारत में फंसे लोगों की जान बचाने वाले फरिश्तों से दिल्ली सचिवालय में मुलाकात की। अपनी जान जोखिम में डालकर इमारत में फंसे लोगों की जान बचाने वाले फरिश्तों से प्रभावित सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनकी बहादुरी और एकजुटता को जमकर सराहा और कहा कि इसी तरह दिल्ली एक-दूसरे का सुख-दुख में साथ देती है।

हम सब लोगों को एकजुट होकर हमेशा एक-दूसरे की मदद करते रहना है और साथ मिलकर काम करना है। इस दौरान इन लोगों ने सीएम अरविंद केजरीवाल को बताया कि भाजपा शासित एमसीडी सीलिंग और बुलडोजर चलाने की धमकी दे रही है। इस पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली की जनता के साथ हैं। हम बुलडोजर और सीलिंग की कार्रवाई नहीं होने देंगे। मैंने अपने विधायकों को भी कहा है कि आपको जेल भी जाना पड़े, तो डरना मत, लेकिन आपको जनता के साथ खड़ा रहना है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले बाहरी दिल्ली



के मुण्डका इलाके में एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी। इस दर्दनाक हादसे में कई लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस दौरान बहुमंजिला इमारत में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए स्थानीय लोग आगे आए और अपनी जान जोखिम में डालकर उनकी जान बचाई। इन लोगों की बहादुरी और एकजुटता से सीएम अरविंद केजरीवाल काफी प्रभावित हैं और आज दिल्ली सचिवालय में बुलाकर उनसे मुलाकात की है।

मुख्यमंत्री से मिलने करीब 20-25 लोग आए थे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक-एक व्यक्ति

- अपनी जान जोखिम में डालकर इमारत में फंसे लोगों की जान बचाने वालों से सीएम प्रभावित

से उनका हाल पूछा और हादसे के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से जाना। सभी ने बताया कि कैसे उन्होंने हादसे के दौरान अपनी जान की परवाह किए बगैर इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की और उनकी जान बचाई। किसी ने एंबुलेंस को फोन किया, किसी ने फायर विभाग को फोन किया, तो किसी ने बिजली विभाग को फोन किया। किस तरह उन्होंने लोगों को खिड़कियों के जरिए नीचे उतारने के लिए शीशे तोड़े और रस्सी के सहारे उनको नीचे उतारा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मिलने आए लोगों से हादसे का आंखों देखा हाल सुन भावुक हो गए। उन्होंने इस बहादुरी और एकजुटता के लिए सभी की जमकर सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही, सीएम ने दिल से उनका शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि इसी तरह दिल्ली एक-दूसरे का सुख-दुख में साथ देती है। हम सब लोगों को एकजुट होकर हमेशा एक-दूसरे की मदद करते रहना है और साथ मिलकर काम करना है। इस दौरान, मिलने आए लोगों ने सीलिंग और बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर भी बात की। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल को बताया कि भाजपा शासित एमसीडी बार-बार सीलिंग और बुलडोजर चलाने की धमकी दे रही है। उन्होंने सीलिंग और बुलडोजर की कार्रवाई रोकने के लिए दिल्ली सरकार से मदद की अपील की। इस पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम दिल्ली की जनता के साथ खड़े हैं। हम बुलडोजर और सीलिंग की कार्रवाई नहीं होने देंगे। इस तरह से बुलडोजर चलाकर लोगों के घरों और दुकानों को उजाड़ना सही नहीं है। मैंने अपने विधायकों के साथ बैठक की थी और उनको कहा है कि आपको जेल भी जाना पड़े, तो डरना मत, लेकिन आपको जनता के साथ खड़ा रहना है। मुण्डका हादसे में कई लोगों ने अपनी सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए इमारत में फंसे दर्जनों लोगों की जान बचाई। जब इमारत में आग लगी थी, उसी वक्त दयानंद तिवारी नामक व्यक्ति क्रेन लेकर जा रहे थे। जैसे ही उन्होंने देखा कि इमारत में भीषण आग लगी है, तो उन्होंने लोगों की मदद करने की सोची।

# हंसराज कॉलेज के बाहर आईसा का विरोध-प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वामपंथ से जुड़े ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईसा) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की कोचिंग के लिए एक निजी कोचिंग संस्थान के साथ करार करने को लेकर यहां दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हंसराज कॉलेज के सामने मंगलवार को प्रदर्शन किया। यह करार हंसराज कॉलेज ने किया है। आईसा सदस्यों ने शिक्षा के बढ़ते निजीकरण का आरोप लगाते हुए कॉलेज के विरोध में नारेबाजी की। उनके हाथों में तख्तियां थी जिनपर हंसराज के प्राचार्य शर्म करें, डीयू में निजी कोचिंग नहीं चलेगी, बीकॉन आईएएस वापस जाओ जैसे नारे लिखे थे।

दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद के सदस्य आलोक पांडे ने कहा कि हंसराज कॉलेज ने निजी संस्थान बीकॉन इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर पिछले साल से ही दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आईएएस की परीक्षा पास करने के लिए कोचिंग दे रहा है।

दिल्ली आईसा के उपाध्यक्ष अभिज्ञान ने कहा, हमने हंसराज कॉलेज के उपप्राचार्य से भेंट की और उनसे यह आश्वासन मांगा कि कोचिंग कार्यक्रम निलंबित किया जाएगा। लेकिन हमें कोई आश्वासन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यदि कोचिंग की कक्षाएं नहीं रोकी गयीं, तो आईसा की ओर से फिर प्रदर्शन किया जाएगा। हंसराज कॉलेज की वेबसाइट पर जारी अधिसूचना के अनुसार आईएएस की परीक्षा की कोचिंग कक्षाओं के लिए शुल्क 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के प्राप्तांक के आधार पर भिन्न-भिन्न हैं। तीन वर्षीय कोचिंग कार्यक्रम के लिए न्यूनतम शुल्क 75000 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये है। अधिसूचना के अनुसार हंसराज कॉलेज में आईएएस की परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित कक्षाओं में प्रवेश दिल्ली विश्वविद्यालीय के सभी विद्यार्थियों के लिए खुला है।

क्लासिफाइड

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलों श्री सतप्रकाश पुत्र श्री करन सिह व श्रीमती पार्वती पत्नी श्री सतप्रकाश पता मकान नं० ए-12, 40 फुट रोड, नवादा ओम विहार फेस-5, नई दिल्ली --110059 ने अपने पुत्र परवीन सैनी व पुत्रवधु श्रीमती सीमा को उनके नियन्त्रण में न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिये हैं तथा उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर लिये है। अब मेरे मुवक्किल से उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु का कोई सन्बन्ध नही रहा है, यदि भविष्य में उक्त पुत्र व पुत्रवधु के साथ कोई व्यक्ति लेन देन करते हैं, तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे, इसम मेरे मुविक्कलों की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

एस. के. तिवारी अधिवक्ता
चैम्बर नं० 832,
जिला न्यायालय, द्वारका कोर्ट,
द्वारका, नई दिल्ली -110075
मो० नं० 9811947649

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


# आठ साल से बंद सामुदायिक केंद्र की नवीन गोयल ने ली सुध

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



पिछले करीब आठ साल से बंद पड़े सेक्टर-43 के सामुदायिक केंद्र की पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सुध ली है। निवासियों की मांग पर उन्होंने पहले क्षेत्र का दौरा करके पूरी स्थिति का जायजा लिया।

इसके बाद उन्होंने एचएसवीपी एस्टेट ऑफिसर-2 को क्षेत्र के मौजिज लोगों और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा बाली पंडित, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, विजय वर्मा आदि के साथ मांग पत्र सौंपा। सेक्टर-43 में रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, रॉ के पूर्व संयुक्त मुख्य सचिव कान्त, बिग्रेडियर एसकेएस राणा, दीपक कुमार वर्मा, सुबोध कुमार मिश्रा, वासु शास्त्री समेत कई लोगों ने नवीन गोयल को अवगत कराया कि सेक्टर-43 का सामुदायिक केंद्र यहां सेक्टर विकसित होने के साथ बना दिया गया था। बाद में इस सामुदायिक केंद्र को एक निजी टैंट हाउस संचालक को बैंक्वेट हॉल बनाने के लिए लीज पर दे दिया गया। इसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ी गई। कुछ समय पूर्व विभाग की ओर से सार्वजनिक सूचना दी गई है कि इसे फिर से बैंक्वेट हॉल बनाया जाएगा। यहां के निवासियों ने का कहना है कि सेक्टर विकसित होने के साथ ही सामुदायिक केंद्र बनाने का नियम होता है। इसके लिए पैसा भी घर खरीदारों का ही लगता है। यहां दर्जनों सोसायटी हैं और हजारों लोग रहते हैं। इन सबके लिए एक ही सामुदायिक केंद्र हैं। यह सभी की जरूरत है। ऐसे में सामुदायिक केंद्र का स्वरूप बदलना सही नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग को आरटीआई भी लगाई गई थी, लेकिन कोई जानकारी नहीं दी गई। सोसायटी के लोगों ने बताया कि बंद सामुदायिक केंद्र से लगातार सामान भी चोरी हो रहा है।

**मांग**
- सामुदायिक केंद्र सोसायटी को सौंपने की मांग

एचएसवीपी एस्टेट ऑफिसर-2 को मांग पत्र सौंपते हुए भाजपा नेता नवीन गोयल ने कहा है कि लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए इस सामुदायिक केंद्र को बैंक्वेट हॉल में तब्दील ना किया जाए। क्षेत्र में रहने वाले लोगों के छोटे-मोटे पारिवारिक कार्यक्रम होते रहते हैं। उनके लिए कोई ऐसी जगह नहीं है जहां वे कम खर्च में अपने कार्यक्रम कर सकें। इसलिए जरूरी है कि सामुदायिक केंद्र का अस्तित्व बना रहे।

## इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गुरुग्राम। मानेसर रोड स्थित एक होटल में मंगलवार को इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल कार्यक्रम का आयोजन गुडगांव में पहली बार किया गया। आईजीआई के प्रबंध निदेशक तहमास्प प्रिंटर ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य हीरों के गहनों में सटीक ग्राइंडिंग के बारे में जागरुकता बढ़ाना और उसके मूल स्थान का खुलासा करना है। हीरों की ग्राइंडिंग व प्रमाण महत्वपूर्ण है। क्योंकि हर ग्राहक उनके हीरों को बेशकीमती बनाने वाले हर पहलू की जानकारी पाने का अधिकार है। आईजीआई भारत में अपना कार्य शुरू करने के समय से ही ग्राइंडिंग क्षेत्र के जनक हैं। उन्होंने काफी कम समय में ही गहनों की ग्राइंडिंग और प्रमाणन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तरों के अनुसार सबसे आधुनिक तकनीकें और प्रणालियां विकसित की हैं। उन्होंने कहा कि भारत के 42 बारीक आभूषण निमार्ताओं के लिए एक मंच तैयार किया गया है। आईजीआई भारत में सबसे भरोसेमंद हीरों की प्रमाणन संस्था के रुप में उभर कर आया है। कार्यक्रम के दौरान न केवल गुडगांव, दिल्ली-एनसीआर बल्कि अन्य राज्यों के व्यापारियों ने भी भाग लिया।

# शहर के आवासीय, सैक्टरों आदि क्षेत्रों में बना है होर्डिंग्स व बैनर का जाल

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता




शहर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, सैक्टरों के अलावा मुख्य सडकों व राजमार्गों के साईड में लगाए गए होर्डिंग्स, बैनर आदि वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबव बने हुए हैं। हालांकि नगर निगम आयुक्त द्वारा करीब 2 सप्ताह पूर्व इन्हें हटाने के आदेश दिए गए थे, जिसके बाद कुछ स्थानों पर नगर निगम ने कार्यवाही करते हुए कुछ बैनर व होर्डिंग्स को उतार दिया तो कुछ को फाड़ दिया। लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कुछ होर्डिंग्स व बैनर ज्यों के त्यों लगे हुए हैं।

कार्यवाही होने के बाद फिर से होर्डिंग्स व बैनर लगा दिए गए थे। कुछ लोगों ने यहां तक हद कर दी कि जो नगर निगम द्वारा दिशा सूचक बोर्ड लगाए गए थे, उन पर ही होर्डिंग्स व बैनर लगा दिए गए हैं, जिससे शहर में बाहर से आने वाले लोगों को यह पता ही नहीं लग पाता कि कौन सा मार्ग किस क्षेत्र को जाता है। ऐसा कार्य करने वालों में विशेषतौर पर सत्तापक्ष के लोग भी शामिल हैं। शहर के बुद्धिजीवियों का कहना है कि जब किसी नेता का जन्मदिन हो या उसका स्वागत समारोह हो उसके स्वागत के लिए इस प्रकार के होर्डिंग्स व बैनर लगा दिए जाते हैं, जिसके कारण वाहन चालक असमंजस की स्थिति में रहते हैं और इनको पढने के चक्कर में कई बार दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उनका कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी इस प्रकार के होर्डिंग्स व बैनर लगाकर आदेशों की उल्लंघना की जा रही है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा से मांग की है कि नगर निगम इस प्रकार के होर्डिंग्स व बैनर के विरुद्ध लगातार अभियान चलाए। शहर की गलियों, सडकों के किनारे लगे खंभों से होर्डिंग्स व बैनर को हटाया जाए ताकि शहर की सुंदर बनी रहे और अवैध रुप से होर्डिंग्स व बैनर लगाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

**असमंजस**
- वाहन चालक पड़ जाते हैं असमंजस की स्थिति में
- कार्यवाही होने के बाद फिर से होर्डिंग्स व बैनर लगा दिए गए थे

# यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस प्रशासन करे कार्यवाही



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चालक चौक-चौराहों पर देखे जा सकते हैं।

कई बार इस प्रकार की लापरवाही से सडक दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं और वाहन चालक अकाल मृत्यु का शिकार हो जाता है। नगर निगम प्रशासन व पुलिस प्रशासन दोनों को मिलकर संयुक्त रुप से मिलकर सडक दुर्घटनाओं पर काबू पाने केलिए शहर के मुख्य चौराहों के अलावा मुख्य सडकों पर सफेट पट्टी तथा जेब्रा क्रॉसिंग के लिए पट्टी लगाई जाएं। शहर के प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि राजधानी दिल्ली की भांति जो वाहन चालक सडक के बीचों बीच बनाई गई पट्टी के दोनों ओर चलता है, उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए और दिल्ली पुलिस की भांति गुरुग्राम पुलिस को ऐसे वाहन चालक के खिलाफ चालान करने करने चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि चौराहों पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाती है, ताकि वाहन चालक उस पट्टी से आगे न बढ़ सके और पैदल राहगीर आराम से रास्ता पार कर सके।

जबकि शहर में कई बार देखा गया है कि वाहन चालक जेब्रा क्रॉसिंग को पार देते हैं। नियम के अनुसार उस पट्टी के आगे वाहन नहीं जाना चाहिए। कुछ लोग इन नियमों की अनदेखी करते दिखाई देते हैं। ऐसे वाहन चालकों पर भी पुलिस प्रशासन सख्ती से कार्यवाही करे ताकि सडक दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

# बिजली की अघोषित कटौती से शहरवासी परेशान



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के चलते बिजली की अघोषित कटौती जारी है। कई-कई घंटों के कट लग रहे हैं।

पुराना गुडगांव हो या फिर नया गुडगांव तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिन-प्रतिदिन बिजली का संकट गहराता जा रहा है। बिजली की अनियमित आपूर्ति से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। लोगों को रात्रि में बिना बिजली के रहना पड़ रहा है। रात्रि में लोग छतों पर टहलकर बिजली आने की प्रतीक्षा करते दिखाई देते हैं। दिन के समय तो और भी हालात खराब हैं।

महिलाएं हाथ का पंखा झलकर बढ़ती गर्मी से राहत पाने के असफल प्रयास करती दिखाई देती हैं। ऐसा लगता है कि अब गुडगांव प्राचीन काल में पहुंच गया है। क्योंकि प्राचीन काल में बिजली की व्यवस्था नहीं होती थी और लोग हाथ के पंखे से ही गर्मी से निजात पाने की कोशिश करते थे। बहुत से क्षेत्रों में लो वॉल्टेज की समस्या का सामना भी शहरवासियों को करना पड़ रहा है।

इस सब पर बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहर में बिजली की कोई कमी नहीं है। तकनीकी गड़बड़ी के चलते ही बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। शहरवासी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि जब बिजली की कोई कमी नहीं है तो फिर कई-कई घंटे की बिजली की अघोषित कटौती क्यों की जा रही है।

**समस्या**
- कई-कई घंटों के लग रहे हैं बिजली कट, पेयजल आपूर्ति भी हो रही है बाधित

## सूक्ष्म, लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए आवेदन 27 मई तक आमंत्रित

गुरुग्राम। आजादी अमृत महोत्सव के तहत सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग हरियाणा द्वारा 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-2020, 2020-21 वित्तीय वर्षों के लिए राज्य पुरस्कार हेतु आवेदन मांगे गए है जिसकी अंतिम तिथि 27 मई 2022 है। उपायुक्त निशान्त कुमार यादव ने बताया कि योजना के तहत वे उद्यम पात्र होंगे जो पिछले तीन वर्षों से हरियाणा में कार्यरत हो तथा जिनके पास यूआरसी और एच यू एम में पंजीकरण हो। उन्होंने बताता कि इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणीयों में पांच लाख की राशि के राज्य पुरस्कार दिए जा रहे हैं, जिनके लिए कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, ऑटों मोबाईल, ऑटों पार्टस, कपड़ा उद्योग, फार्मा उद्योग, आईटी, फुटवियर एवं रक्षा आदि श्रेणीयों में काम करने वाले उद्यम योग्य होगें। इच्छुक उद्यम विभाग के वेब पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री आज होंगे गुरुग्राम में



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज गुरुग्राम पधार रहे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दो अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया जाएगा।जारी दौरा कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर बाद गुरुग्राम के होटल क्राउन प्लाजा में ग्लोबल सिटी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। इस अवसर पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान इंडस्ट्री लीडर्स और एचएसआईआईडीसी के कई अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। इस राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री इंडस्ट्री लीडर्स के साथ ग्लोबल सिटी विकसित करने को लेकर चर्चा करेंगे। इसके बाद, मुख्यमंत्री सायंकाल के दौरान लोक निर्माण विश्राम गृह में रेजांगला चौक से लेकर सेक्टर-21 द्वारका तक के हिस्से की कॉनेटिविटी को लेकर तैयार की जा रही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## सृष्टि के प्रथम पत्रकार महर्षि नारद मुनि की जयंती मनाई धूमधाम से

गुरुग्राम। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के अलावा पत्रकार संगठनों ने सृष्टि के प्रथम पत्रकार महर्षि नारद मुनि की जयंती पर मंगलवार को कार्यक्रमों का आयोजन किया। वक्ताओं ने कहा कि नारद जयंती हर साल कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि पर मनाई जाती है। नारदजी विष्णु भगवान के परम भक्तों में से एक माने जाते हैं। देवर्षि नारद मुनि विभिन्न लोकों में यात्रा करते थे, जिनमें पृथ्वी, आकाश और पाताल का समावेश होता था। ताकि देवी-देवताओं तक संदेश और सूचना का संचार किया जा सके। नारद मुनि के हाथ में हमेशा वीणा मौजूद रहता है। उन्होंने गायन के माध्यम से संदेश देने के लिए अपनी वीणा का उपयोग किया। देवर्षि नारद व्यासजी, वाल्मीकि तथा परम ज्ञानी शुकदेव जी के गुरु माने जाते हैं। कहा जाता है कि नारद मुनि सच्चे सहायक के रूप में हमेशा सच्चे और निर्दोष लोगों की पुकार श्री हरि तक पहुंचाते थे। इन्होंने देवताओं के साथ-साथ असुरों का भी सही मार्गदर्शन किया।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर किया कार्यक्रम का हुआ आयोजन



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर सैक्टर 10 स्थित सिविल अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पीएमओ डा. उमेश मेहता, डा. जोगेंद्र व डा. नवीन कुमार आदि शामिल हुए और उन्होंने मरीजों को उच्च रक्तचाप से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सही खान-पान और नियमित शारीरिक जांच कराने पर उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह अपने भोजन में घी व नमक का कम ही इस्तेमाल करें। उच्च रक्तचाप से कई अन्य बीमारियां भी हो सकती हैं। डा. उमेश मेहता ने बताया कि गर्भवती महिलाओं और कम आयु के बच्चों में भी इस प्रकार की समस्या देखने को मिल रही हैं। उन्होंने आग्रह किया कि लोग समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की चिकित्सकों से जांच कराते रहें, ताकि उच्च रक्तचाप का पता चल सके। उच्च रक्तचाप का ह्रदय पर गलत असर पड़ता है और ह्रदय घात होने का अंदेशा बना रहता है। गंभीर बीमारियां उच्च रक्तचाप के कारण ही होती हैं।

# कपिल सलूजा (लवली) बने श्री दुर्गा रामलीला कमेटी ट्रस्ट के प्रधान

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



श्री दुर्गा रामलीला कमेटी ट्रस्ट के द्विवर्षीय चुनाव श्री दुर्गा रामलीला कमेटी ट्रस्ट के चेयरमैन बनवारी लाल सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुए।

संस्था के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा कला परिषद के निदेशक प्रो. संजय भसीन ने प्रधान पद के लिए कपिल सलूजा (लवली) का नाम प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन राजेश जैन, राम प्रकाश ठाकुर, केसी नारंग, रमेश कालरा, विकास गुप्ता, जगभूषण गुप्ता, यशपाल सैनी, रजनीश पाहुजा, प्रदीप गुप्ता, अशोक प्रजापति, सतीश माचिवाल, नरेश सैनी, देविंदर जैन, कमल सलूजा, संजय दुआ, आशू गुप्ता, धीरज गुप्ता, मुकेश राज, गगनदीप सैनी, उमेश सैनी, दिलीप सिवान, गगन गुलाटी, खुशी राम, अमित सैनी, संजय माचिवाल सभी ने पूर्ण रुप से समर्थन किया। कपिल सलूजा (लवली) को सर्वसम्मति से पुनः प्रधान चुना गया। सभी सदस्यों ने कपिल सलूजा (लवली) को प्रधान चुने जाने पर नगर निगम की मेयर मधु आजाद, पार्षद सीमा पाहूजा, रजनी साहनी, समाजसेवी अशोक आजाद, भाजपा के वरिष्ठ नेता दलीप लूथरा, पवन पाहूजा, पूर्व पार्षद दलीप साहनी सहित शहर की दर्जनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा राजनैतिक, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी बधाई दी। नवनियुक्त प्रधान कपिल सलूजा (लवली) ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाह करेंगे तथा सदस्यों के सहयोग से धर्म, संस्कृति को बढ़ावा देते रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

# विश्व संवाद केंद्र, मानेसर व स्कूल ऑफ जर्नलिस्म एंड मास कम्युनिकेशन ने मनाई नारद जयंती


सोहना, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हरियाणा के सह-प्रान्त प्रचारक सुरेंदर पाल ने पत्रकारों को समाज में सकारातमक नैरेटिव स्थापित कर आमजन के कल्याण में कार्य करने का आह्वान किया। मुख्या वक्त के रूप में सुरेंदर पाल आज के आर मंगलम विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित नारद जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय विचार गोष्ठी पत्रकारिता का बदलता स्वरुपः कल, आज और कल विषय पर पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। इस गोष्ठी का आयोजन विश्व संवाद केंद्र, मानेसर व स्कूल ऑफ जर्नलिस्म एंड मास कम्युनिकेशन, के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उन्होंने कहा कि संसार में भारत को सपेरों का, पीछड़े लोगों का देश तथा आर्य बहार से आये जैसे नैरेटिव स्थापित कर भारत कि छवि बिगड़ने का कार्य किया गया जोकि गलत है। इसलिए मीडिया कि भूमिका और अधिक सकारात्मक होने कि आवश्यकता है। इस अवसर पर फ्रर के गुरुग्राम विभाग के प्रचार प्रमुख अनिल कश्यप, मानेसर जिला के सुधीर मुदगिल, सोहना के प्रचारल तरुण राघव, के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के उपकुलपति चंद्रशेखर दुबे, स्कूल ऑफ जर्नलिस्म एंड मास कम्युनिकेशन, के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय की डीन किरण बाला खन्ना, रजिस्ट्रार ग्रुप कप्तान प्रवीण महाजन, गुरुग्राम विभाग के पत्रकार संपर्क प्रमुख संजीव आहूजा,प्रोफेसर डॉ गौरव, सहित कई मीडिया कर्मी, मीडिया छात्रों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के उपकुलपति चंद्रशेखर दुबे ने अपने अभिभाषण में पत्रकारों को सकारात्मक पटरलरिका करने के लिए आह्वान किया।

# मुख्यमंत्री उडन दस्ता व पुलिस की टीमों ने इराकी नागरिक को किया गिरफ्तार

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री उडन दस्ता व थाना सैक्टर 50 की संयुक्त टीमों द्वारा विदेशों से इलाज के लिए आए विदेशी नागरिकों के लिए इंटर प्रेटर/एजेंट का काम करने वाले इराकी नागरिक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि मुख्यमंत्री उडन दस्ता को काफी समय से सूचनाएं मिल रही थी कि काफी विदेशी नागरिक जो भारत में स्टूडेंट वीजा व मेडिकल वीजा लेकर जिले के बड़े अस्पतालों में आए विदेशी मरीजों के लिए इंटर प्रेटर का काम कर रहे हैं जिस सूचना पर संयुक्त टीम बनाकर इराकी व्यक्ति जो विदेश से ईलाज कराने के लिये आये लोगों के लिए इंटर प्रेटर /ऐजेंट का कार्य करता मिला। टीमों ने ईराकी नागरिक याहा मोहम्मद शहीद को गिरफ्तार कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि इराकी नागरिक से पूछताछ में पता चला कि वह अपनी पत्नी और अपने 9 माह के बच्चे के साथ फरवरी 2022 से सेक्टर 52 में रह रहा था और उससे पहले वह गुरुग्राम में कही और रहता था और विदेश से इलाज के लिये आये मरीजों के लिये इंटरप्रेटर/एजेंट का काम करता था। वह स्टूडेंट वीजा लेकर यूपी लखनऊ में आया था। जो अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहा है। जिसका वीजा 2 फरवरी को समाप्त हो चुका है। जिसके द्वारा अपने वीजा की एक्सटेंशन अवधि बढ़ाने के लिए लखनऊ में अप्लाई किया हुआ है, लेकिन अभी तक वह पेंडिंग है। इसके द्वारा गुरुग्राम में रहकर काफी समय से इंटर प्रेटर का कार्य कंपनी के मार्फत कर रहा था। इसके साथ- साथ मकान मालिक के द्वारा बिना पुलिस वेरिफिकेशन और बिना सी फॉर्म भरे अपने मकान पर किराए पर रखा हुआ था यह भी जांच का विषय है।

**जानकारी**
- विदेशी नागरिकों के लिए करता था इंटर प्रेटर/एजेंट का काम

# 23 से 29 मई के बीच चलेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम जिला में बच्चों, किशोरों व युवाओं को कृमि रोग से सुरक्षित रखने के लिए 23 से 29 मई के बीच संचालित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों के स्वास्थ्य पर अनेक हानिकारक प्रभाव होते हैं, जिससे बच्चा कुपोषण, खून की कमी, भूख न लगना, बेचैनी, पेट में सूजन, उल्टी दस्त से परेशान रहता है। ऐसे में उपरोक्त अभियान के तहत कृमि संक्रमण से बचने के लिए कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल की टेबलेट्स स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क दी जाएगी। वहीं जिला में डोर टू डोर अभियान चलाने के साथ साथ स्कूलों में भी विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस रोग से मुक्ति दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निर्देश देने के साथ साथ जिला के सभी अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि इस अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने में अपना योगदान अवश्य दे। जिला सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव ने बताया कि अभियान के तहत डोर टू डोर के माध्यम से जिला में एक वर्ष से उन्नीस वर्ष की आयु वर्ग के 5 लाख 50 हजार बच्चों व प्रजनन आयु वर्ग यानी 20 से 24 वर्ष की 99 हजार 200 महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान को 2 राउंड में विभाजित किया है। पहला राउंड 23 से 26 मई के बीच होगा जिसमें निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति के लिए गम्भीरता से कार्य किया जाएगा। इसके बावजूद यदि कोई बच्चा अथवा महिला पहले राउंड में छूट जाता है तो उसकी पहचान कर उनकों 27 से 29 मई के बीच दूसरे राउंड में शामिल किया जाएगा।

# ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मिला राज्यपाल से



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल असम व नागालैंड के महामहिम राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी मिले। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महाचिव अनिल राव ने बताया कि गुडगांव में 14 जुलाई से आयोजित की जाने वाली 3 दिवसीय प्रदर्शनी के लिए राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी को निमंत्रण दिया।

उन्होंने बताया कि असम राज्य के डेकोरेटर्स नो एंट्री की समस्या से जूझ रहे हैं। हरियाणा की तर्ज पर वहां पर भी डेकोरेटर्स को कम से कम एक गाड़ी की 24 घंटे के लिाए अनुमति दी जाए, ताकि टेंट कारोबारी अपना काम सुचारु रुप से कर सकें। उन्होंने जीएसटी से संबंधित समस्याओं को लेकर भी उनसे चर्चा की। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रतिनिधिमंडल की समस्या का समाधान कराया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में रवि जिंदल, अशोक चावला, देवेंद्र पांडा, पंकज शौकीन, वासुंदर राय, तपन हलधर, सरत दास आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

## चीन को दो टूक

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर पड़ोसी देश नेपाल के लुंबिनी पहुंचे। प्रधानमंत्री ने यहां लुंबनी में मायादेवी मंदिर में पूजा की, पवित्र पुष्कर्णी तालाब और अशोक स्तंभ की परिक्रमा की। भारत की मदद से बन रहे बुद्धिस्ट कल्चरल सेंटर के भूमि-पूजन में भी शामिल हुए। इस दौरान दोनों देशों के बीच सात अहम समझौते किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा कूटनीतिक लिहाज से काफी अहम है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पांचवी बार नेपाल यात्रा है। वहीं, नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा दो बार भारत आ चुके हैं। 2017 और हाल ही में 2022 में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने समकक्ष नेपाली प्रधानमंत्री देउबा के साथ जल विद्युत, विकास और कनेक्टिविटी जैसे मसलों पर चर्चा की। नेपाल में प्रमुख रूप से दो राजनीतिक पार्टियों का दबदबा है। पहला कम्युनिस्ट पार्टी और दूसरा नेपाली कांग्रेस। अभी नेपाली कांग्रेस पार्टी की सरकार है। 13 जुलाई 2021 को ही शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बने थे। इसके पहले 2018 से 2021 तक कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे। केपी शर्मा के कार्यकाल के दौरान भारत-नेपाल के रिश्तों में काफी खटास आई थी। शर्मा कम्युनिस्ट विचारधारा के थे और वह चीन के प्रभाव में थे। उन दिनों चीन की राजदूत का दखल सीधे प्रधानमंत्री से लेकर नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय तक था। इससे भारत और नेपाल के बीच कई विवाद शुरू हो गए थे। दोनों देशों में तनाव की स्थिति बन गई थी। नेपाल और चीन के बीच नजदीकियां बढने का असर भारत पर पड़ेगा। नेपाल पर ज्यादा प्रभाव डालकर चीन उसकी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर सकता है। यह सबसे खतरनाक स्थिति होगी। ऐसे में भारत को हर हाल में नेपाल से अपने रिश्ते सही रखने होंगे, वहीं नेपाल को भी चीन से सावधान रहने की जरूरत है। जब से देउबा प्रधानमंत्री बने हैं, भारत-नेपाल के रिश्तों में सुधार देखने को मिला है। यह अच्छी बात है। नेपाल को श्रीलंका के हालातों से सीख लेनी चाहिए। अगर नेपाल किसी भी तरह से चीन पर निर्भर हो जाता है तो आने वाले समय में उसकी हालत बहुत बुरी हो जाएगी। भारत-नेपाल के बीच अच्छे रिश्ते दोनों के लिए जरूरी हैं। चीन के कर्ज तले दबा श्रीलंका बर्बाद हो गया है। आर्थिक, सामाजिक स्थिति को काफी नुकसान पहुंचा है। लोग भूखे सोने को मजबूर हैं। महंगाई चरम सीमा पर है। ऐसे समय में भी चीन ने अपना कर्ज न तो माफ किया और न ही ब्याज पर कोई छूट दी, लेकिन श्रीलंका को भारत का सहारा मिला। इस कठिन परिस्थिति में भारत ने श्रीलंका की न केवल आर्थिक मदद की बल्कि खाद्य, तेल व अन्य जरूरी संसाधन भी मुहैया करा रहा है। इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते जहां, मजबूत हो रहे हैं, वहीं श्रीलंका और चीन के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं। श्रीलंका और नेपाल ही नहीं पिछले कुछ साल में चीन ने भूटान, म्यांमार, मालदीव में भी भारत के रिश्तों को खराब करने की कोशिश की थी। हालांकि, समय रहते भारत ने इन सभी को संभाल लिया। कोरोना के दौरान भारत ने भूटान को काफी मदद दी। इसी तरह म्यांमार में राजनीतिक हालात खराब थे। सेना ने वहां की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद पूरी दुनिया ने म्यांमार को मदद भेजना बंद कर दिया। भारत ने म्यांमार सेना की इस कार्रवाई की तो निंदा की, लेकिन वहां के लोगों के लिए मदद जरूर जारी रखी। मालदीव में भी चीन ने मुख्य विपक्षी पार्टी के साथ मिलकर भारत विरोधी आंदोलन शुरू करवाया। हालांकि, सत्ताधारी पार्टी ने इस आंदोलन को ज्यादा तवज्जो नहीं दिया। इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते अभी भी काफी अच्छे हैं। शेर बहादुर देउबा ने बीते साल जुलाई में जब नेपाल की कमान संभाली थी, तभी से यह अनुमान लगाए जाने लगे थे कि उनके दौर में भारत से दोस्ती बढ़ेगी। उनसे पहले पीएम रहे केपी शर्मा ओली को चीन का करीबी माना जाता था, जबकि देउबा सभी देशों के साथ समान रिश्तों के पक्षधर रहे हैं। इसके अलावा भारत से उनकी करीबी भी रही है। एक साल पहले बेहतर रिश्तों के लिए लगाए गए कयास अब सही साबित होते दिख रहे हैं और इसमें भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की अहम भूमिका है। सवाल यह भी है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल यात्रा के लिए बुद्ध पूर्णिमा का दिन ही क्यों चुना? दरअसल मोदी जानते हैं कि महात्मा बुद्ध कैसे नेपाल और भारत की साझा विरासत हैं। नेपाल पड़ोसी देश के साथ ही भारत का सांस्कृतिक साझेदार भी रहा है और काफी करीब रहा है। हालांकि बीते कुछ वर्षों में अलग-अलग सरकारों के दौर में नेपाल की चीन से भी करीबी बढ़ी है, लेकिन भारत का असर अब भी उस पर गहरा है। इसी असर को बनाए रखने और सांस्कृतिक एकता का संदेश देने के लिए पीएम मोदी ने यह अवसर चुना है।

## कांग्रेसः न नेता और न नीति



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कांग्रेस का चिंतन-शिविर समाप्त हो गया लेकिन क्या वह उसकी चिंता समाप्त कर पाया? कांग्रेस की चिंता तो अब भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। कांग्रेस की चिंता वास्तव में भारत के लोकतंत्र की भी चिंता है, क्योंकि सशक्त विरोधी दल के बिना कोई भी लोकतंत्र जल्दी ही प्रवाह पतित हो सकता है। वैसा लोकतंत्र बिना ब्रेक की मोटर गाड़ी बन जाता है। किसी भी पार्टी को सशक्त होने के लिए नीति और नेता की जरुरत होती है। हम देखें कि इस उदयपुर शिविर में से किस नीति का उदय हुआ है। सोनिया गांधी ने कहा कि अब कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा चलाएगी। इस समय क्या भारत टूट रहा है? उसे जोड़ने की बजाय कांग्रेस को जोड़ना ज्यादा जरुरी है। कांग्रेस अंदर और बाहर दोनों तरफ से टूट रही है। स्वयं राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा है कि कांग्रेसी नेता हमेशा यही सोचते रहते हैं कि मुझे क्या मिला? (वैसे सोनिया, राहुल और प्रियंका को तो यह सोचने की जरूरत ही नहीं पड़ती है)। इसीलिए कांग्रेस हर प्रांत में अंदर से टूट रही है। मध्यप्रदेश में उसकी सरकार क्यों गिरी? राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्रियों की कुर्सियां क्यों डगमगाती रहती हैं? कांग्रेस के कई मुख्यमंत्री और मंत्री पार्टी छोड़कर विरोधी दलों में क्यों शामिल हो रहे हैं? इस वक्त कांग्रेस की सरकारें जिन प्रांतों में हैं, वे प्रांतीय नेताओं के दम पर टिकी हुई हैं। इसीलिए राहुल गांधी का यह कहना तर्कसंगत नहीं लगता कि भाजपा से सिर्फ अकेली कांग्रेस ही लड़ सकती है, वह एक मात्र अखिल भारतीय विरोधी पार्टी है और वह एक मात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास विचारधारा है। यहां कम्युनिस्ट पार्टी का जिक्र जरुरी नहीं है लेकिन क्या यह सत्य है कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की कोई विचारधारा नहीं है? राहुल का कहना है कि भाजपा सिर्फ सत्तालोभी और देशतोड़ू पार्टी है। क्या कांग्रेस सत्तालोभी नहीं है? भाजपा के पास तो सही या गलत, एक विचारधारा है लेकिन कांग्रेस के पास क्या है? न उसके पास गांधीवाद है, न समाजवाद है, न गरीबी हटाओ है और न ही ह्यभारत को महासंपन्न बनाओ या महाशक्ति बनाओ है। उसके पास सिर्फ सत्तारुढ़ दलों की लचर-पचर आलोचना है, जो लोगों के सिर पर से निकल जाती है। उसके नेताओं को इस समय देश की नहीं, खुद की चिंता है। इसी चिंता ने इस महान पार्टी को अब प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना दिया है। उसी की देखादेखी लगभग सभी प्रांतों में पारिवारिक पार्टियां खड़ी हो गई हैं। इस चिंतन शिविर में एक भी वक्ता की हिम्मत नहीं पड़ी कि वह इस पारिवारिक प्रपंच के विरूद्ध मुंह खोले। यह सुसंयोग है कि वर्तमान सत्तारुढ़ पार्टी अभी तक पारिवारिक प्रपंच में नहीं फंसी है, हालांकि वह भी लगभग उसी रास्ते पर चल पड़ी है। 50 साल से कम आयु के लोगों को प्रमुखता देने का इरादा तो ठीक है लेकिन उसमें से भी परिवारवाद की बू आ रही है। एक परिवार, एक टिकिट की बात, उसमें भी 5 वर्ष की शर्त, क्या चोर दरवाजे से परिवारवाद को ही चलाना नहीं है? दूसरे शब्दों में इस चिंतन शिविर ने तो कांग्रेस के लिए न तो कोई नई नीति दी और न ही कोई नेता दिया।

## समान नागरिक संहिता मुस्लिम महिलाओं के लिए सम्मानजनक कानून है

**मानवता के नाते जिस समाज को वृद्धा की सहायता करनी चाहिए थी, वही उसका शत्रु बन गया। आज भी यही स्थिति है। मुस्लिम समाज में शाह बानो जैसी महिलाओं की कमी नहीं है। मुस्लिम समाज में ऐसे मामले सामने आते रहते हैं कि पति ने तीन तलाक कहकर पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। ऐसी स्थिति में पीड़ित महिला का कोई साथ नहीं देता। मुस्लिम समाज की महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पहले भाजपा सरकार ने तीन तलाक को रोकने का कानून बनाया और अब समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रयासरत है। भाजपा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि यदि भाजपा सत्ता में आती है, तो देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।**





डॉ. सौरभ मालवीय
लेखक मीडिया प्राध्यापक एवं राजनीतिक विश्लेषक है

समान नागरिक संहिता को लेकर देशभर में एक बार फिर से बहस जारी है। देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात बार-बार उठती रही है, परन्तु इस पर विवाद होने के पश्चात यह मामला दबकर रह जाता है। किन्तु जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की वापसी हुई है, तब से यह मामला फिर से चर्चा में है। जहां भाजपा इसे देशभर में लागू करना चाहती है, वहीं मुस्लिम संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समाज में विवाह कानूनों को लेकर ब्रिटिश शासनकाल से ही विवाद होता रहा है, क्योंकि मुसलमानों में बहु पत्नी प्रथा का चलन है। शरीयत के अनुसार पुरुषों को चार विवाह करने का अधिकार है। ऐसी स्थिति में मुस्लिम समाज में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय होगी, यह सर्वविदित है। पति जब चाहे पत्नी को तीन तलाक कहकर घर से निकाल देता है। ऐसी स्थिति में महिला का जीवन नारकीय बन जाता है। शाह बानो प्रकरण ने लोगों का ध्यान इस ओर खींचा था। वर्ष 1978 में शाह बानो नाम की वृद्धा को उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। उसके पांच बच्चे थे। पीड़ित महिला के पास जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं था। उसके पति ने उसे गुजारा भत्ता देने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। इस पर महिला ने न्यायालय का द्वार खटखटाया। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचने में सात वर्ष लग गए। वर्ष 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने उसके पति को निर्देश दिया कि वह अपनी तलाकशुदा पत्नी को जीविकोपार्जन के लिए मासिक भत्ता दे।

न्यायालय ने यह निर्णय अपराध दंड संहिता की धारा-125 के अंतर्गत लिया था। विदित रहे कि अपराध दंड संहिता की यह धारा सब लोगों पर लागू होती है चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय से संबंध रखते हों। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति बेहतर हो जाती, परन्तु कट्टरपंथियों को यह सहन नहीं हुआ और उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय का कड़ा विरोध किया। उन्होंने ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड नाम की एक संस्था का गठन किया तथा सरकार को देशभर में आन्दोलन करने की चेतावनी दे डाली। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के आगे झुक गए था तथा उनकी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। इससे शाह बानो के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया।

मानवता के नाते जिस समाज को वृद्धा की सहायता करनी चाहिए थी, वही उसका शत्रु बन गया। आज भी यही स्थिति है। मुस्लिम समाज में शाह बानो जैसी महिलाओं की कमी नहीं है। मुस्लिम समाज में ऐसे मामले सामने आते रहते हैं कि पति ने तीन तलाक कहकर पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। ऐसी स्थिति में पीड़ित महिला का कोई साथ नहीं देता। मुस्लिम समाज की महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पहले भाजपा सरकार ने तीन तलाक को रोकने का कानून बनाया और अब समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रयासरत है। भाजपा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि यदि भाजपा सत्ता में आती है, तो देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। वर्ष 1998 में भी भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने का वादा किया था।


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा शासित राज्यों में सामान नागरिक संहिता कानून लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में चुनाव से ठीक पहले हमने समान नागरिक संहिता कानून लाने की घोषणा की थी। अब इसे विधानसभा से पारित करके कानून बना लिया जाएगा। इसी प्रकार अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी इसे लागू कर दिया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए शीघ्र ही एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा और राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि इसे देश-प्रदेश में लागू किया जाना चाहिए, ऐसा करना अत्यंत आवश्यक है। उनका यह भी कहना है कि प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता कानून लागू करने पर विचार कर रही है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के बारे में सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं के लिए एक सम्मान का विषय है।

उल्लेखनीय है कि समान नागरिक संहिता के अंतर्गत देश में निवास करने वाले सभी लोगों के लिए एक समान कानून का प्रावधान किया गया है। धर्म के आधार पर किसी भी समुदाय को कोई विशेष लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। इसके लागू होने की स्थिति में देश में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर एक ही कानून लागू होगा, अर्थात

कानून का किसी धर्म विशेष से कोई संबंध नहीं रह जाएगा। ऐसी स्थिति में अलग-अलग धर्मों के पर्सनल लॉ समाप्त हो जाएंगे। वर्तमान में देश में कई निजी कानून लागू हैं, उदाहरण के लिए मुस्लिम पर्सनल लॉ, इसाई पर्सनल लॉ एवं पारसी पर्सनल लॉ। इसी प्रकार हिंदू सिविल लॉ के अंतर्गत हिंदू, सिख एवं जैन समुदाय के लोग आते हैं। समान नागरिक संहिता लागू होने से इनका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा तथा विवाह, तलाक एवं संपत्ति के मामले में सबके लिए एक ही कानून होगा। इसके दूसरी ओर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने समान नागरिक संहिता को असंवैधानिक और अल्पसंख्यक विरोधी बताते हुए सरकार से इसे लागू न करने की अपील है। बोर्ड का कहना कि भारत के संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को उसके धर्म के अनुसार जीवन जीने की अनुमति दी है। इसे मौलिक अधिकारों में सम्मिलित किया गया है। निःसंदेह देश में समान नागरिक संहिता लागू होने से मुस्लिम समाज की महिलाओं का जीवन स्तर बेहतर हो जाएगा। यह कानून मुस्लिम समाज से बहुपत्नी प्रथा का उन्मूलन करने में प्रभावी सिद्ध हो सकेगा, क्योंकि इस समाज के पुरुष अपनी पत्नी के जीवित रहते दूसरा, तीसरा एवं चौथा विवाह नहीं कर पाएंगे। इतना ही नहीं, संपत्ति में भी पुत्रियों को पुत्रों के समान ही भाग मिलेगा। इसमें दो मत नहीं है कि समान नागरिक संहिता मुस्लिम महिलाओं के लिए सम्मानजनक कानून है, जो उन्हें सम्मान से जीवन जीने का अधिकार देगा।

## 20 लाख ईवीएम मशीने गायब? सरकार और चुनाव आयोग की चुप्पी?

**कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी यह मुद्दा उठाया। कर्नाटक में कांग्रेस विधायक एचके पाटिल ने आरटीआई का हवाला देते हुए विधानसभा में जानकारी दी कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई 9.6 लाख ईवीएम और इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई 9.3 लाख ईवीएम 2016 से 2018 के बीच सरकारी रिकार्ड में गायब हो गई। लेकिन इस मामले में चुनाव आयोग चुप है। कर्नाटक विधानसभा में स्पीकर विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने इस मामले में चुनाव आयोग का पक्ष जानने की कार्यवाही की है। पाटिल ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की थी।**






सनत जैन
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत में चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली तथा लाखों ईवीएम मशीने गायब होने, चुनाव के दौरान अनाधिकृत रुप से ईवीएम के परिवहन का मुद्दा गमार्ता जा रहा है। ईवीएम से चुनाव गड़बड़ी होने के आरोप विगत कई वर्षों से विपक्षी दल लगाते रहे है। पिछले कुछ चुनावों में ईवीएम मशीनों के अवैध परिवहन की घटनाओं, मतदान के अवैध मतपत्रों की गिनती तथा लाखों ईवीएम मशीन गायब होने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ रहा है।

ईवीएम की गायब होना और अकल्पनीय चुनावी जीतों में क्या कोई सम्बन्ध है। यह प्रश्न लगातारपूछा जारहा है। हाल ही में कर्नाटक हाईकोर्ट में ईवीएम गायब होने का मुद्दा उठा था। कांग्रेस विधायक ने आरटीआई के हवाले से सदन में कहा था, कि 2016 से 2018 तक देश में 19 लाख ईवीएम गायब हैं।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी यह मुद्दा उठाया। कर्नाटक में कांग्रेस विधायक एचके पाटिल ने आरटीआई का हवाला देते हुए विधानसभा में जानकारी दी कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गईं 9.6 लाख ईवीएम और इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गईं 9.3 लाख ईवीएम 2016 से 2018 के बीच सरकारी रिकार्ड में गायब हो गईं। लेकिन इस मामले में चुनाव आयोग चुप है।

कर्नाटक विधानसभा में स्पीकर विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने इस मामले में चुनाव आयोग का पक्ष जानने की कार्यवाही की है।

पाटिल ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग भी की थी। उन्होंने 2750 पृष्ठ का जानकारी जिसे आरटीआई के माध्यम से ईवीएम बनाने वाली कंपनियां एवं चुनाव आयोग से किए गए, सवाल जवाब का ब्यौरा भी शामिल है। दस्तावेज के अनुसार ईवीएम बनाने वाली कंपनियों ने जो मशीनें चुनाव आयोग को सौंपी थी। उनमें से करीब 19 लाख मशीनों का कुछ अता-पता नहीं है। पाटिल ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के स्वतंत्र जांच कराने की मांग की थी। 9 लाख 64 हजार 270 मशीनें वापस ही नहीं मिली। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने यह भी दावा किया है कि उसने 2014 -15 के दौरान 62 हजार 183 मशीन सप्लाई की थी उनका भी कोई अता पता नहीं है. एसके पाटिल ने यह मुद्दा मार्च 2022 में विधानसभा में उठाया था। पाटिल ने कहा कि ईवीएम के परिवहन और खराब ईवीएम को डिस्पोज करने की प्रक्रिया में भी बहुत सी खामियां हैं। ईवीएम मशीनें बनाने वाली कंपनियों ने साफ कहा है कि ईवीएम मशीनों की उम्र 15 साल है। इसके बाद इनका उपयोग न किया जाए। किन्तु चुनाव आयोग ने एक्सपर्ट कमेटी की सिफारिश पर अमल नहीं किया और दूसरी तरफ अचानक जुलाई 2018 में नियम बना दिए गए।

2021 में प्रकाशित आयोग के मैन्युअल में इस बात का कहीं उल्लेख नहीं है, कि 15 साल से पुरानी ईवीएम को किस प्रकिया के तहत नष्ट किया जा रहा है। इस की जगह मैन्युअल में खोया-पाया नाम से एक चैप्टर जोड़ा गया है जिससे साफ जाहिर होता है, कि लाखों ईवीएम मशीनें गायब हुईं। तीन साल पहले 22 मई 2019 को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच में सीनियर एडवोकेट उमेश बोहरे ने कई दस्तावेजों के साथ एक जनहित याचिका में बताया था कि मरम्मत के लिए भेजी गयीं 20 लाख ईवीएम आयोग के पास वापस नहीं पहुंचीं। बॉम्बे हाईकोर्ट में आरटीआई कार्यकर्ता मनोरंजन रॉय ने 27 मार्च 2018 को भी ऐसी ही याचिका दायर की गयी थी। लेकिन केंद्र सरकार और चुनाव आयोग ने कोइ जवाब नहीं दिया।

ईवीएम की खरीद से लेकर वोटों की गिनती तक हर जगह गड़बड़ियॉ हैं। चुनाव आयोग ने कोर्ट को अभी तक नहीं बताया कि ईवीएम मशीन की खरीद में आयोग क्या प्रक्रिया अपनाता है। कई बार ईवीएम मशीनें की स्पीड-पोस्ट से भी मंगाई जाती है। 2019 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो 373 सीटें ऐसी थी जहां पर जो वोट डाले गए थे, उससे कहीं ज्यादा वोट ईवीएम की मशीनों में गिने गए। यूपी में मथुरा की सीट पर इस तरह का अंतर 9 हजार वोट का था। तमिलनाडु की 2 सीटों पर तो 18 हजार से ज्यादा अंतर आया था। बाकी सीटों पर भी 2 हजार से लेकर 15 हजार वोटों का तक अंतर था। इस गड़बड़ी का जवाब चुनाव आयोग ने आज तक नहीं दिया। अब ईवीएम मशीनों से चुनाव की सारी प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। यदि इसमें पारदर्शिता नहीं बरती गई, तो भारत की चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक व्यवस्था संकट में है।

## युद्ध दे रहा आत्मनिर्भरता का सबक

डा. अश्विनी महाजन

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के द्वारा पूर्वी यूक्रेन में विशेष सैनिक कार्रवाई के लिए अनुमति देने के बाद, 24 फरवरी 2022 से चल रहे यूक्रेन पर आक्रमण के चलते दुनिया भर में चिंता व्याप्त हो गई है, क्योंकि इससे दुनिया की शांति भंग हो सकती है। गौरतलब है कि 1991 में सोवियत संघ समाजवादी गणराज्य के विघटन के साथ एक स्वतंत्र देश यूक्रेन का जन्म जनमत संग्रह और राष्ट्रपति चुनाव के साथ हुआ था। यूक्रेन को पूरी उम्मीद थी कि रूसी आक्रमण के बाद अमरीका उसकी मदद के लिए हाथ बढ़ाएगा, लेकिन अमरीका द्वारा प्रत्यक्ष सैन्य मदद से इंकार के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अमरीका की भी आलोचना की है। ऐसा लगता था कि कहीं से भी मदद न मिलने के कारण ताकतवर रूस के साथ यूक्रेन की सेनाएं आत्मसमर्पण कर देंगी। लेकिन अमरीका और यूरोप द्वारा सैन्य सामग्री और अपनी इच्छाशक्ति से यूक्रेन ने अभी तक हार नहीं मानी है। वर्तमान संकट के बारे में यदि निष्पक्ष तरीके से देखा जाए तो ऊपरी तौर पर ऐसा लग सकता है कि यह किसी देश के ऊपर आक्रमण है। जैसा कि भारत ने कहा भी है कि सभी विवादों को बातचीत के माध्यम से हल किया जा सकता है, और ऐसा होना भी चाहिए। लेकिन यदि रूस के नजरिए से इस पर विचार किया जाए तो ध्यान में आता है कि शीतयुद्ध के समय से लेकर अभी तक एक ओर रूस और दूसरी ओर अमरीका एवं उसके मित्र अन्य ह्यनाटोह्व देशों के बीच लगातार एक तनातनी बनी हुई है। कोई संदेह नहीं, यूक्रेन द्वारा नाटो समूह में शामिल होने से रूस की सीमाओं पर नाटो उपस्थित हो जाएगा। ऐसे में रूस कभी भी नहीं चाहेगा कि किसी भी हालत में यूक्रेन नाटो का सदस्य बने। साथ ही साथ यह पहली बार नहीं है कि यूक्रेन के साथ रूस के संबंधों में टकराव की स्थिति आई है। जब-जब यूक्रेन ने नाटो के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ाने का प्रयास किया है, तब-तब रूस ने उसका प्रतिकार किया है।

यूं तो किसी भी मुल्क को किसी भी समूह में शामिल होने की स्वतंत्रता होती है, लेकिन रूस की चिंताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे में अमरीका और यूरोपीय समुदाय और इंग्लैंड द्वारा रूस पर प्रतिबंध इत्यादि की कार्रवाई से भी यूक्रेन को कोई लाभ होने वाला नहीं है। यूक्रेन को अमरीका या नाटो देशों द्वारा किसी भौतिक मदद के बिना, यूक्रेन रूस के खिलाफ इस लड़ाई में अकेला पड़ चुका है। ऐसे में भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा आपसी बातचीत के माध्यम से शांति के प्रयास उपयोगी हो सकते हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का यह मानना है कि आने वाले समय में रूस के राष्ट्रपति सोवियत संघ की पुनर्स्थापना हेतु सोवियत संघ के विघटन के बाद नवोदित देशों पर भी सैन्य आक्रमण कर उन्हें अपने अधीन कर सकते हैं। लेकिन इस विचार का कोई आधार दिखाई नहीं देता है। सर्वप्रथम रूस ने स्वयं कहा है कि यूक्रेन पर कब्जा करने का उसका कोई इरादा नहीं है। साथ ही साथ, कुछ समय पूर्व जब रूसी राष्ट्रपति से यह प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल एक ही महाशक्ति अमरीका है और रूस को पुनः एक महाशक्ति बनाने का कोई कारण भी नहीं और अपेक्षा भी नहीं। उन्होंने कहा कि महाशक्ति बने रहने की होड़ में उन्होंने काफी आर्थिक नुकसान सहा है। गौरतलब है कि सोवियत संघ के दिनों में शीतयुद्ध के चलते, रूस के राजकोष का एक बड़ा हिस्सा सैन्य खर्च में जाता था, जिसके कारण रूस के लोगों का जीवन स्तर अन्य बराबर देशों की तुलना में बहुत कम रह गया और मानव विकास की दौड़ में कहीं ज्यादा पिछड़ गया।

गौरतलब है कि एक महाशक्ति बने रहने की कवायद में अमरीका ने भी काफी नुकसान सहा है। सामान्यतः अमरीका अपनी दादागिरी के प्रदर्शन हेतु, अपनी रणनीति के अंतर्गत विभिन्न देशों में सैन्य हस्तक्षेप करता रहा है। अफगानिस्तान समेत कई मुल्कों में अमरीकी हस्तक्षेप हाल ही के कुछ उदाहरण हैं। इन सभी प्रकार के हस्तक्षेपों का आर्थिक नुकसान के रूप में खासा खामियाजा अमरीका को भुगतना पड़ा है। इसीलिए अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति ने अलग-अलग मुल्कों में अमरीकी हस्तक्षेप के नुकसानों से सबक लेते हुए भविष्य में इनसे बचने का आह्वान किया। हाल ही में वैश्विक आलोचना के बावजूद अमरीका ने अफगानिस्तान से अपनी सेना को वापस बुला लिया था। यह निर्णय आर्थिक कारणों से ही लिया गया था। इसीलिए यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को साम्राज्यवादी विस्तार के नाते नहीं, रूस की अपनी सीमाओं की रक्षा हेतु संवदेना के रूप में देखा जाना चाहिए। इस संबंध में यूक्रेन के घटनाक्रमों पर रूस की पहली प्रतिक्रिया नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार रूस ने यूक्रेन पर सशस्त्र और अन्य प्रकार से हस्तक्षेप किया है। वो नहीं चाहता कि नाटो के कारण उसकी सीमाओं पर कोई संकट आए। 2004 के चुनावों में रूस समर्थक उम्मीदवार विक्टर यनुकोविच के चुनाव के संबंध में धांधली के आरोप के बाद पुनचुर्नाव हुए और 2005 के चुनावों में यूस्चौनो द्वारा सत्ता प्राप्त करने के बाद यूक्रेन को रूस के प्रभुत्व से बाहर करते हुए नाटो एवं यूरोपीय समुदाय की तरफ ले जाने का वादा किया गया।

2008 में नाटो ने यूक्रेन को अपने गठजोड़ में लेने हेतु वादा किया। लेकिन 2010 में पुनः रूस समर्थक यनुकोविच राष्ट्रपति पद के लिए विजयी हुए और यूक्रेन के ब्लैक सी बंदरगाह के रूसी जलसेना को लीज को आगे बढ़ा दिया गया। 2017 में फिर यूक्रेन के यूरोपीय समुदाय के साथ आर्थिक संबंध बढ़ने लगे। कई उतार-चढ़ावों के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जैलेन्सकी ने अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडन को गुहार लगाई कि वो यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनने दें। 2021 के मध्य में रूसी सेनाएं यूक्रेन की सीमाओं तक पहुंच गई, लेकिन यूक्रेन फिर भी रूस के लिए नापसंद कार्य करता रहा। दिसंबर 7, 2021 को बाइडन ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। उसके बाद से नाटो और अमरीका लगातार रूस के प्रति आक्रामक रुख अपनाए रहा। यूरोपीय समुदाय के देशों, इंग्लैंड और अमरीका द्वारा लगातार रूस को धमकियां दी जाती रहीं। इन धमकियों को दरकिनार कर इस युद्ध में सैन्य दृष्टि से ही नहीं, कूटनीतिक तौर पर भी रूस विजयी होता दिखाई दे रहा है। जहां अमरीका ही नहीं नाटो की ओर से भी यूक्रेन को कोई सहायता नहीं मिली, बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी भारत और चीन समेत तीन देशों ने उस प्रस्ताव से तटस्थ रहकर पश्चिमी देशों के रुख से किनारा कर लिया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से रूस और चीन के बीच परस्पर सहयोग बढ़ा है और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर उनकी साझेदारी बढ़ रही है। अमरीका को ज्ञात है कि रूस और चीन के बीच अभी तक जो समझ बनी है, वो राजनयिक और आर्थिक मुद्दों तक ही सीमित है।

अमरीका कभी नहीं चाहेगा कि यह सैन्य सहयोग की तरफ भी आगे बढ़ जाए। इसलिए अमरीका द्वारा यूक्रेन को सहयोग नहीं दिया जाना अमरीका की समझ दिखाता है। जहां तक अमरीका, यूरोपीय समुदाय और इंग्लैंड द्वारा यूक्रेन पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बात है, उससे रूस को खास फर्क पड़ने वाला नहीं है, लेकिन संभव है कि प्रतिबंध लगाने वाले देशों पर ही इसका दुष्प्रभाव पड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### चंडीगढ़ एक्सप्रेस में सामान्य टिकट की सुविधा आज से

अमरोहा। रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है। चंडीगढ़ एक्सप्रेस में अभी तक यात्रियों के लिए आरक्षण की ही सुविधा थी। इससे सामान्य टिकट पर यात्रा करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन बुधवार से यात्री जनरल टिकट पर भी यात्रा कर सकेंगे। रेलवे बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है। कोरोना के चलते दो साल से चंडीगढ़ एक्सप्रेस में यात्रियों के लिए सामान्य टिकट पर यात्रा करने की सुविधा नही थी। यात्रा के लिए अरक्षण टिकट ही लेना पड़ता था। इससे परेशान यात्री कई बार सामान्य टिकट जारी करने की मांग उठा चुके थे। इसको देखते हुए रेलवे बोर्ड ने यात्रियों को सामान्य टिकट पर यात्रा की मंजूरी दे दी है। अमरोहा स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ से लखनऊ और लखनऊ से चंडीगढ़ जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा करने के लिए यात्री बुधवार से सामान्य टिकट लेकर यात्रा कर सकते हैं।

### छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

चांदपुर। महिला थाना चांदपुर में मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाविंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं व छात्राओ को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पाइन नम्बर 102,108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल कालेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को किया गया जागरूक

धामपुर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाभिमान के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओ व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पिाइन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गई इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल व कालेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को दबोचा

नजीबाबाद। थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा 03 वारंटी अभियुक्तों यूनुस पुत्र जहूर अहमद निवासी कस्बा सहानपुर थाना नजीबाबाद संबंधित वाद संख्या 2644/9 धारा 406 अइपीसी व नइम पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला हवेली तला थाना नजीबाबाद संबंधित वाद संख्या 878/18 धारा 323/504/506/325/ 452 आइपीसी व मिखान पुत्र छोटे निवासी ग्राम घीपुरा थाना नजीबाबाद संबंधित वाद संख्या 5770/2006 धारा 323/324/504 आइपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### चेयरमैन पद के उम्मीदवार ने गौशाला में भूसे के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए

नजीबाबाद। नगर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन पद के उम्मीदवार हाजी नौशाद अख्तर सैफी ने गौशाला में भूसे के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए है। हाजी नौशाद अख्तर सैफी ने भूसा उपलब्ध कराने के लिए तहसील पहुंचकर नजीबाबाद एसडीएम मनोज कुमार को चैक सौपा। इस मौके पर समाजसेवी हाजी नौशाद अख्तर सैफी ने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए सभी सामाजिक लोगो को आगे आना चाहिए। जिससे गौशाला में पशुओं की देखभाल और अच्छे से की जा सके। चैक द्वारा दी गई धनराशि बताने से इंकार करते हुए उन्हें कहा कि सहायता और सेवा के कामों के लिए पैसे लगाए जाते हैं, बताए नहीं जाते।

### बंदूक की छीना झपटी में चली गोली, एक की मौत

चांदपुर। थाना चांदपुर पुलिस द्वारा सोमवार को समय करीब 8 बजे ब्रजवीर उर्फ रेनू (26 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार निवासी दतियाना थाना चांदुपर, जनपद बिजनौर का अपने पिता की लाइसेन्सी बन्दूक को खेत पर ले जाने को लेकर अपने सगे भाई रुपेन्द्र (35 वर्ष) से हुए विवाद व छीनाझपटी में अचानक गोली चल गयी, जो रूपेन्द्र के पेट में लग गयी।

# नहीं हुआ जल जमाव एवं गंदगी की समस्या का समाधान

हसनपुर, प्रातः किरण संवाददाता



नगर से सटी अब्दुल्ला कॉलोनी में गंदगी का अंबार लगा है। नाले गंदगी से अटे हैं। भीषण गर्मी के बीच संक्रामक रोगों के पैर पसारने का खतरा बना है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी समस्या समाधान की दिशा में कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं।गौरतलब है कि अब्दुल्ला कॉलोनी नगर से सटी है लेकिन नगर पालिका सीमा में शामिल नहीं है। कॉलोनी ग्राम पंचायत मुबारकपुर कलां का मजरा है। कॉलोनी के नजदीक संभल मार्ग के किनारे नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर का कूड़ा डाला जा रहा है, इसके चलते हर तरफ गंदगी के ढेर लगे हैं।दूसरी ओर कॉलोनी से होकर नगर पालिका का नाला गुजर रहा है। इस नाले की जल निकासी का इंतजाम न होने से पानी कॉलोनी के नजदीक ही ठहरा है। गंदगी के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड आदि बीमारियों से लोग ग्रसित हैं। शिकायत के बावजूद भी अधिकारियों ने साफ-सफाई को लेकर कोई तवज्जो नहीं दी है। पूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र सद्दाम सैफी ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ट्वीट भी किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आम लोगों में इसको लेकर रोष बना है। चेतावनी दी है कि जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर जल निकासी का पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया, तो आंदोलन करेंगे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला। कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया।बृजघाट के गोलघर निवासी रमेश कुमार अपने पड़ोसी रणवीर के साथ मंगलवार सुबह गजरौला की ओर से घर वापस लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# विद्वान कहलाने वाले अराजक कैसे हो सकते हैं : मनु

अमरोहा, प्रातः किरण संवाददाता



जिन्हें ऑफिसर ऑफ द कोर्ट कहा जाता है, न्यायालय भी उन्हें सम्मान से विद्वान कहकर संबोधित करते है।ऐसे अधिवक्ता शासन और प्रशासन की नजर में अराजग कैसे हो सकते हैं।यह बात दीगर है कि प्रत्येक क्षेत्र में अराजक और आपराधिक तत्वों की घुसपैठ हो चुकी है।परंतु सारे अधिवक्ता समाज को अराजक कहकर संबोधित करना उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव का निंदनीय और भत्सना किए जाने वाला कृत्य है।बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के विशेष प्रतिनिधि मनु शर्मा एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सचिव प्रफुल्ल कमल द्वारा प्रत्येक जिले के जिलाधिकारी एवं जिला न्यायाधीशों को संबोधित पत्र प्रेषित किया गया है।जिसकी भाषा शैली अधिवक्ताओं के लिए अपमानजनक है।उसमें अधिवक्ताओं को अराजक तत्व कहकर संबोधित करना उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रशासन का निंदनीय कृत्य है। जिसे अधिवक्ता समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।इस बाबत बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को शीघ्र मुखर होकर अधिवक्ता समाज को एकजुट कर इसका खुलकर विरोध करना चाहिए। इस तरह से अधिवक्ता समाज का सरकारी दमनकारी नीति के कारण मान सम्मान खो जाएगा।जिसे रोकने की सख्त आवश्यकता है।जबकि अधिवक्ता को न्यायालय भी अपने आदेशों और निदेर्शों में विद्वान लिख कर संबोधित करते हैं।अधिवक्ता को ऑफिसर ऑफ द कोर्ट कहा जाता है।लेकिन शासन के उच्चाधिकारियों की दूषित मानसिकता को प्रदर्शित करने वाले ऐसे पत्र पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए।

## बुलडोजर से अवैध कालोनी का निर्माण ध्वस्त कराया



नजीबाबाद। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने नजीबाबाद रायपुर रोड पर अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी पर बुलडोजर चलवा कर प्लाटिंग के लिए किए गए चिह्नीकरण को ध्वस्त करा दिया। नजीबाबाद रायपुर रोड पर किशन पर आंवला में दो कॉलोनी चोरी छुपे विकसित की जा रही थीं जिस पर जोगीरमपुरी जाते समय एसडीएम की नजर पड़ गई जिसको देखकर एसडीएम का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया और उसी समय मौके पर बुलडोजर और राजस्व टीम को बुलाकर दोनों कालोनियों को समतल करा दिया।बता दें कि जब एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कालोनी के संबंध में जानकारी की, तो पता चला कि लगभग छह बीघा तथा दूसरी पन्द्रह बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने से पहले नियमानुसार न तो भूमि को आबादी में दर्ज कराया गया है और न ही कालोनी का नक्शा स्वीकृत कराया गया है। 6 बीघा भूमि वाली कॉलोनी मीना अग्रवाल पत्नि सुभाष चंद मकबरा तथा 15 बीघा वाली कॉलोनी मोहम्मद शमीम पुत्र यामीन, मुन्नी पत्नि यामीन निवासी अकबरपुर आंवला के नाम से खतौनी में जमीन दर्ज है, जबकि कालोनी विकास के होर्डिंग पर अन्य लोगो के नाम लिखे हुए है। अवैध कालोनी विकसित करने की जानकारी होने पर एसडीएम ने प्लाटिंग के लिए पक्के चिह्नों का निर्माण बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया है।

# वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस टकराई, दो महिला समेत पाँच लोग घायल

डिडौली, प्रातः किरण संवाददाता



कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित नीली खेड़ी गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी बस के ब्रेक फेल होने से आगे चल रहे वाहनों से टकरा गई।हादसे में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर किया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। क्षतिग्रस्त बस को कब्जे में लिया गया है।
सुनील मलिक, प्रभारी निरिक्षक डिडौली कोतवाली।

कोतवाली क्षेत्र में नीली खेड़ी गांव के पास हाईवे पर वैष्णो देवी से दर्शन कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रेवलर बस के ब्रेक फेल हो गए। इससे घबराकर चालक स्टीयरिंग से नियंत्रण खो बैठा। बस बेकाबू होकर आगे चल रहे वाहनों से टकरा गई। हादसे में मुरादाबाद की दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसे से श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है। हादसा सोमवार की रात डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित नीली खेड़ी गांव के पास हुआ। करीब 11 बजे ट्रेवलर बस दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही थी। बस में वैष्णो देवी से दर्शन कर घर लौट रहे मुरादाबाद के श्रद्धालु सवार थे।जैसे ही बस नीली खेड़ी गांव के पास पहुंची तभी अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए। जिसके बाद बस चालक ने स्टीयरिंग से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बस बेकाबू होकर आग चल रहे वाहनों से टक्करा गई। हादसे के बाद श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। वहीं विक्की कुमार निवासी भोजपुर, अजय तिवारी, नेहा शर्मा, सुशीला देवी और दुष्यंत कुमार निवासी आरटीओ ऑफिस जिला मुरादाबाद घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से बस के अंदर फंसे घायलों को जोया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हादसे की खबर मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# अग्रवाल समाज ने किया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

अमरोहा, प्रातः किरण संवाददाता



अग्रवाल समाज के तत्वावधान में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जसपाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष शशि जैन भी मौजूद रही। शिविर का प्रारंभ 9:00 से दोपहर 3:00 तक चला। जिसमें रक्तदाताओं ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया। युवाओं व महिलाओं की भागीदारी भी इस ब्लड डोनेशन कैंप में रही। रक्तदान शिविर में रक्तवीरों ने 85 यूनिट ब्लड डोनेट किया। जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी ने कहा कि अग्रवाल समाज का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है तथा रक्तदान शिविर का आयोजन कर अग्रवाल समाज ने मानवता की सेवा का कार्य किया है। आपका रक्तदान करना किसी की जिंदगी बचा सकता है।एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि रक्तदान महादान होता है और जो व्यक्ति रक्तदान करता है। वह बहुत ही पुण्य का कार्य करता है। आज अग्रवाल समाज द्वारा जो रक्तदान शिविर लगाया गया है। सभी रक्तदान करने वाले लोगों को शुभकामनाएं देता हूं तथा अग्रवाल समाज को साधुवाद देता हूं। उधर विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि अग्रवाल समाज समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम करता रहता है। रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत पुण्य का कार्य किया है। यह मानवता की सच्ची सेवा है।

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल ने कहा कि मैं सभी रक्त दाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।जिन्होंने रक्त दान कर कैंप को सफल बनाया।मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित ब्लड बैंक के स्टाफ तथा शिविर के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले अग्र बंधुओं का भी आभार जताया इस दौरान सीएमएस अनिल कुमार गुप्ता, सीएमओ संजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। इसके अलावा समस्त ब्लड बैंक स्टाफ और रक्तदान करने वाले लोगों को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर रक्तदान शिविर में अनुपम गर्ग, दीपक अग्रवाल पत्रकार , सचिव सुलभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कपिल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नितिन शंकर अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, शार्दुल अग्रवाल, सलिलनाथ गोयल, राजनाथ गोयल, प्रियंका अग्रवाल, निशा अग्रवाल, रचना अग्रवाल, आशा मित्तल, श्वेता अग्रवाल, नीशू अग्रवाल सिद्धार्थ अग्रवाल, विनीत अग्रवाल पत्रकार अक्षत अग्रवाल, सक्षम गर्ग, सुनीत अग्रवाल, नवीन सक्सेना ,विवेक अग्रवाल, आलोक गोयल, मनु कमल गुप्ता, मनुज गोयल, संजीव गोयल , वंश अग्रवाल , हरिओम अग्रवाल ,शोर्य अग्रवाल ,रोहित अग्रवाल , राजेश मित्तल,विशाल गर्ग देवांशु गुप्ता, विरांचो अग्रवाल,अंबर गोएल, आदि का सहयोग रहा।

# कारी अफजाल की मौत से शागिर्दों व उलेमाओं में गम का माहौल

नजीबाबाद , प्रातः किरण संवाददाता



तहसील क्षेत्र के ग्राम जोगीरमपुरी निवासी उस्ताजुल असातिजा शेखुलकुर्रा अल्हाज कारी अफजाल अहमद मोहतमिम मदरसा दारुल कुरआन इब्ने मसऊद चन्दनवाला के देहान्त से उनके शागिर्दों और उलेमाओं के साथ ही आम लोगों में गम का माहौल बना हुआ है। उन्होंने ने 1997 में मदरसा हाजा की बुनयाद रखी थी। उनके पार्थिव शरीर को अमरोहा मखदूम शाह विलायत के पैतृक कब्रिस्तान में हजारों शागिर्दों व उलामाओं ने नम आंखों के साथ सुपुर्द ए खाक किया।उन की नमाजे जनाजा रोजा मुनव्वर पर अदा की गई। कारी अफजाल मरहूम के बड़े बेटे मुफ्ती सलमान ने नमाजे जनाजा पढ़ाई। उनके घरेलू सूत्रों के अनुसार सोमवार की रात 1 बजे उनके सीने में घुटन महसूस होने लगीऔर उलटी दस्त आने लगे। उन्हें अमरोहा के निजी हॉस्पिटल ले जा जाया गया जहां डॉक्टर ने इसीजी करके हालत को नाजुक बताते हुए कहा घर ले जाने की सलाह दी और रात 2 बजे उनका इंतिकाल हो गया। उनके दफीने में शिरकत के लिए जिला बिजनौर से मुफ्ती इफ्तिखार किरतपुरी, कारी यासीन गांवड़ी, समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एंवम जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद रफी अंसारी, मौलाना लईक,मुफ्ती ताइब, मौलाना एजाज,मौलाना बासित,कारी याहया अंसारी,कारी उस्मान, कारी तय्यब,मौलवी शाहनवाज,मौलवी हनजला, हाफिज रागिब रानीकोटा, जोगीरमपुरी,हाफिज रागिब रानीकोटा,कारी मरगूब, कारी मुजीब,ग्राम प्रधान वकील अहमद चन्दनवाला,मौलाना मुनाजिर कारी तौफीक,कोटकदार, कारी फिरोज टाण्डामाईदास, कारी खुर्शीद इस्लामगड़ ,मौलाना इम्तियाज, मौलाना इसरार नजीबाबाद,मुफ्ती अयाज जलालाबाद, मुफ्ती महफूज अकबराबाद,कारी अब्दुल हलीम बिजनौर,मौलाना नफीस,मुफ्ती आरिफ नहटौर,मुफ्ती शाहिद जामा मस्जिद अमरोहा, मुफ्ती जईम, मौलाना तमीम, मौलाना नजीम मुरादाबाद, मुफ्ती अजहर दिल्ली, मौलाना अखलाक, अमरोहा,कारी अजीम, मौलाना जावेद चांदपुर,कारी रियाज, कारी शाहवेज, कारी वलियुल्लाह, कारी हकीम ताहिरुलइस्लाम,कारी शहबाज, हजारों उलेमाओं व शागिर्दों ने अमरोहा पहुंचकर जनाजे में शिरकत की।

## छत पर सो रही युवती से छेड़छाड़ करने पहुंचा पड़ोसी

डिडौली। पड़ोसी ने छत पर सो रही युवती से छेड़छाड़ की। शिकायत करने पर आरोपी के परिजनों ने पीड़िता के पिता के साथ गालीगलौज व मारपीट की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बीती दो मई की यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां के निवासी किसान की बेटी छत पर सो रही थी। आरोप है इसी दौरान मौका पाकर पड़ोस में रहने वाला युवक किसान की छत पर आ गया। उसने किसान की बेटी से छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर उसके परिजन मौके की ओर दौड़े। खुद को घिरता देख आरोपी दीवार कूदकर फरार हो गया। आरोप है कि जब युवक की शिकायत करने युवती के परिजन उसके घर पहुंचे, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। एसओ सुनील मलिक ने मामले में पीड़िता पक्ष की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## मौसम का बदला मिजाज, छाए घने बादल

अमरोहा। मंगलवार सुबह मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। आसमान में घने बादल छा गए। इसके पहले सोमवार रात भी आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। बदले मौसम ने गर्मी से कुछ राहत दिलाई है। किसान भी बारिश की आस लगाए हैं।गर्मी का सितम जिले में लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के बीच सड़क से गुजरना तक दूभर हो रहा है। इस बीच खेतों में फसलें भी सिचाई के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच चुकी है। पूरे हालात के बीच हर किसी की नजर अब आसमान की ओर टिकी है। बारिश के बाद ही गर्मी के सितम से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। सोमवार रात के बाद मंगलवार सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहने के चलते किसानों समेत आम लोगों को अब जल्द बारिश होने की उम्मीद बंधी है। फिलहाल ठंडी हवा चलने व बादल छाने से गर्मी का सितम कुछ हद तक कम हुआ है। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने मौसम विभाग के पूवार्नुमानों के आधार पर जिले में आने वाले कुछ दिनों में बारिश की संभावना जताई है।

## ईख की फसल को चट कर रहे आवारा पशु, किसान परेशान

आदमपुर। क्षेत्र में आवारा पशुओं के झुंड किसानों के लिए मुसीबत का सबब बने हैं। पशु ईख की फसल को चट कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पशुओं को पकड़कर गोशाला नहीं भेजा जा रहा है।खादर क्षेत्र के साथ ही रहरा एवं आदमपुर क्षेत्र में दर्जनों की तादाद में पशु जंगल में घूमते दिखाई दे रहे हैं। पशु इस वक्त ईख की फसल से पेट भर रहे हैं। भीषण गर्मी की वजह से घास सूख चुकी है। किसान अमूमन ईख की फसल की रखवाली नहीं करते हैं।

## एस. डी. एम. ने प्रशासक डॉ0 हबीब हैदर के साथ की बैठक

नजीबाबाद। विश्व विख्यात दरगाहे आलिया पर होने वाली सालाना मजलिसों की तैयारियों को लेकर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार ने प्रशासक डॉ हबीब हैदर से विस्तार पूर्वक चर्चा की और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अधूरे काम को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा व बी डी ओ विजय कुमार सिंह यादव, ए. डी. ओ. पंचायत राकेश कुमार, लेखपाल शरफुद्दीन अंसारी, लेखपाल सचिन शर्मा, सुशील कुमार टेक्निकल सहायक, हरीश कुमार टेक्निकल सहायक, ग्राम पंचायत सचिव वीरेंदर सिंह, ग्राम प्रधान पति हाफिज मोहम्मद हारुन के साथ चर्चा कर निर्देश दिये। एडीओ पंचायत ने बताया की दरगाह परिसर में लगभग दो सौ अस्थाई शौचालयों का कार्य शुरू हो चुका है जो जल्द ही तैयार करा दिये जायँगे। उन्होंने बताया कि मजलिसों के बाद लगभग 150 स्थाई शौचालयों का निर्माण कराया जायेगा।प्रशासक डॉ हबीब हैदर ने बताया की अगली समीक्षा बैठक 18, मई को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्वम लेगें। इस अवसर पर प्रशासक के सहयोगी सलमान हैदर आशी, अस्करी रजा भुट्ठ, नकी हसन, मैनेजर सिकंदर अब्बास, मौजूद रहे।

# मानवाधिकार के राष्ट्रीय सम्मेलन में मौलाना अनवारुल हक हुए सम्मानित



बिजनौर , प्रातः किरण संवाददाता

विश्व मानव अधिकार परिषद का राष्ट्रीय सम्मेलन असम्बली हॉल पुणे महाराष्ट्र में आयोजित हुआ जिसमें बिजनौर से मौलाना अनवारुल हक को प्रदेश व देश भर में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाने गरीब लाचार मजबूर लोगों की मदद करने निर्दोष कैदियों व बंदियों की आवाज उठाने व मदद करने की वजह से मौलाना अनवारुल हक को राष्ट्रीय लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा उनके हौसले और हिम्मत और कार्य को देखते हुए उनको राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया

विश्व मानव अधिकार परिषद की रिपोर्ट भी मौलाना अनवारुल हक ने पेश की जिसमें उन्होंने बताया के विश्व मानव अधिकार परिषद बड़ी संख्या में देशभर के निर्दोष लोगों के मुकदमे रहने का काम कर रहा है तथा कैदियों व बंदियों की हर तरह से मदद करने और जिन लोगों को अदालत ने बरी कर दिया मगर उनके ऊपर जुमार्ना भी लगा दिया और वह गरीबी मजबूरी के चलते जुमार्ना अदा ना करने के कारण अभी तक जेलों में बंद है तो ऐसे लोगों का जुमार्ना अदा कर उनको रिहा कराने का काम किया जाएगा मौलाना अनवारुल हक ने देश भर से आए अपने पदाधिकारियों से कहा कि जो लोग मासूम बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर होटल फैक्ट्री कारखाने आदि स्थानों पर मजदूरी कराते हैं ऐसे लोगों की शिकायत क्षेत्रीय अधिकारियों से करें और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराने का काम करें

अगर कोई अधिकारी नहीं सुनता है तो उसकी सूचना राष्ट्रीय कार्यकारिणी को दें तत्काल प्रभाव से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही कराने का काम किया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकारें और केंद्र सरकार उच्चतम न्यायालय के आदेश पर मस्जिद मंदिर गुरुद्वारा गिरजाघर से प्रदूषण के कारण लाउडस्पीकर उतारने का काम कर रही है मगर देश भर में दिन-रात बार बीयर में डीजे की धुन पर अश्लील डांस होता है घर में चैराहों पर सड़कों पर लोग शराब पीकर डीजे बजाते हैं और बड़ी संख्या में लाउडस्पीकर रखकर बारात चढ़ाते हैं जिससे प्रदूषण तेजी के साथ फैलता है और यह सारे काम बिना अनुमति के होते हैं जब पवित्र स्थानों पर अधिकतर लाउडस्पीकर रखने पर पाबंदी लग सकती है तो ऐसे स्थानों पर क्यों नहीं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, अमरोहा जनपद- अमरोहा

पत्रांक :- 122/ का0 अ0/ 2022 दिनाँक :- 13/05/2022

**अतिअल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, अमरोहा राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि/बोर्ड फण्ड की धनराशि से निम्नलिखित सड़क निर्माण आदि कार्यो हेतु निविदायें आमंतित्र करती है। इच्छुक ठेकेदार अपनी अपनी सील बन्द निविदायें दिनाँक 25/05/2022 को दोपर 03:00 बजे तक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद, अमरोहा मे रखे टैण्डर बॉक्स मे डाल सकते है, जो उसी दिनाँक को सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा के समक्ष खेली जायेंगी। उक्त कार्यों के निविदा फार्म दिनाँक 24/05/2022 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक कार्यालय रिकार्ड विभाग/निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद, अमरोहा में विकय किये जायेगें। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अमरोहा में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नही होगा। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अर्नेस्ट मनी | सिक्योरिटी डिपॉज़िट | मूल्य टैण्ड फार्म (GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मौ0 कोट धोबियों वाली गली में ओम प्रकाश से दौलत राम तक सी0सी0 सड़क व नाली तथा साइड की गली संजय से मुन्ना लाल तक व नाली पर आर0सी0सी0 पत्थर व लोहे का गेट लगाने का कार्य। | 3,10,000.00 | 6,200.00 | 24,800.00 | 890.00 | 30 दिन | E |
| 02 | मौ0 चौक में धर्मऋषि के मकान से भुवनेश्वर के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण का कार्य। | 2,80,800.00 | 5,700.00 | 22,500.00 | 890.00 | 30 दिन | E |
| 03 | मौ0 कटकुई में शुऐब के मकान से मज़ार तक सी0सी0 सड़क निर्माण का कार्य। | 1,96,100.00 | 4,000.00 | 15,700.00 | 890.00 | 30 दिन | E |

**निविदा हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं शर्तेः-**

1-निविदा प्रपत्र (टैण्डर फार्म) उन्ही ठेकेदारों को विकय किये जायेंगे, जो प्रत्येक कार्य की अलग-अलग धरोहर राशि नकद धनराशि अथवा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा के नाम बन्धक डाक घर की पास बुक/ एन0एस0सी0/के0वी0पी0/बैंक की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप में निविदा खरीदने से पूर्व कार्यालय में जमा करेगें।
2-निविदादाता द्वारा उन विभागों द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण-पत्र/कार्य सन्तोषजनक होने का परफॉर्मेन्स सार्टिफिकेट संलग्न किया जायेगा, जिनमे उक्त (सम्बन्धित कार्य) कार्य की समान प्रकृति व समान लागत के कार्य किये गये हों अथवा किये जा रहे हों।
3-निविदा देने वाले की कुल हैसियत कार्य की लागत का कम से कम एक तिहाई होना आवश्यक है।
4-पिछले 03 वर्षो की Income Tax Copy संलग्न करनी होंगी।
5-जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण-पत्र, व हैसियत प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।
6-किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग में वर्ष 2022-23 में ठेकेदारी के पंजीकरण की प्रति संलग्न करनी होगी।
7-शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019, दिनाँक 20 सितम्बर, 2019 के कम में उक्त निविदाओं में भाग लेने हेतु निविदा के समय निविदादाता का पालिका में पंजीकरण आवश्यक नही है, परन्तु ऐसे निविदादाता की न्यूनतम निविदा प्राप्त होने पर अनुबन्ध से पूर्व निर्धारित शुल्क एवं दस्तावेज़ नगर पालिका परिषद, अमरोहा में जमा कर ठेकेदारी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
8-निविदा की दरें पूरे आगणन अर्थात Overall% basis पर ही मान्य होगीं।
9-निविदा खोले जाने की तिथि का कोई अवकाश होगा तो उसके अगले दिन निविदा खोली जायेंगी।
10-निविदादाता को 100 रुपये के स्टाम्प पर फोटोयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11-अनुबन्ध/संविदा के समय सम्बन्धित कार्य की सिक्योरिटी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद अमरोहा के नाम बन्धक डाक घर की पासबुक/एन0एस0सी0/बैंक की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप में जमा करनी होगी।
12-कार्य को निर्धारित अवधि मे पूर्ण न करने पर अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अमरोहा को निविदा निरस्त करने अथवा प्रतिदिन नियमानुसार अर्थदण्ड लगाने का अधिकार होगा।
13-निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकार करने या अनुबन्ध करने के लिये उचित शर्ते तय करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अमरोहा का है।
14-उक्त कार्यों के देयकों के भुगतान की कार्यवाही धन उपलब्ध होने पर ही की जायेगी।
15-सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अमरोहा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद अमरोहा**

## संक्षिप्त खबरें

### गुन्नौर ग्रामीणों के द्वारा राशन विक्रेता धांधली शिकायत पर पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर

संभल। तहसील गुन्नौर के गाँव कुहेरा में बने पंचायत घर में एकत्रित हुए थे ग्रामीण जांच के लिए पहुंचे थे सप्लाई स्पेक्टर कुलदीप जैन जहां उन्होंने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं ग्रामीण का विरोध राशन विक्रेता विरमा पत्नी गोपी सिंह की ग्रामीणों को रिक्त पूर्ति विभाग व एसडीएम से लेकर डीएम तक लगातार तमाम तरह शिकायतें दी गई थी वहीं कार्ड धारकों ने बताया था कि हमारे लिए राशन कम दे रहा है और हमारे साथ अभद्रता की जा रही थी कहीं मृतकों के नाम भी उस सूची में शामिल थे जिससे विक्रेता उच्च फायदा में था चार साल तक के मृतकों के नाम सूची शामिल थे मगर डीएम ने विभाग के लिए रिकवरी करने के निर्देश दिए हैं वहीं ग्रामीण इस्लाम ने बताया कि हमारे लिए आधा खाधान मिलता था छः यूनिट पर 15 किलो मिलता हैं।

### आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए छह युवक-युवती

हसनपुर।नगर के मोहल्ला कंकर वाला कुआं के पास तीन युवक व तीन युवती आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया। मामले में जांच की जा रही है।कंकर कुआं के पास खाली दुकानों में सोमवार देर शाम मोहल्ले के एक व्यक्ति ने तीन युवक व तीन युवतियों को जाते हुए देखा। कुछ देर बाद उसने मौके पर जाकर देखा तो युवक-युवती आपत्तिजनक हालत में थे। उसने मोहल्ले में दूसरे लोगों को इसकी जानकारी दी तो भीड़ जमा हो गई। बाहर से दुकानों को बंद कर दिया गया। बाद में दुकानों को खोला गया तो सभी युवक-युवती बाहर निकले। इस बीच दो युवक मौका पाकर भाग निकले। माफी मांगने पर युवतियों को भी छोड़ दिया गया। इस बीच पहुंची पुलिस ने पकड़े गए एक युवक को हिरासत में लिया।
मोहल्लेवासियों का कहना है कि यहां देर शाम के वक्त दुकानों में अक्सर युवक-युवतियां इसी तरह मौजूद रहते हैं। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। उधर, एसएसआई संजीव मलिक ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

### बीस फीसदी कम पानी में तैयार होगी धान की फसल

अमरोहा। कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली धान की उन्नतशील प्रजातियों का बीज अमरोहा जिले के किसानों को मुहैया कराया जाएगा। कृषि विभाग को बीज मिलने के बाद राजकीय बीज भंडारण केंद्रों से वितरण शुरू कर दिया गया है। किसान धान की नर्सरी डालने की तैयारी में जुटे हैं।जिले में 28 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर धान की रोपाई की जाएगी। 20 मई से धान की नर्सरी डालने का पीक समय शुरू होगा। रोपाई 15 जून के बाद शुरू होगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बेहतर उत्पादन लेने के लिए स्वस्थ व निरोगी पौधा तैयार करना जरूरी है। कम लागत में अधिक पैदावार के लिए नई उन्नतशील बासमती प्रजातियों से बुआई करें। धान की कई प्रजातियां ऐसी हैं, जो कम पानी में 130 दिन में ही तैयार हो जाती हैं। शासन स्तर से किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर इनका बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह के मुताबिक जिले के सभी राजकीय बीज भंडार केंद्रों पर धान की उन्नत प्रजातियों का आधारीय व प्रमाणित बीज उपलब्ध है।

# सड़क हादसे रोकने के लिए सीएम योगी गंभीर

## योगी सरकार नगर निकायों से सुरक्षा अभियान पर करेंगे बात

**लखनऊ, एजेंसी**



सड़क दुर्घटनाओं को कम से कम करने के लिए प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा का विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। इसके लिए संबंधित विभागों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया था। वह बुधवार को सभी नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों से वर्चुअल संवाद कर कार्ययोजना समझाएंगे। इसके बाद अभियान की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित टीम-9 की बैठक में निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा के व्यापक महत्व को देखते हुए पुलिस, यातायात, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, परिवहन, नगर विकास, लोक निर्माण आदि संबंधित विभागों के परस्पर समन्वय से जागरूकता अभियान की कार्ययोजना तैयार की जाए।

बुधवार को वह इस कार्ययोजना के साथ प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। उसके बाद सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत है। योगी ने यातायात नियमों के संबंध में प्रधानाचार्यों, प्राचार्यों और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने व अभिभावकों के साथ विद्यालयों में बैठक करने के भी निर्देश दिए।

सड़क पर न चलें अनफिट बसें: मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर स्पीड ब्रेकर की खराब डिजाइन आए दिन दुर्घटनाओं का कारक बनती है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं, फिटनेस के मानकों पर फेल बसों को किसी भी दशा में सड़क पर न चलने दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि एंबुलेंस संचालन से जुड़े कार्मिकों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। पीड़ित व घायल लोगों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। एंबुलेंस के रेस्पांस टाइम को कम से कम करने के लिए तकनीक का सहारा लिया जाए। साथ ही वालंटियरों को भी इस काम से जोड़ें। अग्निशमन के प्रबंध परखने के लिए चलेगा अभियानः हाल ही में दिल्ली में हुए अग्निकांड को सरकार ने गंभीरता से लिया है। योगी ने अधिकारियों से कहा है कि पूरे प्रदेश में तत्काल अभियान चलाकर सभी बहुमंजिला भवनों, अस्पतालों, शापिंग काम्प्लेक्स आदि में अग्निशमन व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया जाए। प्रदेश में सभी फायर स्टेशन पूरी मुस्तैदी से कार्यरत रहें।

### चलती ट्रेन में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

नजीबाबाद। चलती ट्रेन में बिहार की एक महिला ने बेटी को जन्म दिया है। कोलकाता से अमृतसर जा रही रन थी दुर्गियाना एक्सप्रेस ट्रेन को नजीबाबाद स्टेशन पर रोककर जच्चा-बच्चा को राजकीय महिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलकाता से अमृतसर जा रही रन थ्री एक्सप्रेस में सहरसा बिहारी निवासी एक महिला को प्रसव पीड़ा की सूचना पर रेलवे में हड़कंप मच गया। मुरादाबाद से लक्सर दिशा के लिए रन थी एक्सप्रेस जब तक नजीबाबाद स्टेशन पहुंची तब तक स्लीपर क्लास में ही महिला ने बेटी को जन्म दिया। ट्रेन में सफर कर रहीं महिलाओं ने प्रसव के दौरान जच्चा की मदद की। मुरादाबाद कंट्रोल की सूचना पर नजीबाबाद स्टेशन पर स्टॉपेज न होने के बावजूद दुर्गियाना एक्सप्रेस को स्टेशन पर रोका गया। रेलवे चिकित्सक डॉ0 संजीव कुमार, आरपीएफ के एएसआई पवन मौर्य, राजीव कुमार, टीसी तरन्नुम परवीन, शिखा आदि ने महिला को नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर उतारकर एंबुलेंस के माध्यम से राजकीय महिला चिकित्सालय नजीबाबाद में भर्ती कराया। चिकित्सा प्रभारी डॉ0 कुमुद ने बताया कि ट्रेन में प्रसव उपरांत चिकित्सालय में भर्ती बिहार निवासी महिला शोभा और उसकी नवजात बच्ची पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया पदार्फाश



**संभल, प्रातः किरण संवाददाता**

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के अंतर्गत एक शास्त्र फैक्ट्री का किया पदार्फाश थाना क्षेत्र में नखासा प्रभारी सत्येंद्र पवार ने मय पुलिस टीम के साथ छापेमारी करते हुए कार्रवाई के दौरान मुखबिर की सूचना पर ठंडी कोठी से हातिम सराय रोड महफूज के अमरूद के बाग हबीबपुर गैर आबाद से अवैध शस्त्र का निर्माण करते हुए शकील पुत्र लतीफ निवासी ग्राम इम्मादुल मुल्क गुम्मद आयु 30 वर्ष थाना नखासा जनपद संभल तथा ताहिर पुत्र शहीद निवासी ग्राम महमूदपुर इम्मा उम्र 55 वर्ष थाना नखासा जनपद संभल को अवैध शस्त्रों एवं मरम्मत करते हुए गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी में बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई। इनके पास से 6 बने तमंचे 7 जिंदा कारतूस 8 अधबने तमंचे 8 नाल लोहा जिस में 6 नाल 315 बोर तथा दो नाल 12 बोर बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पवार, उप निरीक्षक अश्वनी कुमार शर्मा, हैडकांस्टेबल हरिओम शर्मा, कांस्टेबल विकास कुमार, हरपाल सिंह, बलवंत सिंह, पंकज कुमार, बलराम सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# रामपुर के बिलासपुर में पलटी स्कूली बस हादसे में एक छात्र की मौत, कई घायल

**रामपुर, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर में बिलासपुर के माटखेड़ा में स्कूल बस खाई में पलट गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। बिलासपुर के डिवाइन स्कूल की बस स्वार क्षेत्र के बच्चों को लेकर सुबह स्कूल जा रही थी। मिलकखानम थाना क्षेत्र में माटखेड़ा चौकी के पास स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

टूरिस्ट बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत : बाइक सवार युवक गली में से अचानक आए पाड़-बल्ली के ठेले में रखी बल्ली से टकराकर सड़क पर गिर गया। इस दौरान तेज गति से आ रही टूरिस्ट बस ने युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। उत्तराखंड के थाना बाजपुर स्थित ग्राम मड़ैया हट्टू निवासी 32 वर्षीय राजेश स्वार कोतवाली क्षेत्र के किसी गांव में कुछ खरीदारी करने आया था।

वह बाइक से सुबह 10 बजे अपने घर वापस लौट रहा था। बताते हैं कि जैसे ही नगर की ईदगाह के सामने वह पहुंचा तो अचानक गली से पाड़ बल्ली लेकर एक ठेला अचानक से निकल आया। ठेले से बाइक सवार ने बचने का प्रयास किया, इसके बावजूद वह बल्ली से टकराकर बीच सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही टूरिस्ट बस ने उसे कुचल दिया। हालांकि वह हेलमेट लगाए था, इसके बावजूद उसका सिर कुचल गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर कोतवाल हरेंद्र सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। इस बीच पुलिस ने टूरिस्ट बस और उसके चालक को भी अपने कब्जे में ले लिया। बताते हैं कि राजेश अपने गांव में चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मौके पर पहुंचे स्वजन का रोते-रोते बुरा हाल है।

### मास्टर सयद मंजूर हसन रिजवी के चालीसवें की मजलिस आयोजित हुई

बिजनौर। रिटायर्ड रेलवे स्टेशन मास्टर सयद मंजूर हसन रिजवी के चालीसवें की मजलिस स्थानीय मौहल्ला नई बस्ती बी-14 में सयद मुस्तफा कमाल एड0 के निवास स्थान पर आयोजित की गयी। जिसका संचालन प्रसिद्ध शायर कमर फंदेडवी ने किया। इस मजलिस में सोजख्वानी व मरसियाख्वानी हसन अली सम्बलहेडा जिला मुजफ्फरनगर ने की। इस मजलिस को हुज्जत अल इस्लाम मौलाना सयद अजादार हुसैन किबला ने खिताब किया। मौलाना ने मां बाप की खिदमत करने के लिये विस्तार से रोशनी डाली मौलाना ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने में मां बाप का बहुत बडा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि मां अगर पडी लिखी होगी तो उसके बच्चों की तरबियत संस्कार भी अच्छी होगी। इसलिये मां बाप की खिदमत करना बचचों पर जरूरी है। मजलिस में अकबर अब्बास उर्फ परवेज भाई, अफरोज रिजवी, अजगर अब्बास, सयद मुस्तफा कमाल, आजम आब्दी, हसनैन नकवी, मौलाना निहाल हैदर आदि मौजूद थे।

## आइपीएल सट्टे में हार के बाद रची लूट की साजिश, उन्नाव टोल से पीछे लगा दी कार और बिधनू में वारदात को अंजाम

**कानपुर, एजेंसी**



बिधनू शंभुआ रिंद नदी पुल के पास शुक्रवार रात को पीवीसी कंपनी के सुपरवाइजर राहुल के साथ हुई 15.74 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम देने की योजना चालक सतनाम ने पांच दिन पहले मास्टर माइंड मित्र सोम प्रकाश के साथ बना ली थी। चालक सोम प्रकाश को वाट्सएप काल और चैटिंग कर लोकेशन देता रहा। बताए लोकेशन के मुताबिक स्कार्पियो सवार बदमाश उन्नाव टोल से पीछे लग गए थे और शंभुआ रिंद नदी से पहले मौका पाकर घटना को अंजाम दे दिया।

लूट का राजफाश करते हुए क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि घटना के बाद पूछताछ में शक की सुई चालक सतनाम की ओर जा रही थी। सुपरवाइजर राहुल ने भी चालक सतनाम पर शक जताते हुए सुबह से बार-बार वाट्सएप चैटिंग और काल आने की जानकारी दी। पुलिस ने सतनाम से सख्ती बरती तो वह टूट गया और सच उगल दिया। सतनाम ने पुलिस को घटना के मास्टरमाइंड कबरई निवासी मित्र सोम प्रकाश का मोबाइल नंबर दिया। सीडीआर के जरिये पुलिस ने मास्टरमाइंड सोम प्रकाश समेत घटना में शामिल साथी विनय यादव, फारुख हसन, जावेद खान, बृजेंद्र सिंह के नंबर सर्विलांस में लगा दिए।

क्षेत्राधिकारी के मुताबिक रविवार को मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल पांच बदमाश स्कार्पियो और वैगेनार कार में जहानाबाद से साढ़ होते हुए कानपुर शहर की ओर जा रहे थे। थाना साढ़, थाना बिधनू समेत स्वाट टीम ने कुंदौली ईंट भा मोड़ के पास घेराबंदी कर सभी बदमाशों को दबोच लिया। तलाशी में आरोपितों के पास से दो तमंचे, दो कारतूस के साथ 15.14 लाख रुपये मिले है, जबकि 60 हजार रुपये आरोपितों ने खर्च कर देने की बात कबूल की है।

सट्टे में हार मिलने से बड़ा दांव मारने की थी तलाश : सोम प्रकाश ने बताया कि आइपीएल सट्टे काफी रुपये हार गया था। जिससे काफी कर्ज भी हो गया था।

# चार बच्चे पैदा करने पर 10 साल की सजा का हो प्रावधान

**मेरठ, एजेंसी**

जनसंख्या विस्फोट होने से देश भयावह स्थिति में पहुंच गया है। अगर समय रहते हम नहीं चेते तो प्राकृतिक संसाधन पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे। इसे बचाने के लिए मेरठ में जनसंख्या कानून की मांग उठी। तीन दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कई प्रस्ताव पास किए गए। इन प्रस्तावों को सभी प्रदेश की सरकार और केंद्र सरकार को पत्र के माध्यम से भेजा जाएगा। उनसे मांग की जाएगी कि देश में सख्त से सख्त जनसंख्या नियंत्रण का कानून लागू किया जाए। अधिवेशन में रखे गए प्रस्ताव में कहा गया कि चौथी संतान को पैदा करने की स्थिति में दंपत्ति को 10 साल की जेल का प्रविधान भी किया जाए।

मेरठ में मिलेनियम पब्लिक स्कूल 15 मई से 17 मई तक जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किया गया। इस अधिवेशन में पहले दिन केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या कानून की वकालत की। दूसरे दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने जनसंख्या कानून को जरूरी बताया। मंगलवार को अधिवेशन के आखिरी दिन अलग-अलग प्रांतों से आए लोगों के सुझाव पर 10 प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें जनसंख्या कानून को लेकर कई प्रविधान किए गए।

जाति,धर्म क्षेत्र और भाषाई बंधनो से उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए जनसंख्या कानून सभी नागरिकों के लिए एक समान लागू किया जाए। इस कानून के दंडात्मक प्रविधान किए जाएं। कानून लागू होने के एक साल बाद कानून तोड़कर दूसरे से अधिक बच्चे पैदा करने वाले माता-पिता पर यह प्रविधान लागू किया जाएगा। कानून लागू होने से पहले दो से अधिक संतान के मामले में किसी भी नागरिक पर किसी भी रूप में यह कानून लागू नहीं होगा। जनसंख्या समाधान विषय कानून अधिसूचित होने के बाद कानून तोड़कर दूसरी से अधिक संतान पैदा करने वाले दंपत्ति को सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाएं समाप्त कर दी जाएगी। राजकीय सेवा में कार्यरत दो या दो से अधिक बच्चे वाले माता-पिता कानून अधिसूचित होने के बाद एक वर्ष के बाद कानून तोड़कर अगले संतान पैदा करते हैं, तो अपने पद पर नहीं रहेंगे। उनके नियोजित होने की पात्रता भी खत्म कर दी जाएगी।

कानून अधिसूचित होने के एक साल बाद कानून छोड़कर दूसरे से अधिक संतान पैदा करने पर माता-पिता व संतान को जीवन भर मताधिकार से वंचित किया जाए। कानून का उल्लंघन करने वाले और चौथी संतान को पैदा करने की स्थिति में दंपत्ति को 10 साल की जेल का प्रविधान भी किया जाए। ताकि चौथी संतान पैदा करने के विषय में कोई सोच नहीं सके। अगर किसी के जुड़वा संतान पैदा होती है। तो परिवार पूरा माना जाएगा। अगर कानून में कोई पुरुष अपने जीवन काल में कई शादियां करता है तो उसे सभी पत्नियों के माध्यम से अलग-अलग दो-दो बच्चे पैदा करने की छूट नहीं दी जाएगी। दो पत्नियों में से दो बच्चे की उत्पत्ति पर पत्नी या पति की संख्या जो भी हो परिवार पूरा माना जाएगा। यानी पत्नी या पति की संख्या कितनी भी हो उसे परिवार मानते हुए बच्चों की कुल संख्या दो से अधिक नहीं रहेगी।

# सुप्रीम कोर्ट में योगी आदित्यनाथ सरकार के एएसजी राजू बोले- आजम खां आदतन अपराधी, अभी भी दे रहे धमकी

**लखनऊ, एजेंसी**




समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खां की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने भले ही अपना फैसला सुरक्षित रखा है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से केस की पैरवी कर रहे एएसजी ने आजम खां को आदतन अपराधी बताया है। एडिशनल सालिसिटर जनरल एसवी राजू अधिकारी ने बताया कि आजम खां को अभी भी जेल से अधिकारियों को धमकी देते हैं कि मेरी सरकार आएगी तो एक-एक से बदला लूंगा।

सुप्रीम कोर्ट में आजम खां की जमानत याचिका दाखिल करने के बाद पैरवी कर रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा कि आजम खां दो वर्ष से जेल में बंद हैं। ऐसे में वो कैसे किसी को धमकी दे सकते हैं। सरकार राजनीतिक दुश्मनी के लिए उनको जेल में रख रही है। उनकी दलील थी कि यूपी सरकार राजनीतिक दुश्मनी के लिए आजम को जेल में रख रही है। सिब्बल ने कहा कि उनके मुवक्किल का उस स्कूल से कोई लेना-देना नहीं है। वो उस स्कूल को नहीं चलाते। उसके चेयरमैन हैं। ध्यान रहे कि आजम खान के खिलाफ नया मामला फर्जी दस्तावेज से स्कूल के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल करने का है। सिब्बल ने कहा कि वो उनके मुवक्किल को गिरफ्तार करने के लिए फिर से कुछ और मामला दर्ज कर सकते हैं लेकिन मामले दर्ज करना जारी नहीं रख सकते। कोर्ट ने दोनों ही पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते आजम खान को जमानत मिलते ही नया मामला दर्ज करने को लेकर सवाल उठाए थे।

प्रदेश सरकार ने सपा के सीनियर नेता आजम खां को भूमाफिया बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में जमानत का विरोध किया है। यूपी सरकार ने कहा कि आजम खां ह्यआदतन अपराधीद्ध हैं। यूपी सरकार की ओर से अदालत में पेश अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष उन्होंने कहा कि आजम खां भूमाफिया हैं। आजम पहले ही भूमि कब्जाने के मामले में जांच अधिकारी को धमकी दे चुके हैं। उनके खिलाफ लोगों ने निजी तौर पर शिकायतें दर्ज कराई हैं। वह आदतन अपराधी हैं। हर चीज में उन्होंने धोखाधड़ी की है। यूपी सरकार के वकील ने कहा कि आजम खां अदालत से अंतरिम बेल की मांग कर रहे हैं, लेकिन इसकी परमिशन नहीं मिलनी चाहिए। उनके ऊपर कई ऐसे मुकदमे भी दर्ज हैं, जिनमें उम्रकैद तक की सजा का प्रावधन है। उन पर पहले से दर्ज मामलों पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि वह आदतन अपराधी और भूमाफिया हैं। यूपी सरकार की ओर से कहा गया कि भले ही आजम खां नेता हैं, लेकिन इसके आधार पर उन पर दर्ज मामलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। केस की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार के अधिवक्ता से कहा कि राज्य सरकार एक मामले में आजम खां को बेल और दूसरी में जेल नहीं दे सकती। आजम खां की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से बड़े और तीखे आरोप लगाए गए। योगी आदित्यनाथ सरकार की तरफ से कहा गया है कि आजम खां आदतन अपराधी है। वो अभी भी सुधरा नहीं है। सरकार का दावा है आजम खां ने अधिकारियों से कहा है कि मैं अभी मरने वाला नहीं हूं। मेरी सरकार आएगी तो एक-एक का बदला लूंगा।

## अवैध कब्जा कर प्लाट पर कर रहे निर्माण पीडितो द्वारा तहरीर देने के बाद भी नहीं रुक रहा कार्य

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दबंग अवैध कब्जा धारियों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। लेकिन कुछ दबंग अपनी दबंगई के बल पर अवैध कब्जा करने से नहीं आ रहे बाज। कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला सैमर टोला निबासी राजाराम पुत्र सुम्मेरी ने अपनी संपत्ति लगभग 346.गज जिसमें दो मकान बने ब दो खाली प्लॉट की रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 4.9.1995 को अपनी पुत्रीया सुनीता. मीना. सीमा गुंन्जन.के नाम रजिस्टर वसीयत कर दी थी। आपको बता दें कि राजाराम का एक पुत्र स्वर्गीय जगदीश भी था वसीयत मैं राजा राजाराम के द्वारा बताया गया था कि उनका बेटा गलत संगत मैं पड़ गया है। और आए दिन परेशान करता है जिस की गलत नीतियों होने के कारण उसको चल अचल संपत्ति से बेदखल किया गया। संपत्ति से बेदखल हो जाने के कारण जगदीश के पुत्र रवि एवं विक्की ब जगदीश की पत्नी विमला द्वारा चारों लड़कियों की संपत्ति पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है ।जिसको लेकर पीड़ितो द्वारा चंदौसी कोतवाली में तहरीर देकर अवैध कार्य रुकवाने की अपील करते हुए अवैध कब्जा हटवाने की मांग की लेकिन अवैध कब्जा धारी निर्माण कार्य करने से नहीं आ रहे बाज।

जिसमें की डायल 112 द्वारा 16. 5.2022 को निर्माण कार्य रुक गया था लेकिन दबंगों ने फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। पीडित द्वारा पुनः निर्माण करने की सूचना देने पर निर्माण कार्य स्थल पर डायल 112 पहुंची और निर्माण कार्य रुकवाया सवाल यह उठता है कि यह दबंग आखिर अवैध निर्माण किस के दम पर कर रहे हैं देखना है कि अब क्या इनकी पीडितो को कब मिलेगा न्याय। प्रशासन द्वारा इनअवैध कब्जा धारियों पर अबैध निर्माण किए जाने पर कार्रवाई की जाती है।

**तैयारी** महाकुंभ 2025 की तैयारी, प्रयागराज के दशाश्वमेध और किला के पास तैयारी जारी

# गंगा के पक्के घाट पर स्नान करेंगे श्रद्धालु

**प्रयागराज, एजेंसी**



आपको तो पता ही होगा कि प्रयागराज में महाकुंभ मेला वर्ष 2025 में आयोजित होगा। महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर तैयारियां शुरू होने लगी हैं। इस बार महाकुंभ से पहले गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम क्षेत्र का नजारा बदला नजर आएगा। महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए यहां पक्के घाट निर्माण की तैयारी है। संगम क्षेत्र में 18 करोड़ रुपये की लागत में पक्के घाट बनाए जाएंगे।

अक्टूबर से पक्के घाट का निर्माण शुरू हो सकता है : तीर्थराज प्रयाग में लगने वाले 2025 के महाकुंभ से पहले संगम क्षेत्र में गंगा नदी के किला घाट और दशाश्वमेध घाट को पक्का किया जाएगा। पक्के घाट के निर्माण के लिए शासन से सिंचाई विभाग से कार्ययोजना मांगी है। सब कुछ ठीक रहा तो सिंचाई विभाग की ओर से बाढ़ के बाद यानी अक्टूबर माह से पक्के घाट का निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।

दशाश्वमेध व किला घाट के पक्के घाट कितने लंबे व चौड़े होंगे : दशाश्वमेध और किला घाट पर बनने वाले पक्के घाट की लंबाई 100 मीटर और चौड़ाई 80 मीटर होगी। दशाश्वमेध मंदिर के सामने से पक्के घाट का निमार्ण किया जाएगा। वहीं किला घाट पर पक्के घाट का निर्माण किला से वीआईपी जेटी के पास किया जाएगा। सिंचाई विभाग की ओर से घाट बनाने के लिए सर्वे भी किया जा चुका है। एक सप्ताह के भीतर पक्का घाट बनाने के लिए कार्य योजना की रिपोर्ट शासन के पास भेजी जाएगी।

संगम क्षेत्र में झूला पार्क, फूड मार्केट भी बनेगा : सिंचाई विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि संगम क्षेत्र को विकसित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अब यहां पर झूला पार्क, फूड मार्केट बनने के साथ पक्के घाट का निर्माण किया जाएगा। यहां पर पक्के घाट निर्माण के लिए पिछले कई वर्षों से मांग की जा रही है।

सावन में दशाश्वमेध घाट पर लाखों की संख्या में जुटते हैं कांवरिए : दारागंज मोहल्ले में स्थित दशाश्वमेध घाट पर सावन मास में लाखों की संख्या में कांवरिए गंगा जल भरने के लिए आते हैं। यहां से काशी विश्वनाथ वाराणसी समेत दूर-दूर के प्रसिद्ध मंदिरों में शिवजी को अर्पित करने गंगा जल लेकर कांवरिए जाते हैं। इस कारण यहां पर पिछले कई वर्षों से पक्के घाट के निर्माण की मांग की जा रही है। क्योंकि पक्के घाट न होने से कांवरियों व स्नानार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

प्रयागराज में गंगा-यमुना के चार पक्के घाट हैं : गंगा और यमुना के तट पर अब तक प्रयागराज में चार पक्के घाटों का निर्माण किया जा चुका है। इसमें अरैल घाट, छतनाग घाट, नागेश्वर घाट, मौज गिरि घाट शामिल हैं। दशाश्वमेध और किला घाट को पक्का करने की मंजूरी मिलने पर छह पक्के घाट हो जाएंगे।

## स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम समाज की जमीन पर दबंग ने किया कब्जा



**संभल , प्रात: किरण संवाददाता**

उत्तर प्रदेश सरकार जीरो टायलेस पर काम कर रही है लेकिन कुछ जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण दबंग भूमाफिया द्वारा ग्राम समाज एवं सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है ऐसा ही एक मामला जनपद संभल के मोहम्मदपुर मालनी में देखने को मिला। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध कब्जा धारियों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। लेकिन कुछ दबंग व्यक्ति अपनी दबंगई के चलते ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सम्भल बिकास खंड के ग्राम पंचायत मोहम्मद पुर मालनी मे बने स्वास्थ्य केंद्र के बराबर मे ग्राम समाज की जमीन पर दबंग अकिल पुत्र हबीब द्वारा अवैध कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। सूत्रो द्वारा बताया गया है कि इसी के द्वारा पूर्व में भी ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर अपने मकान का निर्माण किया गया है। सवाल यह उठता है कि दबंग अवैध कब्जा किस के दम पर कर रहे जब की ग्राम समाज की सम्पत्ति पर ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा कोई भी ध्यान नही दिया जा रहा है। इसे दोनो की लापरवाही कहे या मिलीभगत कहे देखना है। प्रशासन द्वारा अबैध कब्जा

## संक्षिप्त खबरें

### नवनियुक्त जिला उपायुक्त अशोक कुमार गर्ग व बावल पुलिस उपाधीक्षक राजेश लोहान का किया स्वागत

रेवाड़ी। बावल विधानसभा क्षेत्र से दो बार प्रत्याशी रहे व वर्तमान प्रदेश महासचिव एडवोकेट श्यामसुंदर सभरवाल ने जजपा पदाधिकारियों सहित नवनियुक्त जिला उपायुक्त अशोक कुमार गर्ग व बावल पुलिस उपाधीक्षक राजेश लोहान को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया व हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री सभरवाल ने दोनों अधिकारियों से सभी पार्टी पदाधिकारियों का परिचय करवाया व कहा की जजपा के हर कार्यकर्ता की राजनीति से बढ़कर सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका रहती है चाहे कोविड का समय हो या पर्यावरण संरक्षण हो या गोसेवा हो। श्री सभरवाल ने ज़िला उपायुक्त को आश्वासन दिया की जजपा की पूरी टीम सकारात्मक कार्यों एवं रेवाड़ी के विकास कार्यों के लिए सदैव जहां भी जरूरत पड़ेगी एक कॉल पर उपलब्ध रहेगी ताकि विकास कार्यों को गति मिल सकें ।उन्होन जिला उपायुक्त द्वारा अभी तक आमजन की सुविधा के लिए उठाए गए कार्यों की भी सराहना की। इस मौके पर रेवाड़ी शहरी हल्का प्रधान टेकचंद सैनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह चौहान, सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन व जजपा प्रदेश महासचिव शीला यादव , पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कैप्टन पूर्णसिंह, किसान प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेंद्र बनीपुर, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धर्मवीर चोकन, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधीर चौधरी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एडवोकेट सुधीर, सी.आर. स्कूल के चेयरमैन एवम निदेशक चौधरी रणबीर सिंह , इसइनसो के राष्ट्रीय महासचिव सतेंद्र झाबुआ, राजू चौधरी बावल, राजबीर कालूवास, सीएम विंडो एमिनेंट सिटिजन एडवोकेट अरुण यादव, रमेश जोत्रीवाल, आर. के.बलवारियां, कमल शर्मा, भूपेन्द्र शेखपुर आदी मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने देवर्षि नारद को नमन किया

फरीदाबाद। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सैक्टर - 12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर देवर्षि नारद जी को उनकी जयंती पर उनको माल्यार्पण कर नमन वन्दन किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नारद मुनि की जन्म कथा बताते हुए कहा की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, धर्म ग्रंथों में वर्णित है कि पूर्व कल्प में नारद 'उपबर्हण' नाम के एक गन्धर्व थे। एक बार भगवान ब्रह्मा ने उपबर्हण को उनके अशिष्ट आचरण के कारण शूद्र योनि में जन्म लेने का श्राप दे दिया। श्राप के फलस्वरूप वह 'शूद्रादासी' के पुत्र हुए। बचपन से ही साधु-संतों के साथ रहने के कारण इस बालक के चित्त में रजोगुण और तमोगुण को नाश करने वाली भक्ति का प्रादुर्भाव हो गया। निरंतर श्री नारायण की भक्ति करते हुए उन्हें एक दिन भगवान की एक झलक दिखाई दी। ये बालक नारायण के उस स्वरुप को हृदय में समाहित करके बार-बार दर्शन करने की चेष्टा करने लगा, परन्तु उसे पुनः नहीं देख सका। लेकिन उन्हें अचानक से अदृश्य शक्ति की आवाज सुनाई दी-हे दासीपुत्र! अब इस जन्म में फिर तुम्हें मेरा दर्शन नहीं होगा, लेकिन अगले जन्म में तुम मेरे पार्षद हो जाओगे। श्री नारायण के वरदान से नारद मुनि वैकुण्ठ सहित तीनों लोकों में बिना किसी रोक-टोक के विचरण करने लगे।

# डेढ़ माह में ब्लाक स्तर से वार्ड स्तर तक होगा युवा कांग्रेस संगठन का विस्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा है कि देश को आजाद कराने में कांग्रेस पार्टी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता और जो लोग कांग्रेस पर सवाल उठाते है, पहले वह अपने गिरेबां में झांके। उन्होंने कहा कि उदयपुर में आयोजित कांग्रेस चिंतन शिविर में अहम फैसले लिए गए है, खासकर युवाओं से संबंधित, जिनमें एआईसीसी, नगर निगम व विधानसभा चुनावों में युवाओं को 50 प्रतिशत भागेदारी देना तथा 50 साल से कम उम्र के युवाओं को पार्टी का टिकट देना शामिल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा युवा कांग्रेस आगामी डेढ़ माह में ब्लाक स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा और अधिक से अधिक मेहनतकश युवाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा और आज इसी को लेकर फरीदाबाद में युवाओं के साथ बैठक करके उनसे संगठन विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया है। दिव्यांशु बुद्धिराजा मंगलवार को ग्रेटर फरीदाबाद स्थित युवा कांग्रेस फरीदाबाद (शहरी) के जिलाध्यक्ष नितिन सिंगला के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के उपरांत युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यक्रम का आयोजन फरीदाबाद युवा कांग्रेस के (शहरी) अध्यक्ष नितिन सिंगला व ग्रामीण अध्यक्ष अभिलाष नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी दीपक भाटी चोटीवाला ने की, जबकि कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी शिवि चौहान, जिले के प्रभारी हरमनदीप सिंह विर्क, विरेंद्र सिंह मेचू आदि मौजूद थे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर फरीदाबाद युवा कांग्रेस के (शहरी) अध्यक्ष नितिन सिंगला व ग्रामीण अध्यक्ष अभिलाष नागर के नेतृत्व में युवाओं ने प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान फरीदाबाद युवा कांग्रेस के (शहरी) अध्यक्ष नितिन सिंगला व ग्रामीण अध्यक्ष अभिलाष नागर ने संयुक्त रूप से कहा कि युवा संगठन को मजबूत करने की दिशा में मजबूती से कार्य किए जा रहे है और युवा कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के तहत भाजपा सरकार की पोल खोलने का काम करेगी।

कार्यक्रम में 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हम है राजीव नामक कार्यक्रम को लेकर भी रूपरेखा तय की गई। इस मौके पर डा. गौतम पराग, प्रणव शर्मा, आकाश पंडित, सुनील चेची, चुन्नू राजपूत, अधिवक्ता राजेश खटाना, विकास वर्मा, गौरव नागर, विकास दायमा, विनय भाटी,शिवा सिंह, आकाश गुप्ता, दिवाकर वशिष्ठ, विवेक वशिष्ठ, नदीम सैफी, आफताब कुरैशी, ललित शर्मा, सुनील खंडेलवाल, सोनू गुर्जर, विवेक वशिष्ठ, दिवाकर भड़ाना, कपिल कुमार, कल्लू पंडित, नेहरू शर्मा, मोहन चौहान, अनीश सैफी, श्रेय शर्मा, विनय भाटी, दीपक रावत, सतीश बघेल, राजेश बख्शी, रियाज खान, हरिओम, नितेश खटाना, सुरेंद्र यादव, प्रमोद नागर, जनरेल हुसैन सहित अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शहर में चलाया गया अतिक्रमण अभियान , दुकानदारों में हडकंप

होडल, प्रात : किरण संवाददाता



होडल उपमंडल अधिकारी ने कार्यभार संभालते ही दुकानों के आगे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। एसडीएम के आदेश पर नगर परिषद प्रशासन ने बुधवार को पुरानी जीटी रोड पर अतिक्रमण अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की है। नगर परिषद अधिकारियों के साथ पुलिस बल भी मौजूद था। नगर परिषद के इस अभियान से दुकानदारों में हडकंप मचा हुआ है। प्रशासन का दाबा हैं कि उनका यह अतिक्रमण अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शहर में अतिक्रमण पर पूरी तरह से अुकंश नहीं लग जाता। होडल में नवनियुक्त एसडीएम डा. चिनार ने मंगलवार को होडल का कार्यभार संभालते ही बुधवार को पुरानी जीटी रोड पर दुकानों के आगे सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान छेड दिया। एसडीएम ने नगर परिषद को अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश दिए। एसडीएम के आदेश पर नगर परिषद के एमई डालचंद, जेई कृष्ण गोपाल, बीआई सुल्तान खान, संजय गोला व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों, जेसीबी व पुलिस प्रशासन को साथ लेकर पुरानी जीटी पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पहुंच गए। परिषद के अधिकारियों ने यहां दुकानों के आगे रखें तख्त, छप्पर व अन्य सामान को जप्त कर लिया और कई दुकानदारों के चालान किए। प्रशासन की इस कार्यवाही से दुकानदारों में हडकंप मच गया। दुकानदारों के चालान कटते देख कई दुकानदार तो अपनी दुकानों को बंद करके भाग लिए। नगर परिषद जेई कृष्ण गोपाल ने बताया कि पुरानी जीटी रोड पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण आए दिन यातायात जाम मिलने की शिकायत मिल रही थीं। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ प्रशासन ने अभियान छेडा है ओर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सोहना में गंदगी से अटे नाले नगर परिषद प्रशासन मौन



सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना गुरुग्राम नूह रोड पर बने नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। जिन्हे वहां लगे ढाबों वालों ने कूड़े कचरे से भर दिया ।रात होते ही नाले में पड़े कूड़े में ये ढाबे होटल वाले आग लगा देते हैं ।जिससे प्रदूषण को बढ़ावा देने का कार्य भी कर रहे हैं।

जबकि अभी नगर परिषद प्रशासन का लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है ।जो आज भी जारी था। लेकिन प्रशासन द्वारा लगाई गई अधिकारियों ने नजरंदाज कर दिया ।दो दिन पूर्व ही नगर परिषद ने बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया था लेकिन आगे दौड़ पीछे छोड़ वाली कहावत सीधे हो रही है ।जबकि आने वाले मॉनसून के चलते नगर परिषद शहर के सभी नालों की सफाई को लेकर टेंडर छोड़ती है ।लेकिन नगर परिषद प्रशासन जब सांप निकल जाए तो लकीर पीटने का कार्य करती है। जब मानसून में बरसात के दिनों में शहर पानी से लबालब हो जाता है तब जाकर नालों की सफाई की जाती है ।व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी ,ललित शर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की है शहर के सभी नालों की सफाई तुरंत प्रभाव से की जाए जिससे व्यापारियों की दुकानों में बरसात के दिनों में पानी ना भरे।

# कम्युनिटी रेडियो की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए जनसंचार एवं पत्रकारिता के विद्यार्थी

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



डी.ए.वी शताब्दी महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने एन.जी.एफ. इंजीनियरिंग कॉलेज, पलवल के सामुदायिक रेडियो स्टेशन - रेडियो एन. जी.एफ. पलवल, दिल से दिल तक, 90.4 का भ्रमण व अवलोकन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य पत्रकारिता विभाग के छात्रों को एक रेडियो स्टेशन की कार्यप्रणाली व तकनीकी से अवगत कराना रहा। डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय के लगभग 40 छात्रों ने एन.जी.एफ. इंजीनियरिंग कॉलेज, पलवल का दौरा किया। छात्रों ने कॉलेज परिसर स्थित सामुदायिक रेडियो स्टेशन का अवलोकन किया। एन.जी.एफ. रेडियो के प्रोग्राम संचालक जितेश ने छात्रों की अगवानी की 7 वे छात्रों को रेडियो प्रसारण रूम में लेकर गए 7 उन्होंने छात्रों को एक सामुदायिक रेडियो क्या होता है और किस तरह से काम करता है, के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हमारा रेडियो स्टेशन 90.4 स्नरू फ्रिक्वेंसी पर ट्यूनिंग होता है व 25 से 30 किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कवर करता है। उन्होंने रिकॉर्डिड, लाइव व फोन इन - रेडियो प्रोग्राम के कॉन्सेप्ट को छात्रों को बारीकी से बताया। उन्होंने सेल्फी विद डॉटर कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रोग्राम का आगाज करने वाले जींद के गांव के सरपंच सुनील जागलान को यहाँ बुलाना मुश्किल था इसलिए फोन-इन प्रोग्राम हम लोगों ने उनके साथ किया। एन.जी.एफ. कॉलेज के रेडियो तकनीशियन आलोक ने छात्रों को प्रोग्राम को कैसे रिकॉर्ड, एडिट व ब्रॉडकास्ट किया जाता है, के बारे में बताया। उन्होंने रेडियो के क्षेत्र में अलग-अलग संभावित जॉब्स के लिए अपने आप को कैसे तैयार करना है, के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को बताया की आप हमारे यहाँ रेडियो में इन्टर्नशिप किस तरीके से कर सकते है। वॉइस ऑवर आर्टिस्ट रिकॉर्डिंग रूम में मौजूद मैडम योगिता ने छात्रों को वॉइस ऑवर आर्टिस्ट की कार्यविधि को समझाया। उन्होंने रेडियो का इतिहास भी छात्रों के समक्ष रखा। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभागाध्यक्ष रचना कसाना इस तरह की गतिविधियों का आयोजन समय समय पर करती रहती है और ये भ्रमण भी रचना कसाना एवं विरेन्द्र सिंह कि देखरेख में ही आयोजित हुआ था 7 सभी छात्र इस सामुदायिक रेडियो केंद्र के भ्रमण से काफी उत्साहित ०लाभान्वित नजर आए।

### 15 किलोग्राम गोमांस व बाइक बरामद, मामला दर्ज

**पुन्हाना।** चांदडाका गांव के पास से पुलिस ने एक बाईक से 14 किलोग्राम गोमांस बरामद किया है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने में कामयाब रहा। चांदडाका पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।चांदडाका पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मवीर ने बताया कि सोमवार को वो अपनी टीम के साथ नूंह में परेड से वापिस चांदडाका पुलिस चौकी आ रहे थे। सुबह करीब 8 बजे जब वो चांदडाका गांव के पास एक बाइक सवार बाइक को तेज रफ्तार से ला रहा था। पुलिस की गाडी को देखकर बाइक सवार बाइक को सड़क पर ही छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बाइक के दोनों ओर लटके हुए प्लास्टिक के कट्टो की तलाशी ली तो कट्टो से 15 किलोग्राम गोमांस अलग-अलग पॉलिथीन में भरा हुआ था। पुलिस ने गोमांस व बाइक को कब्जे में लेकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को आशंका है कि बरामद की गई बाइक चोरी की हो सकती है।

# ' चिट्ठी ना कोई संदेश, ना जाने कोन सा है वो देश, जहा तुम चले गये '

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



सोहना गांव दम दमा में माँ भारती के वीर सपूत शहीद राज सिँह खटाना के बलिदान दिवस पर उन्हे भावभीनी श्रधांजलि अर्पित की। शहीद राज सिंह खटाना अमर रहे अमर रहे के नारे के साथ गूंज उठा गांव दम दमा ।इस मौके पर किसान सेल के जिला अध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना,सरपंच शेयोराज खटाना,अजीत प्रधान ने बताया कि आज दमदमा गाँव के वीर सपूत की शहादत को 2 वर्ष हो गये । वीर सपूत की शहादत के 2 वर्ष बीत जाने पर भी हरियाणा सरकार ने गाँव के स्कूल को तो शहीद राज सिँह के नाम से कर दिया, लेकिन अपग्रेड नही किया , दमदमा गाँव के बच्चे, बेटियाँ, माताएं , बहने, बुजुर्ग स्कूल को अपग्रेड कराने के लिऐ धरने पर बैठे है व बच्चे 47 डिग्री तापमान मे भी टैंट लगाकर पढ रहे है। आज 17 दिन बीत जाने के बावजूद सरकार सुनवाई नहीं कर रही ।जबकि मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल के संज्ञान में मामला जा चुका है। हमारी हरियाणा सरकार से मांग है शहीद राज सिँह के बलिदान दिवस पर स्कूल को अपग्रेड करने का काम करे ।

**श्रद्धांजलि**

- गांव दम दमा वासियों ने शहीद राज सिंह खटाना की दूसरी पुण्य तिथि के मौके उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

उसकी शहादत को व्यर्थ न जाने दे।आपको बता दें जम्मू-कश्मीर के डोडा में इसी दिन 17 मई 2020 को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी ताहिर अहमद भट के एनकाउंटर की कार्रवाई के दौरान दमदमा निवासी सिपाही राज सिंह खटाना शहीद हो गए थे ।इस मौके पर मनोज मेंबर,बल्लू प्रधान,रामशरण नरवाल,पारसी मेंबर,रविता बिमला आदि मोजूद थी।

### दुकानदार से मारपीट करने के आरोप में 8 पर मामला दर्ज

**पुन्हाना।** गंदे पानी को दुकान से सामने भरने का विरोध करने पर एक दुकानदार के साथ मारपीट करने के आरोप में पुन्हाना पुलिस ने 4 नामजद सहित 4 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में शमीम निवासी पापडा ने बताया कि बीसरू मोड के पास उनकी जनरल स्टोर की दुकान है।

पास के दुकानदार द्वारा गंदे पानी को उनकी दुकान सामने मोड दिया जिसका उन्होंने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके पिता पर लाठी- डंडा व फरसा से हमला कर दिया।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर फाजिल, शमीम, वसीम, शहीद व अन्य 4 के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इनसो ने चलाया सदस्यता अभियान, सैकड़ों छात्र छात्राओं ने जताई इनसो में आस्था

रेवाड़ी, प्रात : किरण संवाददाता



रेवाड़ी जेजेपी की छात्र इकाई इनसो ने राव रामसिंह डिग्री कॉलेज मुकुंदपुर बसई में नवनियुक्त कॉलेज अध्यक्ष प्रदीप बखापुर ने इनसो रेवाड़ी जिला अध्यक्ष ज्योति सांगवान, इनसो राष्ट्रीय महासचिव सत्येंद्र झाबुआ, बावल हल्का अध्यक्ष दिनेश चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने इनसो में आस्था जताई ।इस अवसर पर इनसो जिला अध्यक्ष ज्योति सांगवान ने कहा कि छात्र संगठन इनसो हमेशा छात्र हितों के लिए संघर्षरत रहा है छात्रों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर उन्होंने प्रखरता से आवाज उठाकर उनका समाधान करवाया है इसी वजह से आज प्रदेश के छात्र और युवा इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑगेनाईजेशन में निरंतर अपनी आस्था जता रहे हैं। इनसो राष्ट्रीय महासचिव सत्येंद्र झाबुआ ने कहा कि छात्र संगठन इनसो 5 अगस्त 2003 से निरंतर छात्र हितों के लिए संघर्षरत है और युवाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए इनसो का एक-एक पदाधिकारी तत्परता से कार्य करता है प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव बहाल कराने के लिए इनसो संगठन ने लंबी लड़ाई लड़ी और प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव बहाल करवाएं और आगामी समय में होने वाले छात्र संघ चुनाव में इनसो प्रदेश के प्रत्येक कॉलेज और यूनिवर्सिटी में जीत दर्ज कर एक ऐतिहासिक परचम लहराएंगी। कॉलेज के छात्र छात्राओं को ज्वाइन कराते हैं युवा नेताओं ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का संगठन में पूरा मान सम्मान रखा जाएगा। छात्रों को कोई भी दिक्कत आई तो उनके हर समय इनसो संगठन खड़ा मिलेगा ।इस अवसर पर छात्र नेता आजाद पटेल, योगेश पटेल, चरण गुर्जर, अजय, कुलदीप, विकास, अंकुर यादव, हर्ष कुमार, नरवीर सिंह, संदीप, सुधीर, राहुल छाबड़ी, टिंकू खटाना, स्मृति यादव, ज्योति चौकन, पूजा, निशा, सपना, नीतू प्रीति, अर्चना, कीर्ति, सपना सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# हरियाणा में भी बनाए जा चुके हैं 600 से 700 एफपीओ: जे.पी. दलाल

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता




हरियाणा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी 600 से 700 एफपीओ बनाए जा चुके हैं और चार से पांच जगह पर वे स्वयं एफपीओ को देखकर आए हैं। उन्होंने कहा कि यदि एफपीओ के माध्यम से किसान जुडेंगें तो किसान की दशा व दिशा बदल जाएगी। सामूहिक खेती करने से छोटे किसानों को खेती के लिए खाद व बीज इत्यादि की दिक्कत का सामना नहीं करना पडता है और लगभग 30 प्रतिशत तक बचत भी होती है। इसके अलावा, ऐसे किसानों को अपनी फसल के वैल्यू-एडीशन से भी लाभ मिलता है।

**एफपीओ को स्थापित करते समय ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि सभी किसानों को समान लाभ मिलें-दलाल**

उन्होंने कहा कि हमें एफपीओ को स्थापित करते समय ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि सभी किसानों को समान लाभ मिलें और विशेष कर छोटे व सीमांत किसानों को अवश्य हो। इसके अलावा, छोटे व सीमांत किसानों की आय का ऑडिट करके भी यह देखा जा सकता है और यदि यह सफल हो जाता है तो भारत को कृषि के मामले में आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता है।

**भविष्य में किसानों के उत्थान के लिए आने वाली योजनाओं व नीतियों को लागू करेगा हरियाणा-दलाल**

दलाल ने केन्द्रीय मंत्री को आश्वासन देते हुए कहा कि हरियाणा केन्द्र द्वारा लागू की जाने वाले योजनाओं को सबसे पहले क्रियान्वित करता हैं और भविष्य में भी किसानों के उत्थान के लिए आने वाली योजनाओं व नीतियों को लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा मत्स्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है और यहां के मछली पालन किसान लाखों रूपए की आय कर रहे हैं इसलिए उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मत्स्य के क्षेत्र को भी एफपीओ स्थापित करने में लाभ मिलना चाहिए।

इस सम्मेलन में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की संयुक्त सचिव सुश्री विजया लक्ष्मी ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री कैलाश चौधरी व हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल का बुके देकर स्वागत किया तथा हरियाणा बागवानी विभाग के महानिदेशक अर्जुन सैनी ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की संयुक्त सचिव सुश्री विजया लक्ष्मी का बुके देकर स्वागत किया।

# एएचपीसी वर्कर यूनियन का सर्कल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता




आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज (एएचपीसी) वर्कर यूनियन के बेनर तले मंगलवार को चिमनी बाई धर्मशाला में सर्कल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्कल सचिव कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में ठेका प्रथा समाप्त कर डीसी आउटसोर्स कर्मियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाली की बजाय ठेका कर्मियों को बंधुआ मजदूर बनाने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के गठन करने की घोर निन्दा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए एएचपीसी वर्कर यूनियन के उपाध्यक्ष एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन कच्चे कर्मियों को पक्का करने, समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने के सभी रास्ते बंद करने के लिए किया गया है। जिसको बिजली कर्मचारी एवं सकसं किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने ऐलान किया कि कौशल रोजगार निगम भंग करने, कच्चे कर्मियों को पक्का करने, ठेका कर्मियों को समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर प्रदेश के बिजली कर्मचारी 9 जुलाई को बिजली मंत्री के सिरसा कैंप कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इससे पहले बिजली कर्मचारी 15 मई को बिजली विभाग के एसीएस के पंचकूला कार्यलय पर प्रदर्शन करेंगें और निगम मैनेजमेंट को चेतावनी देंगे। उन्होंने बिजली कर्मचारियों से निर्णायक आंदोलन की तैयारी का आह्वान किया। यूनिट प्रधान करतार सिंह द्वारा संचालित इस सम्मेलन में आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, डिप्टी जरनल सेकेट्री जितेंद्र तेवतिया, सचिव सामून खान, केन्द्रीय कमेटी के सदस्य मनोज जाखड़, विनोद शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक कुमार, पूर्व प्रधान लज्जा राम, यूनिट के पदाधिकारी रमेश चंद्र तेवतिया, भूप सिंह, गिरीश राजपूत, देवेन्द्र त्यागी, दिनेश शर्मा, रामकेश, सुरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

### नागरिक घर से ही बनवा सकते हैं जन्म प्रमाण पत्र

**नूंह, मेवात।** हरियाणा सरकार की ओर से जन्म प्रमाण पत्र को लेकर ऑनलाइन पोर्टल जारी किया गया है जिस पर व्यक्ति अपने घर बैठा ही अपने बच्चों या फिर खुद का जन्म प्रमाण पत्र बनवा सकता है। इस बारे में जानकारी देते हुए उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि पहले जन्म प्रमाण पत्र के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे लेकिन अब हरियाणा में जन्म प्रमाण पत्र के लिए व्यक्ति पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है ।उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेजों में गिना जाता है। जब भी किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड या फिर पहचान पत्र नहीं होता है तो वह व्यक्ति जन्म प्रमाण पत्र को दस्तावेज के रूप में काम में ले सकता है ।केंद्र सरकार के नियम के अनुसार अधिनियम 1996 के तहत हर व्यक्ति का जन्म प्रमाण और या फिर उसकी मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र होना जरूरी है। बच्चे के जन्म के 21 दिनों के अन्दर अन्दर जन्म प्रमाण पत्र के लिए व्यक्ति आवेदन कर सकता है जिससे जन्म प्रमाण बनने में कम समय लगता है और जब काफी ज्यादा समय निकल जाता है तो उसके बाद जन्म-प्रमाण पत्र बनने में काफी समय लग जाता है।

## संक्षिप्त खबरें



### बंगाल सरकार राजकोषीय नीति एवं सार्वजनिक वित्त केंद्र की स्थापना करेगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार एशियाई विकास बैंक (एडीबी) समर्थित सुधार कार्यक्रम को लागू करने के लिए वित्त विभाग के तहत राजकोषीय नीति एवं सार्वजनिक वित्त केंद्र की स्थापना करेगी। राज्य के वित्त विभाग द्वारा हाल में जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य बेहतर संसाधन जुटाने, सार्वजनिक व्यय को युक्तिसंगत बनाने और सार्वजनिक व्यय प्रबंधन, ऋण स्थिरता विश्लेषण, ऋण प्रबंधन और संबंधित विषयों में दक्षता बढ़ाने के लिए अनुसंधान और अध्ययन करना होगा। अधिसूचना में कहा गया कि यह केंद्र सामाजिक क्षेत्र के विकास सहित राष्ट्रीय और राज्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सुशासन से संबंधित वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन भी करेगा।

### हीरो इलेक्ट्रिक ने ईवी खरीदारों को कर्ज देने के लिए रेवफिन के साथ समझौता किया

नई दिल्ली। हीरो इलेक्ट्रिक ने मंगलवार को कहा कि उसने पूरे भारत में ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) खरीदारों को कर्ज मुहैया कराने के लिए रेवफिन के साथ समझौता किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 2.5 लाख वाहनों को ऋण और पट्टे पर देना है। रेवफिन डिजिटल उपभोक्ता ऋण मुहैया कराने वाला मंच है। हीरो इलेक्ट्रिक के सीईओ सोहिंदर गिल ने कहा कि ई-कॉमर्स खंड तेजी से बढ़ रहा है और हीरो इलेक्ट्रिक का लक्ष्य बी2बी खंड को मजबूत करना है।

### रेज एक्सपर्ट राजस्थान में बड़े सोलर पार्क को तैयार करेगा

नई दिल्ली। रेज एक्सपर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह राजस्थान में 3,000 मेगावाट क्षमता के दुनिया के सबसे बड़े सोलर पार्क को तैयार करेगा। यह सोलर पार्क राजस्थान के बीकानेर में 9000 एकड़ क्षेत्र में बनेगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने जरूरी पारेषण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और इसके लिए सभी मंजूरियां मिल गई हैं। यह देश का पहला और एकमात्र 100 प्रतिशत निजी स्वामित्व वाला अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क है, जो केंद्रीय पारेषण प्रणाली से जुड़ा है। इससे पहले बने अन्य सभी प्रमुख सौर पार्क आंशिक या पूर्ण रूप से सरकारी स्वामित्व वाले हैं।

### एलआईसी का शेयर 8% गिरकर हुआ सूचीबद्ध

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर बाजार में मंगलवार को करीब आठ प्रतिशत गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में एलआईसी का शेयर 867.20 रुपए और एनएसई में 872 रुपए पर खुला। इसका निर्गम मूल्य 949 रुपए था। एलआईसी ने कंपनी के पॉलिसीधारकों और रिटेल निवेशकों को 889 रुपए और 904 रुपए प्रति शेयर के भाव पर शेयर आवंटित किए थे। उल्लेखनीय है कि भारत की दिग्गज बीमा कंपनी एलआईसी के प्रथम आईपीओ में प्रस्तुत किए गए शेयरों की तुलना में 2.95 प्रतिशत आवेदन प्राप्त हुए थे।

# एलआईसी की कमजोर लिस्टिंग से निवेशकों को झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एक्सपर्ट्स ने जताई रिकवरी की उम्मीद
- पॉलिसी होल्डर व खुदरा निवेशकों को नहीं मिला छूट का फायदा
- ग्रे मार्केट प्रीमियम से ही बन गई थी कमजोर लिस्टिंग की आशंका

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग ने आज निवेशकों को काफी निराश किया। ग्रे मार्केट में एलआईसी के शेयरों का भाव गिरने के बाद से ही इस बात की आशंका जताई जा रही थी कि एलआईसी के शेयर इश्यू प्राइस से नीचे लिस्ट हो सकते हैं। हालांकि मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि शेयर बाजार में बने नकारात्मक माहौल में एलआईसी के शेयरों ने काफी बेहतर लिस्टिंग की है और मार्केट में सुधार होते ही ये शेयर भी आसानी से रिकवर कर लेगा।

949 रुपये का ये शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में करीब 8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 867 रुपये पर लिस्ट हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में इसके लिस्टिंग 872 रुपये पर हुई। अभी तक के कारोबार के दौरान एलआईसी का शेयर एक बार 918.95 रुपये की मजबूती हासिल कर चुका था। फिलहाल शुरूआती दो घंटे का कारोबार होने के बाद 11.15 बजे ये शेयर 61 रुपये की कमजोरी यानी 6.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 888 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। एलआईसी के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग के कारण एलआईसी की पॉलिसी होल्डर्स, कर्मचारी और खुदरा निवेशकों को डिस्काउंट मिलने के बावजूद पहले दिन ही मुनाफा कमाने का मौका नहीं मिल सका। हालांकि कमजोर लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही एलआईसी का शेयर बीएसई और एनएसई दोनों ही जगह अपनी स्थिति में सुधार करते हुए 900 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन शेयर का ये भाव भी रिटेल इन्वेस्टर को फायदा पहुंचाने वाला नहीं था।

आपको बता दें कि 949 रुपये के इस शेयर के लिए एलआईसी ने अपने पॉलिसी होल्डर्स को प्रति शेयर 60 रुपये का डिस्काउंट दिया था, जबकि अपने कर्मचारियों और खुदरा निवेशकों को प्रति शेयर 45 रुपये का डिस्काउंट दिया था। इस तरह शेयरों पर डिस्काउंट के बाद पॉलिसी होल्डर्स को एलआईसी ने 889 रुपये के भाव पर शेयरों का आवंटन किया था, जबकि अपने कर्मचारियों और खुदरा निवेशकों को 904 रुपये के भाव पर शेयर दिए थे। लेकिन करीब 8 प्रतिशत की कमजोरी के साथ इस शेयर की लिस्टिंग होने से निवेशकों को काफी निराशा का सामना करना पड़ा। एलआईसी का आईपीओ देश का अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ था और लंबे समय से लोग इस आईपीओ का इंतजार कर रहे थे। आईपीओ लॉन्च होने के बाद ग्रे मार्केट में भी शुरूआती दौर में एलआईसी के शेयरों की काफी मांग रही। ग्रे मार्केट में इस शेयर का सौदा 95 रुपये के प्रीमियम तक हुआ। हालांकि आखिरी 1 सप्ताह में ग्रे मार्केट में एलआईसी के शेयरों का प्रीमियम लगातार गिरता गया। आखिरी 2 दिनों में तो एलआईसी के शेयर प्रीमियम की जगह डिस्काउंट में ट्रेड होने लगे थे। ग्रे मार्केट में शेयर के प्रीमियम में आई इस गिरावट के बाद से ही निवेशकों में निराशा का भाव बन गया बनने लगा था और इस बात की आशंका जताई जाने लगी थी कि बीएसई और एनएसई में इस शेयर की कमजोर लिस्टिंग भी हो सकती है।

एलआईसी के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग के बावजूद मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि मौजूदा हालात में जिस स्तर पर एलआईसी के शेयर लिस्ट हुए हैं, उसे भी एक बड़ी कामयाबी माननी चाहिए। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि दुनिया भर के बाजारों में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। ऐसे में एलआईसी के शेयरों की लिस्टिंग में 12 से 15 प्रतिशत तक की गिरावट की आशंका बनी हुई थी। नकारात्मक आशंकाओं के बावजूद इस शेयर ने करीब 8 प्रतिशत की गिरावट के साथ बीएसई और एनएसई में क्रमशः 867 रुपये और 872 रुपये के स्तर पर लिस्ट होकर अपने बेसिक फंडामेंटल्स के मजबूत होने का संकेत दिया है। खासकर लिस्टिंग के कुछ ही देर बाद एलआईसी के शेयर उछल कर 918.95 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इससे भी इस शेयर की मजबूती का एहसास किया जा सकता है। हालांकि इस उच्च स्तर के बाद एक बार फिर एलआईसी के शेयरों में गिरावट आई और ये शेयर दोबारा 900 रुपये प्रति शेयर के भाव से नीचे गिर गए। प्रशांत धामी के मुताबिक एलआईसी के शेयर को पॉलिसीहोल्डर्स, ऐंप्लाइज और रिटेल इन्वेस्टर्स की ओर से आईपीओ के दौरान जबरदस्त समर्थन मिला है। जीवन बीमा के क्षेत्र में एलआईसी देश का सबसे मजबूत ब्रांड है।

## अडाणी समूह के साथ 6.38 अरब डॉलर के सौदे पर कोई कर नहीं: होल्सिम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



स्विटजरलैंड की प्रमुख कंपनी होल्सिम ने कहा कि अडाणी समूह के साथ उसका 6.38 अरब डॉलर का सौदा कर-मुक्त है। होल्सिम ने रविवार को भारत में अपने कारोबार की नियंत्रण हिस्सेदारी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडाणी के समूह को बेचने के लिए एक बाध्यकारी सौदा किया था। इस सौदे के साथ अडाणी समूह सीमेंट कारोबार में प्रवेश करेगा और उसे अंबुजा सीमेंट में लगभग 63 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। अंबुजा सीमेंट्स की एसीसी में 54.53 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

होल्सिम के सीईओ जान जेनिश ने सोमवार को सौदे के बाद निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे विश्लेषण के अनुसार यह एक कर-मुक्त लेनदेन है। सौदे पर लागू किसी कर के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, कोई जटिलता पैदा होगी, ऐसा नहीं लगता। हम मानते हैं कि हमें 6.4 अरब स्विस फ्रैंक शुद्ध आय के रूप में मिलेंगे। सौदे के अनुसार अडाणी समूह अंबुजा सीमेंट और एसीसी में होल्सिम की पूरी हिस्सेदारी 6.4 अरब स्विस फ्रैंक (6.38 अरब अमेरिकी डॉलर) में अधिग्रहित करेगा। होल्सिम को उम्मीद है कि यह सौदा इस साल की दूसरी छमाही में पूरा हो जाएगा।

होल्सिम को उम्मीद है कि इस सौदे के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मिल जाएगी, क्योंकि अडाणी समूह निर्माण सामग्री के कारोबार में नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह एक साधारण अनुबंध है, जहां होल्सिम मूल रूप से दो व्यवसायों में कंपनी के शेयर बेच रही है। इसके अलावा, होल्सिम ने यह भी कहा कि बिक्री के बाद अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी पर सीसीआई द्वारा लगाए गए जुर्माने के लिए नया मालिक जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा, हमने कंपनी बेच दी है। हमारी तरफ से कोई क्षतिपूर्ति नहीं होगी। प्रतिस्पर्धा आयोग ने एसीसी पर 1,148 करोड़ रुपये और अंबुजा सीमेंट्स पर 1,164 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। दोनों कंपनियों ने अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष जुर्मानों को चुनौती दी थी। फिलहाल यह मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है।

## सहारा समूह के खिलाफ एसएफआईओ की अपील पर न्यायालय करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय मंगलवार को जांच एजेंसी एसएफआईओ की उस याचिका पर विचार करने को तैयार हो गया, जिसमें सहारा समूह की फर्मों को राहत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सहारा समहू की नौ कंपनियों से संबंधित जांच को रोकने के आदेश दिए थे।

मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय के खिलाफ जारी लुकआउट नोटिस पर हाल में एक अन्य पीठ द्वारा रोक लगाने के संबंध में याचिकाकर्ता (एसएफआईओ) ने कुछ चिंताएं जताई हैं।

कॉरपोरेट धोखाधड़ी की जांच करने वाली एजेंसी गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 13 दिसंबर 2021 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील की थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सहारा समूह के प्रमुख और अन्य के खिलाफ बाद की सभी कार्रवाइयों पर रोक लगा दी थी, जिसमें दंडात्मक कार्रवाई और लुकआउट नोटिस शामिल है।

एसएफआईओ ने अपनी अपील में कहा कि कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है, जिससे चल रही जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। साथ ही जांच एजेंसी ने इस मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया।

# दशक के अंत तक 6जी सेवा आरंभ करने के लिए कार्य बल ने काम करना शुरू किया : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इस दशक के अंत तक देश में 6जी सेवा आरंभ हो पाए, इसके लिए सरकार की ओर से कोशिशें आरंभ हो गई हैं और एक कार्य बल देश में 3जी और 4जी सेवा उपलब्ध है और अगले कुछ महीनों में 5जी सेवा की शुरूआत किए जाने की तैयारी है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के रजत जयंती समारोह को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अगले डेढ़ दशकों में 5जी से देश की अर्थव्यवस्था में 450 अरब डॉलर का योगदान होने वाला है और इससे देश की प्रगति और रोजगार निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में संपर्क यानी कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर एक डाक टिकट भी जारी किया और आईआईटी मद्रास के नेतृत्व में कुल आठ संस्थानों द्वारा बहु-संस्थान सहयोगी परियोजना के रूप में विकसित 5जी टेस्ट बेड की भी शुरूआत की। इस परियोजना से जुड़े शोधार्थियों और संस्थानों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, मुझे देश को अपना, खुद से निर्मित 5जी टेस्ट बेड राष्ट्र को समर्पित करने का अवसर मिला है। ये दूरसंचार क्षेत्र में क्रिटिकल और आधुनिक टेक्नॉलॉजी की आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक अहम कदम है। मोदी ने कहा कि 5जी के रूप में जो देश का अपना 5जी मानदंड बनाया गया है, वह देश के लिए बहुत गर्व की बात है और यह देश के गांवों में 5जी प्रौद्योगिकी पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के भारत में कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। इसलिए हर स्तर पर कनेक्टिविटी को आधुनिक बनाना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5जी प्रौद्योगिकी देश के शासन में, जीवन की सुगमता में और व्यापार की सुगमता में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है तथा इससे खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना और हर क्षेत्र में प्रगति को बल मिलेगा। एक अनुमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, आने वाले डेढ़ दशकों में 5जी से भारत की अर्थव्यवस्था में 450 बिलियन डॉलर का योगदान होने वाला है। इससे प्रगति और रोजगार निर्माण की गति बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द 5जी बाजार में आए, इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इस दशक के अंत तक 6जी सेवा आरंभ हो पाए, इसके लिए एक कार्य बल काम करना शुरू कर चुका है। मोदी ने 2जी को हताशा और निराशा का पर्याय बताते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि वह कालखंड भ्रष्ट्राचार और नीतिगत पंगुता के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा, इसके बाद 3जी, 4जी, 5जी और 6जी की तरफ तेजी से हमने कदम बढ़ाए हैं। ये बदलाव बहुत आसानी और पारदर्शिता से हुए और इसमें ट्राई ने बहुत भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार नई सोच और एप्रोच के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा, 2014 में जब हम आये तो हमने सबका साथ, सबका विकास और इसके लिए प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग को अपनी प्राथमिकता बनाया। इसके लिए जरूरी था कि देश के करोड़ों लोग आपस में जुड़े, सरकार से भी जुड़ें और सरकार की सभी इकाइयां भी एक प्रकार से एक ऑर्गेनिक इकाई बनाकर आगे बढ़ें।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में 41वें दिन भी कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों के मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने से लगातार 41वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहें। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपए प्रति लीटर है। यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.15 प्रतिशत गिरकर 114.07 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 113.87 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। जिसमें 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की गयी।

## सोनी जल्द ही नया प्लेस्टेशन प्लस टियर करेगा लॉन्च

**टोक्यो, एजेंसी**

जापान की टेक दिग्गज सोनी ने घोषणा की है कि जल्द ही वैश्विक दर्शकों के लिए उसका नया प्लेस्टेशन प्लस गेमिंग सब्सक्रिप्शन टियर लॉन्च किया जाएगा। सोनी ने कहा कि लॉन्च सिर्फ एक सप्ताह दूर है। यह 24 मई को एशिया से शुरू होगा, इसके बाद 2 जून को जापान, 13 जून को उत्तर और दक्षिण अमेरिका और अंत में 23 जून को यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में शुरू किया जाएगा।

कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, हमारी नई प्लेस्टेशन प्लस सेवा जल्द ही लॉन्च हो रही है और हम आपके साथ कुछ ऐसे खेलों पर एक प्रारंभिक नजर साझा करके खुश हैं, जिन्हें लॉन्च समय सीमा के दौरान शामिल किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि नया प्लेस्टेशन प्लस पीएस3 गेम्स को पीएस4, पीएस5 और पीसी पर स्ट्रीम और प्ले करने की पेशकश करेगा। यूजर्स द्वारा चुने गए किसी भी प्लेस्टेशन प्लस प्लान में, उन्हें वही लाभ मिलेंगे जो अभी प्लेस्टेशन प्लस के सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं।

कंपनी ने कहा, हम खिलाड़ियों के आनंद लेने के लिए प्लेस्टेशन प्लस सेवा में उच्च-गुणवत्ता वाले टाइटल्स जोड़ने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुझे ऐसे कंटेंट का चयन साझा करने में प्रसन्नता हो रही है जो प्लेस्टेशन प्लस एक्स्ट्रा और प्रीमियम/डीलक्स योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। प्लेस्टेशन डॉट कॉम को अपडेट किया जाएगा जब खेल सूची के साथ यह आपके क्षेत्र में लॉन्च होगा। प्लेस्टेशन प्लस प्रीमियम/डीलक्स सदस्यों के पास खेलने के लिए लोकप्रिय क्लासिक गेम का चयन होगा, कुछ शीर्षकों के साथ जो उनके मूल लॉन्च संस्करणों की तुलना में बेहतर फ्रेम रेट और उच्च गुणवत्ता वाले रिजॉल्यूशन दिखाएंगे। चुनिंदा मूल प्लेस्टेशन और पीएसपी क्लासिक गेम्स के लिए, सदस्य मेनू के साथ एक नए यूजर इंटरफेस का भी आनंद लेंगे जो आपको किसी भी समय अपना गेम सहेजने की अनुमति देता है, या यदि आप एक डू-ओवर चाहते हैं तो गेम को रिवाइंड भी कर सकते हैं। साथ ही, जिन खिलाड़ियों ने पहले मूल प्लेस्टेशन और पीएसपी पीढ़ी से चुनिंदा खेलों का डिजिटल संस्करण खरीदा है, उन्हें पीएस4 या पीएस5 पर इन शीर्षकों को खेलने के लिए अलग से खरीदारी करने या प्लेस्टेशन प्लस पर साइन अप करने की आवश्यकता नहीं होगी।

जब ये टाइटल्स पीएस4 और पीएस5 के लिए जारी किए जाते हैं, तो खिलाड़ी प्ले स्टेशन स्टोर पर जा सकते हैं और बिना किसी अतिरिक्त लागत के कंसोल के लिए एक वर्जन डाउनलोड कर सकते हैं यदि उनके पास पहले से ही शीर्षक का डिजिटल संस्करण है। कुछ टाइटल्स व्यक्तिगत खरीद के लिए भी उपलब्ध होंगे।

## आरबीआई के नए प्रतिबंधों से होगा बिल्डरों की मंजूरी लागत में इजाफा

**मुंबई, एजेंसी**



- विशेषज्ञों ने कहा कि यह मुद्दा मुंबई के डेवलपरों के लिए ज्यादा चिंताजनक हो सकता है, क्योंकि प्रीमियम भुगतान और टीडीआर का इस शहर से अधिक सरोकार है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में बैंकों को दिए गए निर्देश की वजह से प्रॉपर्टी डेवलपरों की मंजूरी लागत बढने की संभावना है। इस निर्देश में कहा गया है कि उन्हें प्रीमियम भुगतान और ट्रांस्फरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) के लिए बिल्डरों को उधार नहीं देना चाहिए। इससे उन पर अपना खुद का फंड जुटाने का दबाव पड़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे किफायती आवास परियोजनाओं के दामों में इजाफा हो सकता है। आरबीआई का विचार है कि ये भुगतान भूमि खरीद से संबंधित हैं और इस वजह से बैंकों को इनके लिए उधार नहीं देना चाहिए।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह मुद्दा मुंबई के डेवलपरों के लिए ज्यादा चिंताजनक हो सकता है, क्योंकि प्रीमियम भुगतान और टीडीआर का इस शहर से अधिक सरोकार है। इसके साथ ही, एचडीएफसी बैंक के साथ एचडीएफसी का विलय भी डेवलपरों के लिए टीडीआर जैसे उद्देश्यों के वास्ते धन जुटाने में चुनौतियां पेश कर सकता है, क्योंकि रियल एस्टेट के सबसे बड़े उधारदाताओं में से एक होने की वजह से एचडीएफसी, बैंक का हिस्सा बनने के बाद डेवलपरों को उधार देने में लचीलापन खो देगा। मुंबई स्थित फंड मैनेजर, निसस फाइनैंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अमित गोयनका ने कहा 'प्रवर्तकों को और ज्यादा इक्विटी या अर्ध-इक्विटी का धन लाना होगा। अन्य शहरों के मुकाबले मुंबई में असर ज्यादाहोगा।' गोयनका को उम्मीद है कि इस कदम के बाद मंजूरी लागत पर अतिरिक्त ब्याज की वजह से इनपुट कीमतों में पांच प्रतिशत इजाफा होगा। उनके अनुसार दक्षिण मध्य मुंबई में कुल मंजूरी-एफएसआई (फ्लोर स्पेस इंडेक्स) और प्रीमियम लागत 15,000 प्रति वर्ग फुट है। इस पर पांच प्रतिशत इजाफे का मतलब है 750 रुपये का असर। मुंबई के उपनगरों में यह 300 रुपये हो सकता है। उन्हें लगता है कि फिलहाल डेवलपर इसे वहन करेंगे, क्योंकि इनपुट लागत बढ़ चुकी है और वे हाल ही में कीमत वृद्धि कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि किफायती आवास परियोजनाओं में डेवलपर शायद इसे वहन न कर पाएं, क्योंकि 11-12 प्रतिशत स्तर पर मार्जिन कम है। उन्होंने कहा कि किफायती परियोजनाओं में कीमतें 150-300 रुपये तक और बढ़ सकती हैं।

कुशमैन ऐंड वेकफील्ड के प्रबंध निदेशक (पूंजी बाजार) सौरभ शतदल ने कहा कि टीडीआर और एफएसआई प्रीमियम परियोजना लागत का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा होता है, खास तौर पर मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में। अब आरबीआई के नए नियम आने से डेवलपरों को बिक्री संग्रह, इक्विटी या स्ट्रक्चर्ड कैपिटल जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि इससे नकदी प्रवाह में कुछ असंतुलन हो सकता है और संपूर्ण परियोजना लागत में कुछ इजाफा हो सकता है।

# टॉप 5 ऑनलाइन जॉब पोर्टल्स की मदद से पाइए अब अपने सपनों की नौकरी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

कोरोना महामारी का प्रकोप फैले हुए 2 साल से ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन कोरोना का प्रसार अभी भी दुनिया भर के व्यवसायों पर अपना प्रभाव डाल रहा है। शोध के अनुसार इस समय भारत में करीब 2 मिलियन (20 लाख) ग्रेजुएट्स और आधा मिलियन (5 लाख) पोस्टग्रेजुएट्स बेरोजगार हैं, जो अपने लिए सही नौकरी की तलाश में है। आज जब मनचाही जॉब की तलाश के लिए लाखों पोस्ट और एडिशनल टूल्स, जैसे कॅरियर कोचिंग, जॉब के अनुकूल खास रिज्यूम बनवाने की सुविधा मौजूद है। कई ब्लॉग्स पर भी मनचाही नौकरी हासिल करने के बारे में कई आइडियाज दिए जाते हैं, जो काफी मददगार होते हैं। इस स्थिति में नौकरी की तलाश के लिए जॉब वेबसाइट का इस्तेमाल करना सबसे बेहतरीन और सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। लोग जॉब वेबसाइट पर दर्जनों पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आपकी नौकरी की समस्या को हल करने के लिए हम यहां टॉप जॉब पोर्टल के बारे में बता रहे हैं। यहां 5 बेहतरीन जॉब पोर्टल की सूची दी जा रही है, जिससे आपको 2022 में अपने सपनों की नौकरी (ड्रीम जॉब) ढूंढने में मदद मिलेगी।

Shine.com

भारत में डिजिटल बदलाव की युग की शुरूआत के समय 2008 में Shine.com की स्थापना हुई थी, जब नौकरी की तलाश करने वाले उम्मीदवारों को नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए पारदर्शी और प्रभावी ऑनलाइन जॉब पोर्टल की जरूरत काफी शिद्दत से महसूस की जा रही थी। जब दूसरे जॉब पोर्टल उम्मीदवार की नौकरी की तात्कालिक जरूरत को पूरा करने में जुटे थे, उस समय Shine.com ने बाजार की मौजूदा चुनौतियों का काफी गहराई से अध्ययन किया और उन चुनौतियों को तकनीक की मदद से हल करने के कई उपायों के बारे में बताया। रिसर्च और तकनीक से प्रेरित रणनीति ने कंपनी को इसका अच्छा इनाम दिया। आज यह पोर्टल नौकरी की तलाश करने वाले 4.1 करोड़ रजिस्टर्ड यूजर्स के लिए काफी मददगार बन चुका है। अब तक इस पोर्टल से 3 लाख से ज्यादा नौकरियां ऑफर की जा चुकी हैं। 8 हजार से ज्यादा नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। इनमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, डेलॉइट, इंफोसिस, आईसीआईसीआई और अमेजन जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं।

**इनडीड:** इनडीड भारत के सबसे मशहूर जॉब पोर्टल में से एक है, जिसका इस्तेमाल दुनिया भर में नौकरी की तलाश के लिए किया जाता है। कोरोना वायरस के समय में लोगों की सहायता के लिए अपने वर्क टूल्स की मदद से महामारी के दौरान लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने में इस पोर्टल ने अपनी भूमिका निभाई। इंडिया यस ऑनलाइन पोर्टल से आप लाखों नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं और अपने कॅरियर को अपग्रेड कर सकते हैं।

**जॉब्स फॉर हर:** यह एक प्लैटफॉर्म है, जो महिलाओं को नौकरी के साथ-साथ समाज से जुड़ने, करियर के संबंध में उचित परामर्श देने, उनके कौशल को फिर से निखाररने, प्रेरणा देने और नेटवर्क से जुड़ने का अवसर प्रदान कर उन्हें उनके कॅरियर में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। 2015 में कंपनी की शुरूआत की गई थी और यह प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर्ड 2.2 मिलियन नौकरी के उम्मीदवारों को देश की 7500 से ज्यादा कंपनियों से जोड़ती है। इस प्लेटफॉर्म पर अपने करियर की शुरूआत या फिर से शुरूआत करने वाली महिलाओं को परामर्श भी दिया जाता है। महिलाओं को नौकरी की शुरूआत से पहले जॉब के लिए उन्हें जरूरी कौशल से दक्ष करने के लिए कंपनी के पास 500 से ज्यादा रिस्किलिंग पार्टनर है, जो महिलाओं के कौशल को फिर से निखारने, संवारने का अवसर प्रदान करते हैं।

### थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में 15.08% के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 15.08 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह तेजी खाद्य वस्तुओं से लेकर जिंसों तक के महंगा होने की वजह से हुई। डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 14.55 फीसदी और पिछले साल अप्रैल में 10.74 फीसदी थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अप्रैल 2022 में मुद्रास्फीति की ऊंची दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, मूल धातुओं, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों, रसायनों और रासायनिक उत्पादों आदि की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुई। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति पिछले साल अप्रैल से लगातार 13वें महीने दोहरे अंक में बनी हुई है। समीक्षाधीन माह में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.35 प्रतिशत थी। इस दौरान सब्जियों, गेहूं, फल और आलू की कीमतों में तेज वृद्धि देखी गई थी। ईंधन और बिजली खंड में मुद्रास्फीति 38.66 प्रतिशत थी, जबकि विनिर्मित उत्पादों और तिलहन में यह क्रमशः 10.85 प्रतिशत और 16.10 प्रतिशत थी। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की मुद्रास्फीति अप्रैल में 69.07 प्रतिशत थी।

## माहेम स्टूडियोज ने अपने पहले बैटल रॉयल टाइटल की घोषणा की

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

भारत में एएए गेम्स के पहले स्टूडियो माहेम स्टूडियोज ने अपने पहले टाइटल अंडरवर्ल्ड गैंग वार्स (यूजीडब्ल्यू) की घोषणा की है, जो भारत के परिदृश्य वाला एक बैटल रॉयल गेम है। भारत से जुड़े किरदारों और कहानी के साथ यह गेम कुछ दिलचस्प किरदारों के साथ एक रोमांचक परिदृश्य का वादा करता है, जो भारत की कहानियों से प्रेरित हैं।

पूरी तरह से भारतीय परिदृश्य वाली कहानी, जगहें, गैंग और आइकॉन एक एएए गेम में पहली बार भारतीय संदर्भ दिखाते हैं। इस गेम का थीम, हथियार और नक्शे अपने गेमर्स को अनोखा अनुभव देने के लिये बने हैं।

यूजीडब्ल्यू का गेमप्ले तेज हो जाता है, जब पश्चिम का एक कम ताकत वाला गैंग अपने पुराने दुश्मन शहरी गैंग से पूर्वी क्षेत्र को कब्जाना चाहता है।

असली अनुभव देने के लिये, गेम में दिखाया गया हर क्षेत्र भारत की एक असली जगह से मिलता-जुलता है, चाहे कोयले की खदानें हों या नजदीक का अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स। इसमें प्रसिद्ध लैंडमार्क्स भी हैं, जैसे किला, स्टेशन, स्टेडियम और रेस-कोर्स।

इसी साल थोड़े समय बाद लॉन्च होने के लिये तैयार इस गेम का प्री-रजिस्ट्रेशन विंडो 22 मई से खुलेगा।

इस घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, माहेम स्टूडियोज के सीईओ ओजस विपट ने कहाः हम उस पहले बैटल रॉयल टाइटल को लाते हुए उत्साहित हैं, जो गेमर्स के लिये सबसे प्रासंगिक कथानक का वादा करता है। बेहतरीन ग्राफिक्स वालीं यूजीडब्ल्यू की अनोखी जगहें और अत्यंत प्रासंगिक दुनिया बैटल रॉयल के प्लेयर्स को निश्चित रूप से शानदार अनुभव देगी। हम दुनिया के लिये भारत की कुछ अनूठी कहानियों के साथ एक धमाकेदार गेम को पेश करने पर भी रोमांचित हैं। माहेम स्टूडियोज ने मुंबई के महालक्ष्मी रेस कोर्स में एक ड्रोन शो के जरिये भारत में गेम का सबसे बड़ा आगाज किया है। ड्रोन शो के माध्यम से स्टूडियो ने गेम के लोगो से पर्दा हटाया और एक क्यूआर कोड भी बनाया, जिसने आने-जाने वालों को गेम का टीजर दिखाया। गेम टीजर का लिंक यहाँ है।

### रिकॉर्ड लो लेवल तक लुढ़का रुपया

**नई दिल्ली।** मुद्रा बाजार में रुपये ने आज एक बार फिर जोरदार गोता लगाया। डॉलर के मुकाबले रुपया आज रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। आज स्पॉट कारोबार में रुपया 77.77 रुपये प्रति डॉलर और फ्यूचर कारोबार में 77.88 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक गिर गया। रुपये का ये अभी तक का सबसे निचला स्तर है। माना जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने अगर नीतिगत निर्णय लेकर तत्काल हस्तक्षेप नहीं किया तो शॉर्ट टर्म में ही भारतीय मुद्रा 79 रुपये प्रति डॉलर के भाव तक टूट सकती है। इंटर बैंक फॉरेन करंसी एक्सचेंज में आज रुपये ने 24 पैसे की कमजोरी के साथ 77.69 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में विदेशी निवेशकों द्वारा अपना पैसा निकालने का दबाव बना दिए जाने के कारण मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग काफी तेज हो गई, जिससे रुपये पर दबाव बन गया। डॉलर की मांग में हुई बढ़ोतरी के कारण ही रुपया पिछले कारोबारी दिन के बंद भाव से 32 पैसे की कमजोरी के साथ 77.77 रुपये प्रति डॉलर के अपने ऑल टाइम लो लेवल पर पहुंच गया। हालांकि दिन के कारोबार में फिलहाल रुपये की स्थिति में कुछ सुधार होता हुआ नजर आ रहा है, जिसकी वजह से मुद्रा बाजार में फिलहाल रुपया 77.64 प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### फीफा ने विश्व कप से पहले कैमरून को नये खिलाड़ियों को चुनने की मंजूरी दी

ज्यूरिख। फुटबॉल की वैश्विक निकाय फीफा ने आगामी विश्व कप से पहले कैमरून को अपनी राष्ट्रीय टीम में फ्रांस के पूर्व अंडर-21 खिलाड़ी जॉर्जेस-केविन एनकोउडो को शामिल की मंजूरी दे दी। फीफा ने इस खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के मामले में बदलाव की मंजूरी दे दी है। एनकोउडो ने अपने मौजूदा क्लब बेसिकटास से जुड़ने से पहले मार्सिले और टोटेनहम का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने फ्रांस की सीनियर टीम का कभी प्रतिनिधित्व नहीं किया है और अपने पारिवारिक संबंधों और फीफा के नियमों के तहत वह अब कैमरून का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे। इस 27 साल के खिलाड़ी को अपनी राष्ट्रीय टीम में शामिल करने के कैमरून फुटबॉल संघ के आवेदन किया था। इसका समर्थन राष्ट्रीय टीम के पूर्व महान सैमुअल इतोओ ने भी किया था। एनकोउडौ को जून में 2023 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के क्वालीफाइंग मैचों के लिए कोच रिगोबर्ट सोंग की प्रारंभिक टीम में पिछले हफ्ते नामित किया गया था।

### थॉमस कप की जीत व्यक्तिगत उपलब्धि से बड़ी, भारत को बैडमिंटन महाशक्ति माना जाएगा: पादुकोण

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन के पूर्व दिग्गज प्रकाश पादुकोण का मानना है कि थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत से भारत ने इस खेल के वैश्विक पटल पर अपना नाम दर्ज करा लिया है क्योंकि यह किसी भी व्यक्तिगत सफलता से काफी बड़ी उपलब्धि है। भारत ने रविवार को थॉमस कप के फाइनल मुकाबले में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। पादुकोण ने पीटीआई-भाषा को दिये साक्षात्कार में कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतनी जल्दी होगा। मुझे लगता था कि इसमें कम से कम और आठ से 10 साल लगेंगे। मेरा मानना है कि हम अब वैश्विक शक्ति बन गये हैं और अब भारत को इस खेल का महाशक्ति माना जायेगा। इससे खेल को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। भारत की ओर से पहली बार ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप (1980) का खिताब जीतने वाले पादुकोण ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह भारतीय बैडमिंटन का स्वर्णिम पल है और इस शानदार सफलता को भुनाने की जरूरत है।

### कैरेबियाई देश में भारतीय टीम के मैच वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के लिए आय का बड़ा स्रोत : हेवन

किंग्स्टन। जमैका क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विल्फ्रेड बिली हेवन ने कहा कि भारत से 100 क्रिकेट किट प्राप्त करना उनके लिए एक 'गर्व का क्षण' है क्योंकि यह दोनों देशों के बीच के बंधन को भी मजबूत करेगा। बता दें कि टीम इंडिया का किसी भी कैरेबियाई देश में मैच वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के लिए आय का एक बड़ा स्रोत रहा है। कैरेबियाई देश जमैका के चार दिवसीय दौरे पर आए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने दोनों देशों के बीच क्रिकेट सहयोग के प्रतीक के रूप में जमैका क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट किट का एक प्रतीकात्मक उपहार भेंट किया। हेवन ने कहा, यहां के छात्र खेलने में रुचि रखते हैं लेकिन यह काफी महंगा है। इसके बाद, आप जमैका से बहुत से युवा क्रिकेटरों को देख सकते हैं। वे आईपीएल में खेलेंगे, क्योंकि वर्तमान में 17 कैरेबियाई खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे हैं, जिनमें से चार जमैका के हैं। इससे भारत और जमैका के बीच संबंध मजबूत होंगे।

## राहुल त्रिपाठी का बल्ला जमकर बोला 44 गेंद में 76 रन बनाए

# त्रिपाठी की धमाकेदार बल्लेबाजी, मुंबई को दिया 194 रनों का टारगेट

मुंबई, एजेंसी




आईपीएल 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला गया। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया है। हैदराबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 193 रन बनाए हैं और मुंबई को 194 रन का टारगेट दिया है। हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन राहुल त्रिपाठी ने बनाए।

उनके बल्ले से सिर्फ 44 गेंद में 76 रन निकले। वहीं, इस सीजन अपना पहला मुकाबला खेल रहे प्रियम गर्ग ने 42 और निकोलस पूरन ने 38 रनों की पारी खेली। मुंबई के लिए रमनदीप सिंह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

मैच में हैदराबाद के लिए नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने आए राहुल त्रिपाठी का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने सिर्फ 44 गेंद में 76 रन बनाए। उनके बल्ले से 9 चौके और 3 छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 172.72 का रहा। इस सीजन राहुल के बल्ले से तीसरी फिफ्टी निकली। हैदराबाद का पहला विकेट बहुत जल्दी गिर गया। अभिषेक शर्मा 9 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी और प्रियम गर्ग के बीच शानदार साझेदारी हुई। दोनों ने सिर्फ 43 गेंद में 78 रन जोड़ दिए। इस साझेदारी के दौरान राहुल के बल्ले से 23 गेंद में 39 रन निकले। वहीं, प्रियम ने 20 गेंद में 27 रन बनाए।

प्रियम जब आउट हुए तो वो 26 गेंद में 42 रन बना चुके थे।

हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा मैच में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। इस अहम मुकाबले में इस खिलाड़ी से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वो 10 गेंद में 9 रन बनाकर आउट हो गए। उनका विकेट डेनियस सैम्स ने लिया। यह मैच हैदराबाद के लिए काफी अहम है। प्ले-ऑफ की संभावनाओं को कायम रखने के लिए उसे यह मुकाबला हर हाल में जीतना ही होगी।

दूसरी ओर मुंबई इंडियंस टीम पहले ही इस रेस से बाहर हो चुकी है और पॉइंट्स टेबल में 10वें स्थान पर है। हैदराबाद ने 12 मुकाबलों में पांच जीते हैं। उसका नेट रनरेट -0.270 है। मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से सबसे पहले बाहर होने वाली पहली टीम है।

### स्कोरकार्ड

सनराइजर्स हैदराबाद 193/6 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा<br>कॉट मयंक मार्कंडेय बोल्ड डैनियल सैम्स | 9 | 10 | 1 | 0 |
| प्रियम गर्ग<br>कॉट एंड बोल्ड रमनदीप सिंह | 42 | 26 | 4 | 2 |
| राहुल त्रिपाठी<br>कॉट तिलक वर्मा बोल्ड रमनदीप सिंह | 76 | 44 | 9 | 3 |
| निकोलस पूरन<br>कॉट मयंक मार्कंडेय बोल्ड राइली मेरेडिथ | 38 | 22 | 2 | 3 |
| एडन मार्करम<br>कॉट टिम डेविड बोल्ड रमनदीप सिंह | 2 | 4 | 0 | 0 |
| केन विलियमसन<br>नाबाद | 8 | 7 | 1 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर<br>बोल्ड जसप्रीत बुमराह | 9 | 7 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 9 रन (B: 0, LB: 4, WD: 5, NB: 0) | | | |
| कुल | 193/6 20.0(RR: 9.65) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| डैनियल सैम्स | 4 | 0 | 39 | 1 | 9.75 |
| राइली मेरेडिथ | 4 | 0 | 44 | 1 | 11.00 |
| संजय यादव | 2 | 0 | 23 | 0 | 11.50 |
| जसप्रीत बुमराह | 4 | 0 | 32 | 1 | 8.00 |
| मयंक मार्कंडेय | 3 | 0 | 31 | 0 | 10.33 |
| रमनदीप सिंह | 3 | 0 | 20 | 3 | 6.66 |

## हर्षल पटेल देश के सर्वश्रेष्ठ डेथ ओवर गेंदबाजों में से एक : तेंदुलकर

मुंबई, एजेंसी



भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने हर्षल पटेल के डेथ आवरों में शानदार प्रदर्शन की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि हर्षल ने अपनी विविधताओं को खूबसूरती से तराशा है, यही वजह है कि 31 वर्षीय रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के तेज गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले कुछ सत्रों में इतना अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

पटेल ने आईपीएल 2021 में 15 मैचों में 32 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल किया था, जिसमें विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा 5/27 रहा। नए सीजन से पहले, उन्हें मेगा नीलामी में बेंगलुरु फ्रैंचाइजी ने 10.75 करोड़ रुपये में वापस खरीदा और दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज ने 12 मैचों में 18 विकेट लेकर अपनी टीम को निराश नहीं किया है। कुल मिलाकर अपने आईपीएल करियर में पटेल ने 96 विकेट लिए हैं और इस सीजन में आईपीएल में विकेटों के शतक पर नजरें गड़ाए हुए हैं। आरसीबी के फिलहाल 13 मैचों में 14 अंक हैं और अगर वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच भारी अंतर से जीत लेती है तो उसके पास अंतिम चार में जगह बनाने का मौका है। और टीम इस वक्त पटेल पर भरोसा करेगी। तेंदुलकर का मानना है कि पटेल भारतीय क्रिकेट के लिए एक अनमोल रतन हो सकते हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए, दिग्गज क्रि केटर ने पटेल को डेथ ओवरों में सबसे शक्तिशाली गेंदबाजों में से एक बताया। उन्होंने कहा, पंजाब केवल 209 रन बनाने में सक्षम हुआ और वह केवल हर्षल पटेल की वजह से। उनकी गेंदबाजी में हर मैच के साथ सुधार हुआ है क्योंकि वह अपनी विविधता को खूबसूरती से छिपाने में सक्षम हैं। मुझे लगता है कि जब डेथ ओवरों में गेंदबाजी की बात आती है तो वो देश के अग्रणी गेंदबाजों में से एक हैं।

# चीन में कोविड-19 से जुड़ी चिंताओं के कारण हांगझोउ एशियाई पैरा खेल स्थगित

बीजिंग, एजेंसी



चीन के हांगझोउ में नौ से 15 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई पैरा खेलों को कोविड-19 महामारी से जुड़ी चिंताओं के कारण स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की। एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने बयान में कहा, हांगझोउ 2022 एशियाई पैरा खेल आयोजन समिति (एचएपीजीओसी) और एशियाई पैरालंपिक समिति आज 2022 एशियाई पैरा खेलों को स्थगित करने की घोषणा करते हैं जिसका आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नौ से 15 अक्टूबर 2022 तक होना था।

इन खेलों को स्थगित किया जाना लगभग तय था। दो हफ्ते से भी कम समय पहले हांगझोउ एशियाई खेलों को भी स्थगित किया गया था जिनका आयोजन 10 से 25 सितंबर तक होना था। चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण छह मई को इन्हें अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। बयान में कहा गया, एपीसी, चीन पैरालंपिक समिति और एचएपीजीओसी के प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाला कार्यबल अब 2023 में इन खेलों के कार्यक्रम पर काम करेगा। इस संबंध में आगे की घोषणा निकट भविष्य में की जा सकती है। इन खेलों के प्रतीक चिह्न, नारे और खेलों के वर्ष में बदलाव नहीं होगा। टूनार्मेंट के दौरान 22 खेलों की 616 पदक स्पधाओं में चार हजार से अधिक खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। एपीसी अध्यक्ष माजिद राशीद ने कहा, खेलों की तैयारी काफी अच्छी चल रही थी और एचएपीजीओसी खेलों का शानदार आयोजन करने के लिए तैयार था। उन्होंने कहा, यह फैसला करना आसान नहीं था लेकिन खेलों में हिस्सा लेने की योजना बना रहे अंतरारष्ट्रीय महासंघों, राष्ट्रीय पैरालंपिक समितियों और खिलाड़ियों के मन से अनिश्चितता हटाने के लिए यह फैसला करना पड़ा।

## भारत के लिए सभी प्रारूपों में खेलने वाला बल्लेबाज बन सकता है तिलक वर्मा: गावस्कर

मुंबई, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा के इस नजरिए का समर्थन किया है कि युवा तिलक वर्मा भारत के लिए सभी प्रारूपों में खेलने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में उभरकर आने वाले खिलाड़ियों में शामिल वर्मा ने मुंबई इंडियन्स के निराशाजनक प्रदर्शन के दौरान 12 मैच में 368 रन बनाकर प्रभावित किया है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, तिलक वर्मा की मानसिकता गजब की है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ वह उस समय क्रीज पर उतरा जब टीम दबाव में थी लेकिन शुरूआत में उसने जिस तरह एक और दो रन लेकर पारी को आगे बढ़ाया वह प्रभावशाली था। उन्होंने कहा, उसके पास विविध शॉट हैं और वह स्ट्राइक रोटेट करता रहता है। यह दशार्ता है कि उसे क्रिकेट की अच्छी समझ है और मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है। इस महान सलामी बल्लेबाज ने कहा, अगर आपके पास अच्छा क्रिकेट दिमाग होता है तो आप उस समय मुश्किल से बाहर निकलने में सफल रहते हो जब चीजें आपके पक्ष में नहीं हो रही होती। आप अपने खेल का विश्लेषण कर सकते हो और दोबारा रन बना सकते हो। गावस्कर ने अपने बेसिक्स सही रखने के लिए भी इस युवा की सराहना की और वह रोहित के इस नजरिए से सहमत हैं कि हैदराबाद का यह उभरता हुआ क्रिकेटर भविष्य में भारत के लिए सभी प्रारूप में खेलने वाला बल्लेबाज बन सकता है। उन्होंने कहा, रोहित शर्मा ने सही कहा है कि वह भारत के लिए सभी प्रारूपों में खेलने वाला खिलाड़ी बन सकता है। इसलिए यह अब उस पर निर्भर करता है कि वह थोड़ा अधिक मेहनत करे, अपनी फिटनेस सही करे, तकनीक को बेहतर करे और रोहित को सही साबित करे। गावस्कर ने कहा, वह बेसिक्स सही रखता है।

# रहाणे मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आईपीएल से बाहर

मुंबई, एजेंसी



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे मांसपेशियों (हैमस्ट्रिंग) में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केकेआर ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट की गई एक आधिकारिक घोषणा में बताया, अजिंक्य रहाणे हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल 2022 के बचे हुए मुकाबलों से बाहर हो गये हैं। हम आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। केकेआर को आपकी कमी खलेगी। रहाणे का स्कैन कराया गया था, जिससे पता चला कि उनकी मांसपेशियों में चोट है। टीम के द्वारा पोस्ट किये गये एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, मैंने टीम के साथ मैदान के बाहर और अंदर अपने समय का लुत्फ उठाया। मैंने यहां एक क्रिकेटर के रूप में काफी कुछ सीखा। मैं निश्चित रूप से अगले साल और मजबूत होकर वापस आऊंगा। मुझे यकीन है कि हम अगले मैच में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उम्मीद है कि केकेआर प्ले-ऑफ में पहुंचेगी। केकेआर 13 मैचों में छह जीत से 12 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है। टीम अपने अगले मैच में अगर लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़े अंतर से हराने में सफल रहती है तब भी उसे प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए अन्य मैचों के नतीजे पर निर्भर रहना होगा।

# प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाये रखने के लिए केकेआर को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत

नवी मुंबई, एजेंसी



**विफल**

- नितीश राणा और श्रेयस अय्यर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं


कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की धुंधली उम्मीदों को बनाये रखने के लिए अपने अंतिम लीग मुकाबले में बड़ी जीत की जरूरत है तो वही लखनऊ सुपर जायंट्स आज इस मैच को अपने नाम कर तालिका में शीर्ष में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

केकेआर 13 मैचों में छह जीत से 12 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और अगर टीम इस मैच को बड़े अंतर से जीतने में सफल रहती है तब भी उसे प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए अन्य मैचों के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। लखनऊ की टीम प्ले-ऑफ में जगह पक्की करने से एक कदम दूर है। टीम के 13 मैचों में 16 अंक है और इस मैच में जीत से उसका प्लेऑफ का टिकट पक्का हो जायेगा। दो बार की चैम्पियन केकेआर की टीम पिछले साल फाइनल में पहुंची थी लेकिन इस सत्र में वह लय को बरकरार नहीं रख पायी। टीम ने हालांकि पिछले दो मैचों में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी उम्मीदों को बनाए रखा है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले मैच में आंद्रे रसेल के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद को 54 रन से मात दी। इस मैच में शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने के बाद रसेल और सैम बिलिंग्स ने टीम को छह विकेट पर 177 रन तक पहुंचाया और फिर गेंदबाजों ने शानदार तरीके से अपना काम किया। शीर्ष क्रम में अजिंक्य रहाणे का संघर्ष जारी है तो वही पिछले सत्र के नायक वेंकटेश अय्यर ने इस सत्र में निराश किया। नितीश राणा और श्रेयस अय्यर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। चोट से उबरने के बाद उमेश यादव ने टिम साउदी का अच्छा साथ दिया और रसेल ने भी कुछ अहम विकेट लिये। सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी ने भी पिछले कुछ मैचों में लय हासिल कर ली। लखनऊ की टीम इस मुकाबले में लगातार दो हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। इन दोनों मैचों में टीम के बल्लेबाजों ने निराश किया है। टीम कप्तान लोकेश राहुल पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। उन्होंने सत्र में दो शतक लगाये है लेकिन पिछले तीन मैच में बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे है। यही हाल अनुभवी क्विंटन डिकॉक का भी है। उन्होंने पिछली दो पारियों में 11 और सात रन ही बनाये हैं।

टीम के लिए दीपक हुड्डा की लय हालांकि सबसे बड़ी सकारात्मक चीज है, जो लगातार रन बना रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम हालांकि युवा आयुष बडोनी और मार्कस स्टोइनिस का बेहतर इस्तेमाल करना चाहेगी। टीम की गेंदबाजी सत्र के ज्यादा मैचों में अच्छी रही लेकिन पिछले मैच में उनके खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने में परेशानी नहीं हुई।

## एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के हॉल ऑफ फेम में शामिल

मुंबई, एजेंसी




दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अपने दोनों करीबी साथियों को हॉल ऑफ फेम में शामिल करने की घोषणा की। इस फ्रेंचाइजी की वेबसाइट पर जारी बयान में कोहली ने कहा, डिविलियर्स ने वास्तव में अपनी अलग तरह की बल्लेबाजी, प्रतिभा और खेल भावना से क्रिकेट के खेल को बदल दिया। उन्होंने कहा, आप दोनों के लिये यह घोषणा करना मेरे लिये वास्तव में विशेष है। हमने वीडियो देखे कि किस तरह से आपने इतने वर्षों में आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को बदला। दो खिलाड़ी जिन्होंने आईपीएल पर गहरा प्रभाव डाला।

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डिविलियर्स 2011 से 2021 तक आरसीबी से जुड़े रहे जबकि वेस्टइंडीज के बायें हाथ के बल्लेबाज गेल छह साल तक फ्रेंचाइजी की तरफ से खेले।

डिविलियर्स ने इस सम्मान को विशेष करार देकर भावुक संदेश भेजा। उन्होंने कहा, यह विशेष सम्मान है। मैं वास्तव में बहुत भावुक हूं। विराट आपके दिल छूने वाले शब्दों के लिये आभार। माइक (हेसन), निखिल और फ्रेंचाइजी से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति, जिन्होंने इसे स्थापित किया है, यह वास्तव में विशेष अहसास है। हमने एक टीम के रूप में शानदार समय साथ में बिताया है। मैं और क्रिस अब टीम में नहीं हैं लेकिन हम अब भी इस परिवार का हिस्सा हैं और हमेशा रहेंगे। आरसीबी की तरफ से 2011 से 2017 तक खेलने वाले गेल ने कहा, मैं अवसर प्रदान करने और हर चीज के लिये आरसीबी परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह वास्तव में मेरे लिए भी विशेष रहा है। इसमें (हॉल ऑफ फेम) शामिल होना शानदार है। आरसीबी हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।

## जोशना ने बीमारी के कारण पीएसए विश्व चैंपियनशिप में वाकओवर दिया

काहिरा, एजेंसी

भारत की दिग्गज महिला स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा मंगलवार को बीमारी के कारण पीएसए विश्व चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गई।

बारहवीं वरीय जोशना को स्थानीय दावेदार और आठवीं वरीय रोवन इलारेबी से भिड़ना था लेकिन उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को वाकओवर दे दिया और मुकाबले के लिए नहीं उतरी। दुनिया के 14वें नंबर की खिलाड़ी जोशना ने इससे पूर्व पहले दौर में इंग्लैंड की केटी मेलिफ को 3-0 (11-6 11-8 11-9) से हराया था और फिर अगले दौर में वेल्स की 18वीं वरीय एमिली विटलॉक को 3-0 (11-8 12-10 11-5) से शिकस्त दी। जोशना महिला वर्ग में हिस्सा ले रही एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। भारत की उम्मीदें अब 16वें वरीय सौरव घोषाल पर टिकी हैं जिन्हें बुधवार को पुरुष प्री क्वार्टर फाइनल में मिस्र के चौथे वरीय मुस्तफा असल से भिड़ना है।

घोषाल ने पहले दौर में मिस्र के जाहेद सलेम को 3-1 (11-4 11-9 6-11 11-7) से हराया और फिर अगले दौर में अमेरिका के टॉड हेरिटी को 3-0 (11-8 11-8 11-7) से बाहर का रास्ता दिखाया। महेश मनगांवकर और रमित टंडन दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# ट्रिस्टन स्टब्स और वायने पर्नेल भारतीय दौरे के लिये दक्षिण अफ्रीकी टीम में

जोहानिसबर्ग, एजेंसी




दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ नौ जून से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिये ट्रिस्टन स्टब्स के रूप में नया चेहरा अपनी टीम में शामिल किया है जबकि वायने पर्नेल की पांच साल बाद वापसी हुई है।

दक्षिण अफ्रीका ने भारत दौरे के लिये तेम्बा बावुमा की अगुवाई में 16 सदस्यीय टीम चुनी है। दक्षिण अफ्रीका पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप के बाद पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इक्कीस वर्षीय स्टब्स ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के टी20 चैलेंज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उन्होंने सात पारियों में 293 रन बनाये थे, जिसमें 23 छक्के शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 183.12 था। वह जिम्बाब्वे दौरे के लिये दक्षिण अफ्रीका की ए टीम का भी हिस्सा थे जिसके बाद उन्हें मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के लिये मुंबई इंडियन्स ने अपनी टीम में शामिल कर दिया था। कूल्हे की चोट से उबरने वाले तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया तथा बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स और हेनरिक क्लासेन को भी टीम में लिया गया है। नोर्किया अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं। पर्नेल ने भी 2017 में बाद पहली बार दक्षिण अफ्रीकी टी20 टीम में वापसी की है।

केशव महाराज और टी20 रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज तबरेज शम्सी के अलावा दक्षिण अफ्रीकी टीम में आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ी जैसे क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, रासी वान डर डूसेन और मार्को यानसेन भी शामिल हैं।

## तमीम और महमूदुल की अर्धशतकीय पारियों से श्रीलंका को बांग्लादेश का मजबूत जवाब

चटगांव, एजेंसी



तमीम इकबाल और महमूदुल हसन की अर्धशतकीय पारियों के अलावा दोनों के बीच पहले विकेट की 157 रनों की अटूट साझेदारी से बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के शुरूआती मुकाबले के तीसरे दिन लंच तक पहली पारी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

तमीम मंगलवार को लंच के समय 89 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि महमूदुल 58 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। श्रीलंका ने पहली पारी में एंजेलो मैथ्यूज के 199 रन की पारी के दम पर 397 रन से बनाये है। बांग्लादेश की टीम श्रीलंका से अभी 240 रन पीछे है और उसके सभी विकेट बचे हुए हैं। बांग्लादेश ने दिन की शुरूआत बिना किसी नुकसान के 76 रन के आगे से की और तमीम ने ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस के खिलाफ चौका जड़कर 73 गेंद में अपना 32वां अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान महमूदुल सतर्कता के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन खराब गेंदों पर उन्होंने भी रन बनाना जारी रखा। उन्होंने तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो के खिलाफ चौका जड़कर 112 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने हालांकि इसके बाद 51 रन के स्कोर पर इसी गेंदबाज के खिलाफ जीवनदान भी मिला, जब लसित एंबुलदेनिया ने उनका आसान कैच टपका दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### दक्षिण कोरिया में कोरोना के 35,117 नये मामले

सियोल। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के 35,117 नये मामले सामने आने के साथ ही देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 17,830,429 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि नए मामलों में 26 बाहर से आये लोगों के मामले है। इसके साथ ही बाहर से आने वाले संक्रमितों की संख्या बढ़कर 32,368 हो गयी है। देश में गंभीर संक्रमितों की संख्या 12 घटकर 333 हो गई हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों का मानना है कि कोरोना के दैनिक मामलों में कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान 27 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 23,771 हो गई। देश में मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत है।

### इंडोनेशिया में आया 6.0 तीव्रता का भूकंप

जकर्ता। इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत बेंगकुलु में मंगलवार को 6.0 तीव्रता का भीषण भूकंप आया, लेकिन सुनामी का कोई खतरा जारी नहीं किया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयनुसार तड़के 1.58 बजे आया, जिसका केंद्र एंगानो द्वीप से 51 किमी दक्षिण-पश्चिम में और 10 किमी की गहराई में था। अधिकारियों ने बताया कि नुकसान की कोई खबर नहीं है, और न ही किसी के हताहत होने कि खबर है। उन्होंने कहा कि स्थानीय आपदा प्रबंधन और शमन एजेंसी प्रभावित क्षेत्रों का मूल्यांकन कर रही हैं।

### अफगानिस्तान के यवन में भूस्खलन, चार लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में बदख्शां प्रांत के यवन जिले के शोलार-ए-पायन गांव में सोमवार को भूस्खलन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय प्रशासनिक अधिकारी मावलवी मोहम्मद अकरम अकबरी ने मंगलवार को दी। इससे पहले 2014 में मुल्क के उत्तरी प्रांत बड़ख्शां में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में करीब 2,000 लोगों की जान चली गई थी। यह त्रासदी बड़ख्शां प्रांत की राजधानी फैजाबाद से करीब चार घंटे की सड़क मार्ग से दूरी पर अरगु जिले के आब बरीक गांव में एक पहाड़ी के धसक जाने से हुई थी। दो साल पहले अफगानिस्तान के मध्य डेकुंडी प्रांत में हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के 21 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में 50 घर क्षतिग्रस्त हो गए थे।

### बार्सिलोना में मालगाड़ी और यात्री ट्रेन की टक्कर

बार्सिलोना। बार्सिलोना के सां बोई लोब्रेजा स्टेशन पर एक मालगाड़ी और एक यात्री ट्रेन की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 85 घायल हो गए। रेल अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। नागरिक सुरक्षा और आपात स्थिति महानिदेशालय के अनुसार, दुर्घटना शाम करीब छह बजे हुई। रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को जब पोटाश ले जा रही मालगाड़ी स्टेशन के प्रवेश द्वार पर पटरी से उतर गई तभी उसी समय एक यात्रियों की ट्रेन आ रही थी तो दोनों की टक्कर हो गई। स्थानीय प्रशासन ने एक बयान में कहा कि जो यात्री ट्रेन के चालक की मौत हो गई है। दुर्घटना में घायल हुए 9 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मस्क ने 44 अरब डॉलर से कम कीमत में ट्विटर खरीदने के दिए संकेत

**डेट्रॉयट (अमेरिका), एजेंसी**



टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने सोमवार को संकेत दिए कि वह माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर के अधिग्रहण के लिए 44 अरब डॉलर से कम राशि का भुगतान करना चाहेंगे। मस्क ने पिछले महीने साइट की खरीदारी के लिए 44 अरब डॉलर की पेशकेश की थी। ब्लूमबर्ग न्यूज की एक खबर के मुताबिक, मियामी में आयोजित एक टेक सम्मेलन में मस्क ने कहा कि ट्विटर के अधिग्रहण के संबंध में एक कम कीमत वाला व्यवहार्य समझौता संभव है। वेबसाइट ने एक ट्विटर यूजर द्वारा प्रसारित सम्मेलन के लाइव वीडियो के आधार पर यह रिपोर्ट प्रकाशित की है।

रिपोर्ट के अनुसार, ऑल इन समिट में मस्क ने अनुमान जताया कि ट्विटर पर मौजूद 22.9 करोड़ अकाउंट में से कम से कम 20 फीसदी अकाउंट स्पैम बोट द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। स्पैम बोट इंटरनेट पर मौजूद उन स्वचालित सॉफ्टवेयर को कहते हैं, जो उपयोगकताओं को बड़ी संख्या में स्पैम संदेश भेजते हैं या फिर ऑनलाइन मंचों पर बड़ी तादाद में स्पैम संदेश पोस्ट करते हैं। स्पैम संदेश का स्त्रोत इन्हें प्राप्त करने वाले लोगों को भी मालूम नहीं होता है। मस्क की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब उन्होंने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल के उन ट्वीट को लेकर उन पर निशाना साधा है, जिनमें कहा गया है कि ट्विटर ह्यस्पैम बोटह्ण से निपटने की कवायद में जुटा है और साइट पर मौजूद पांच फीसदी से भी कम अकाउंट फर्जी हैं।

कुल मिलाकर, सम्मेलन में मस्क द्वारा की गई टिप्पणियों से विश्लेषक अटकलें लगा रहे हैं कि टेस्ला के सीईओ या तो इस समझौते से पीछे हटना चाहते हैं या फिर कम कीमत में ट्विटर के अधिग्रहण की कवायद में जुटे हैं। उन्होंने इसके पीछे टेस्ला के शेयर की कीमतों में आई भारी गिरावट को जिम्मेदार ठहराया है, जिनमें से कुछ का इस्तेमाल मस्क ट्विटर के अधिग्रहण के लिए कोष जुटाने में करने वाले थे। मस्क ने 14 अप्रैल को ट्विटर को 54.20 डॉलर प्रति शेयर की कीमत पर खरीदने की पेशकश की थी। हालांकि, शुक्रवार को मस्क ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने ट्विटर के अधिग्रहण की योजना अस्थाई रूप से टाल दी है, क्योंकि वह साइट पर मौजूद फर्जी अकाउंट की संख्या आंकने की कोशिशों में जुटे हैं।

## क्यूबा में अपनी हवाई सेवा का विस्तार करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने सोमवार को घोषणा की कि वह न सिर्फ क्यूबा में अपनी हवाई सेवा का विस्तार करेगा, बल्कि प्रवासियों द्वारा स्वदेश भेजी जाने वाली रकम पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में लगाए गए प्रतिबंधों को भी हटाएगा।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि बाइडन प्रशासन मौजूदा 1,000 डॉलर प्रति-तिमाही के पारिवारिक भत्ते की सीमा हटाएगा और गैर-पारिवारिक भत्ता योजना शुरू करेगा, जिससे क्यूबा के निजी व्यवसायियों को मदद मिलेगी। बयान के मुताबिक, अमेरिका ने क्यूबा में राजधानी हवाना से इतर अन्य क्षेत्रों के लिए भी यात्री एवं चार्टर विमान सेवाएं शुरू करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, इन कदमों के जरिये हमारा उद्देश्य आजादी और अधिक आर्थिक अवसरों के लिए क्यूबा के लोगों की आकांक्षाओं का समर्थन करना है, ताकि वे अपने देश में एक सफल जीवन जी सकें। मंत्रालय के अनुसार, हम क्यूबा सरकार से राजनीतिक कैदियों को तुरंत रिहा करने, क्यूबा के लोगों के मौलिक अधिकारों का सम्मान करने और उन्हें अपना भविष्य निर्धारित करने की आजादी देने का आह्वान करना जारी रखेंगे। अमेरिका ने द्वीप पर पिछले साल जुलाई में व्यापक विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर की गई एक समीक्षा के बाद अपनी नीति में बदलाव किया है।

## फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो की सदस्यता मांगी, तुर्की को ऐतराज

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**



तुर्की ने स्वीडन और फिनलैंड के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल किए जाने के आग्रह का विरोध किया है। स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन ने सोमवार को घोषणा की कि यूक्रेन पर रूस के हमले के मद्देनजर स्वीडन भी फिनलैंड की तरह नाटो की सदस्यता की गुजारिश करेगा। तुर्की खुद नाटो का अहम सदस्य है और उसका कहना है कि इन दोनों देशों को नाटो में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने कुर्दिश उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में बहुत उदासीनता दिखाई थी। बता दें कि कोई भी देश नाटो में तभी शामिल हो सकता है जब सभी मौजूदा सदस्य सहमत हों।

तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने सोमवार को स्वीडन और फिनलैंड के नाटो में शामिल किए जाने के आग्रह पर आपत्ति जताते हुए दोनों देशों पर आरोप लगाया कि उन्होंने कुर्दिश उग्रवादियों और अन्य उन समूहों पर स्पष्ट रूख अख्तियार नहीं किया जिन्हें तुर्की आतंकवादी मानता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने तुर्की पर सैन्य प्रतिबंध लगाए। एर्दोआन ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों देशों ने तुर्की में वांछित आतंकवादियों को प्रत्यर्पित करने से भी इनकार किया है। उन्होंने कहा, हम उनके लिए हां नहीं कह सकते हैं जिन्होंने नाटो में शामिल होने पर तुर्की पर प्रतिबंध लगाए हैं।

स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन ने राजधानी में सांसदों को संबोधित करते हुए इसे अपने देश की सुरक्षा नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव करार दिया। उन्होंने कहा, हम नाटो को सूचित करेंगे कि हम गठबंधन का सदस्य बनना चाहते हैं। स्वीडन को औपचारिक सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता है जो नाटो में सदस्यता के साथ आती है। यह ऐतिहासिक बदलाव, इस नॉर्डिक देश (स्वीडन) में 200 से अधिक वर्षों के सैन्य गुटनिरपेक्षता के बाद आया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि रूस को नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन करने वाले स्वीडन या फि नलैंड से ह्यह्यकोई दिक्कत नहीं है लेकिन देशों में किसी भी सैन्य विस्तार पर उसकी प्रतिक्रिया आएगी।

## यूक्रेन ने इस्पात संयंत्र में फंसे सैनिकों को बचाने का कार्य पूरा

**कीव, एजेंसी**



● यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा लोगों को घर लाने का काम जारी है

यूक्रेन में तबाह कर दिये गये बंदरगाह शहर मारियुपोल में यूक्रेनी लड़ाकों ने एक इस्पात संयंत्र का डटकर बचाव किया और अपना लक्ष्य हासिल किया एवं अब वहां से एक एक रक्षक बचाकर लाने का प्रयास जारी है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के उप रक्षा मंत्री ने कहा कि 260 से अधिक सैनिकों को सोमवार को हल्किंग अजोवस्तल संयंत्र से निकाला गया जिनमें कई गंभीर रूप से घायल थे। अधिकारियों ने अज्ञात संख्या में सेनानियों को बचाने की कोशिश जारी रखने की योजना बनाई जो पीछे रह गए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा लोगों को घर लाने का काम जारी है, और इसके लिए संवेदनशीलता और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुछ रक्षकों की निकासी तब हुई जब मॉस्को को युद्ध में एक और राजनयिक झटका लगा। स्वीडन के नाटो की सदस्यता लेने का फैसला करने में फिनलैंड शामिल हो गया।

यूक्रेन की उप रक्षा मंत्री हन्ना मलियर ने कहा कि गंभीर रूप से घायल 53 सैनिकों को अजोवस्तल संयंत्र से मारियुपोल के पूरब में नोवोअजोवस्क के एक अस्पताल में ले जाया गया। एक मानवीय गलियारे के माध्यम से अतिरिक्त 211 सैनिकों को ओलेनिव्का के लिए निकाला गया। उन्होंने कहा कि उनकी घर वापसी के लिए एक

## समलैंगिक विवाह मामले की सुनवाई के सीधे प्रसारण की मांग का केंद्र सरकार ने किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने समान लिंग वाले जोड़ों की शादियों को कानून के मुताबिक लागू करने की मांग करने वाली याचिका की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने की मांग का विरोध किया है। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा है कि इससे न्याय प्रशासन का काम प्रभावित होगा। केंद्र सरकार ने कहा है कि इस मामले की सुनवाई का सीधा प्रसारण नहीं करने से न तो किसी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा और न ही यह कोई राष्ट्रीय महत्व का मसला है। केंद्र सरकार ने कहा है कि इस याचिका का कानून के मुताबिक फैसला किया जाना चाहिए।

30 नवंबर 2021 को कोर्ट ने सुनवाई का सीधा प्रसारण करने की मांग पर केंद्र को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने इस याचिका को भी इस मामले से जुड़े दूसरे मामलों के साथ टैग करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान वकील नीरज किशन कौल ने कहा था कि देश के करीब सात से आठ फीसदी लोग इस मामले की सुनवाई और फैसला देखना चाहते हैं। वे इस मामले में हाईकोर्ट का फैसला जानना चाहते हैं। एक याचिका अभिजीत अय्यर मित्रा ने दायर किया है। दूसरी याचिका डॉक्टर कविता अरोड़ा और अंकिता खन्ना ने दायर किया है। 14 अक्टूबर 2020 को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था। 14 अक्टूबर 2020 को सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा था कि पूर्वी दिल्ली के एसडीएम ने उनकी शादी की अनुमति नहीं दी।


## नॉर्थ ईस्ट में होगा सैल्यूट तिरंगा का विस्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




कल दिल्ली के रेल्वे गेस्ट हाउस में सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा से असम के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिन्हा ने मुलाकात किया, साथ में महामंत्री बिट्टू डालाय भी उपस्थित थे। लगभग 40 मिनट के गंभीर बैठक मे संघठन के विस्तार पर चर्चा किया गया। अनूप सिन्हा ने बताया के 2 महीने के अंदर असम के सभी जिलों मे अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। 26 जुलाई करगिल दिवस पर असम मे काफी संख्या मे राष्ट्रवादी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महामंत्री मे एक उत्तम अभी दिल्ली उपस्थित नहीं थे परंतु उनका सक्रिय जुडाव संघठन के प्रति रहता है ऐसा सिन्हा ने बटाया। असम के लोकप्रिय पटका एवं फूल के गुलदस्ते से असम अध्यक्ष और महामंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान किया और गुवाहाटी आने का निमंत्रण भी दिया जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वीकार किया। अनूप जी ने बताया जल्द ही मेघालय अध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है। त्रिपुरा ब्रज गोपाल सिन्हा सम्भाल रहे है।






















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129